वर्ष 19 | अंक 246 | पृष्ठ 12
देवघर
रविवार, 09 मार्च 2025
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ



पेज 12 : भारत न्यूजीलैंड को ...

www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com

खिताबी जंग | चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

## बल्ला बोलेगा या गेंदबाज चमकेंगे, फैसला आज

● रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलेगा भारत

**दुबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 9 मार्च को भारत का सामना दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने



2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है। रोहित शर्मा ने 2 टी-20 वर्ल्ड कप, 1 वनडे वर्ल्ड कप, 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 1 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी की। इन 5 टूर्नामेंट में भारत ने 30 मैच खेले, 26 जीते और महज 4 में टीम को हार मिली। हालांकि रोहित ने जो 4 मैच गंवाए, उनमें से 3 मुकाबले नॉकआउट स्टेज में रहे। इनमें भी 2 हार फाइनल में मिलीं। केवल 1 बार उन्हें एक ही टूर्नामेंट में 2 हार मिली, यह टूर्नामेंट 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप था। तब टीम को ग्रुप स्टेज में साउथ अफ्रीका और सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हरा दिया



था। आईसीसी के 4 टूर्नामेंट होते हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी। इनमें भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी हैं। जिन्होंने टीम को 69 फीसदी मैच जितवाए हैं।

## एमपी में धर्मांतरण कराने वालों को होगी फांसी की सजा

**भोपाल (एजेंसी)।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान करने जा रहे हैं। ऐसे दुष्कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्यक्रम में उन्होंने 1.27 करोड़ महिलाओं के खाते में लाड़ली बहना योजना के 1250 रुपए ट्रांसफर किए। सिंगल क्लिक में मार्च 2025 की लगभग 1552.73 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की



गई है। उज्ज्वला योजना की गैस कनेक्शनधारक महिलाओं के खाते में डीबीटी के जरिए भी राशि ट्रांसफर की गई। इस दौरान सीएम की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की कमान महिला अधिकारियों के हाथों सौंपी गई। सीएम ने महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता और साहसिक कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, निर्मला भूरिया, सांसद आलोक शर्मा और विधायक भगवान दास सबनानी भी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री बोले**
ऐसे दुष्कर्मियों को अब बख्शा नहीं जाएगा

## फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन भड़की हिंसा

कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोकीं, सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया, आंसूगैस छोड़े



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में शनिवार को फिर से जिंदगी की गाड़ी पटरी पर लौटने की कोशिश शुरू हुई। सुरक्षा बलों की निगरानी में आम लोगों की बसें अलग-अलग जिलों में चलने लगीं। लेकिन कुकी जनजाति के लोग अभी भी इसके खिलाफ हैं। वो चाहते हैं कि जब तक उन्हें अलग राज्य ना मिल जाए, तब तक आवाजाही पूरी तरह से ना खुले। राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने सड़क पर लगे अवरोध हटाए। इस दौरान माइन-प्रूफ गाड़ियां सबसे आगे थीं। कुछ कुकी महिलाओं ने हाईवे जाम करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई महिलाएं घायल हो गईं। बता दें कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि आज से राज्य में कहीं भी सड़क जाम नहीं होने दिया जाएगा। मणिपुर के कई कुकी बहुल इलाकों में



झड़पें हुईं। स्थानीय लोगों ने वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें प्रदर्शनकारी गाड़ियों पर पत्थर फेंकते, सड़कें खोदते, टायर जलाते और बैरिकेड लगाते नजर आ रहे हैं। कुछ लोग सुरक्षाबलों को गालियां दे रहे थे और उन्हें वापस जाने के लिए कह रहे थे। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच मई 2023 से ही झड़पें हो रही हैं। मैतेई समुदाय घाटी में रहता है, जबकि कुकी जनजाति के लोग पहाड़ी इलाकों में रहते हैं। जमीन के अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे कई मुद्दों पर दोनों समुदायों के बीच टकराव चल रहा है। इस हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और लगभग 50,000 लोग बेघर हो गए हैं। कुकी नेताओं, लगभग दो दर्जन उग्रवादी समूहों (जिन्होंने ऑपरेशन स्थगन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं) और उनके नागरिक संगठनों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मणिपुर में लोगों की आवाजाही पूरी तरह से खोलने से पहले उन्हें एक अलग प्रशासन दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने 'बाहा पर्व' पर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

## आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षित करने हेतु सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



**रांची/जमशेदपुर (एप्र)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज प्रकृति उपासना का महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर, कदमा के शास्त्रीनगर स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने हेतु सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक संरक्षण के साथ-साथ बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित मजबूती प्रदान की जा रही है। आज आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता व संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं। इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद श्रीमती जोबा मांझी, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक श्रीमती सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम के अलावे माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

**राज्यवासियों की सुख समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की**

## केंद्रीय राज्यमंत्री बिट्टू समेत 3 नेताओं पर चार्जशीट

**लुधियाना (एजेंसी)।** केन्द्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु और पूर्व विधायक संजय तलवाड़ के खिलाफ लुधियाना पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला 27 फरवरी 2024 को निगम के जोन-ए कार्यालय में हुए हंगामे से जुड़ा है। चार्जशीट आरोपियों की गैरमौजूदगी में दायर की गई है। इसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट जुगराज सिंह ने सभी आरोपियों को 17 मार्च के लिए



**पेशी का आदेश**

नोटिस जारी कर कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। इस केस में निगम जोन-ए कार्यालय के चौकीदार अमित कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया है। आईपीसी की धारा 186 (लोक सेवक के कार्य में बाधा) और 353 (लोक सेवक को कर्तव्य पालन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल) के तहत आरोप लगाए गए है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 27 फरवरी 2024 को सांसद रवनीत सिंह बिट्टू,कांग्रेस नेताओं और वर्करों के साथ जोन-ए दफ्तर में विरोध प्रदर्शन किया था। प्रोटेस्ट के दौरान कांग्रेस नेताओं की पुलिस के साथ झड़प हुई थी। नेताओं ने गेट पर ताला लगा दिया था।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल्पना सोरेन ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

## महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का बनेगा आधार : कल्पना



**रांची (एप्र)।** विधायक कल्पना सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विभिन्न समूहों से पहुंची महिलाओं ने मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ने राज्य की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन से मिलने पहुंची। महिलाओं ने उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अपनी कुछ मांगों एवं भावनाओं से अवगत कराया।

● गुजरात के नवसारी में पीएम मोदी ने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से की बात, कहा

## मैं दुनिया में सबसे अमीर, मेरे खाते में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद

**नवसारी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी पहुंचे। खुली जीप में हेलीपैड से करीब 700 मीटर का रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे।
यहां उन्होंने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की। पीएम ने कहा- मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे पहले मुझे महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला है और आज मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला है। लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई



पीएम ने कहा- अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को सभी अधिकार मिल गए हैं। पहले वहां महिलाएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। पिछली सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं थी। हमने सरकार में आते ही सबसे पहले उन महिलाओं के लिए काम किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई। मातृत्व अवकाश 26 हफ्ते का किया पीएम ने कहा- चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या खेल का मैदान, महिलाएं देश के हर क्षेत्र में मौजूद हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिला मंत्री, 2019 में पहली बार हमारी संसद में 78 महिला सांसद चुनी गई हैं। कामकाजी महिलाओं को पहले सिर्फ 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था। हमारी सरकार ने इसे 26 हफ्ते कर दिया है। महिलाओं के श्रम से देश का विकास हुआ पीएम ने कहा- आज के कार्यक्रम की सारी जिम्मेदारी महिलाओं ने अपने ऊपर ली। यह महिलाओं के ऊंचे आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत महिला नेतृत्व का एक महान उदाहरण है।

नाराजगी | गुजरात में अपने ही नेताओं पर बुरी तरह भड़के राहुल गांधी, खूब सुनाया

## 30-40 लोगों को निकाल दो, आधे तो बीजेपी के साथ मिले

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दौरान उनका गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया है। राहुल ने यहां तक कह दिया है कि 30 से 40 लोगों को निकालना पड़ेगा तो निकाल दो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है।

तकरीबन पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं। जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी। जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, उसी दिन गुजरात के सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे देंगे। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके, उन्होंने बोला कि इस समय



कांग्रेस दो गुटों में बंट चुकी है। एक गुट पार्टी के साथ खड़ा है, उसमें कांग्रेस की विचारधारा है, लेकिन जो दूसरा गुट है वो जनता से दूर है, वहां भी आधे लोग तो बीजेपी से मिले हुए हैं। जब तक इन लोगों को अलग नहीं कर देते, गुजरात की जनता हम पर विश्वास नहीं करने वाली है। राहुल गांधी यह भी मानते हैं कि गुजरात की कांग्रेस इस समय रेस का घोड़ा नहीं है बल्कि वो बारात का घोड़ा बनकर रह गई है, इसी वजह जनता उनका भरोसा नहीं कर पा रही। वैसे राहुल गांधी का ऐसा इसलिए बोलना पड़ा है क्योंकि पिछले कई विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव की बात करें तो बीजेपी ने 156 सीटें जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, वहीं कांग्रेस ने सबसे खराब करते हुए मात्र 17 सीटें जीती थीं। इसके ऊपर कई नेताओं का पार्टी छोड़ देना भी कांग्रेस को राज्य में कमजोर कर गया है। ऐसे में अब राहुल गांधी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि गुजरात कांग्रेस को फिर एकजुट किया जाए। वैसे अगर गुजरात में राहुल गरजे हैं तो पीएम मोदी ने भी नवसारी ने महिला शक्ति को सम्मानित किया है।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**रामगढ़(एप्र)।** प्रखंड के मजडीहा गांव में जन साहस संस्था की ओर से धूमधाम से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गयो जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लियो संस्था की जे एस एफ तारामणि मरांडी ने महिलाओं के साथ होने वाली घटना के बारे में बतायो संस्था के जिला समन्वयक स्नेहाशीष सोरेन ने अपना व्यक्तव रखा। फील्ड ऑफिसर मेनेजर सोरेन व प्रेम मोहली ने आज के दिनों में होने वाली घटना जैसे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, आज भी महिला का साक्षरता दर कम होना आदि के बारे में बताते हुए कहा कि महिला को आगे बढ़ना है और सशक्त बनना है जिस प्रकार आज के दिन भारत की सर्वोच्च पद पर महिला महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु है मौके पर संस्था की ओर से महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर रेस, नाच गान का आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम स्थान मुनि टुडू द्वितीय स्थान तालकों हेंब्रम व तृतीय स्थान सुशीला सोरेन ने प्राप्त किया। आयोजन में जन साहस संस्था के फील्ड ऑफिसर मेनेजर सोरेन, प्रेम मोहली जे एस एफ तारामणि मरांडी जिला समन्वयक स्नेहाशीष सोरेन जनसाथी इनोसेंट टुडू, सोमेन सोरेन, स्वयं सहायता समूह शार्जोम बहा आजीविका सखी मंडल, बेली बहा आजीविका सखी मंडल, हुडिञ बहा आजीविका सखी मंडल उपमुखिया मिनी मार्टिना सोरेन ग्रामीण मीनू मनिता सोरेन, बसंती सोरेन सुशीला टुडू, जुथिका किस्कू, सुहागिनी मरांडी, रेखामुनि हांसदा, मटरू टुडू, सुषमा हांसदा ने भाग लिया।

### असलम मंसूरी व राजकुमार महतो ने नए थानेदार का किया स्वागत

**लोयाबाद(एप्र)।** लोयाबाद चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला महासचिव और मुस्लिम कमेटी के महामंत्री ने शनिवार को नए थानेदार पिकू प्रसाद का स्वागत किया। इस मौके पर चेम्बर के अध्यक्ष राजकुमार महतो और मुस्लिम कमेटी के महामंत्री असलम मंसूरी ने थानेदार को गुलदस्ता भेंट किया और क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता जैसे असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, मुकेश साव आदि भी उपस्थित थे।

### जिला टॉपर छात्रा मुस्कान चौरसिया को डीसी ने किया सम्मानित

**राजगंज(एप्र)।** इंटर की परीक्षा में जिला टॉपर रही राजगंज इंटर कॉलेज की छात्रा मुस्कान कुमारी चौरसिया को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को धनबाद टाऊन हॉल में उपायुक्त कुमारी माध्वी मिश्रा ने सम्मानित किया।मुस्कान की इस सफलता पर इनके परिजनों,कॉलेज परिवार के साथ साथ क्षेत्र में खुशी की लहर है।इस दौरान मुस्कान ने कहा कि पढ़ लिख कर गरीबो के साथ साथ देश की सेवा करना चाहती हूँ।इसकी सफलता पर भाजपा नेता विकास महतो,नीलकंठ रवानी,समाजिक कार्यकर्ता नवनीत मित्तल,अजय राम माहुरी,सुनील साव आदि ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य का कामना किया।

### सीआईएसएफ और पुलिस ने की अवैध कोयला मुहानों की भराई

**लोयाबाद(एप्र)।** जोगता थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआईएसएफ ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। सीआईएसएफ के जवानों ने तेतुलमुड़ी 6/10 बस्ती में छापेमारी कर अवैध कोयला निकालने के लिए बनाए गए मुहाने को भर दिया और वहां से बड़ी मात्रा में कोयला बरामद किया। इस कार्रवाई के बाद अवैध कोयला कारोबार में शामिल लोगों में हंगामा मच गया। सीआईएसएफ ने बस्ती में चल रही अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने का आश्वासन दिया और आगे भी अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है। यह कार्रवाई पुलिस और सीआईएसएफ के संयुक्त प्रयास से की गई है, जिससे जोगता पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार को रोकने की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाया है। भौर क्षेत्र के निवासियों ने इस कदम के लिए सीआईएसएफ और पुलिस की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा का आयोजन

**भूली(एप्र)।** भूली ई ब्लॉक सेक्टर पांच में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीता राणा के आवासीय कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत सीता राणा ने केक काटकर किया। इस अवसर पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। उन्होंने ने कहा कि महिला सम्मान के लिए संगठनात्मक मजबूती जरूरी है। जब तक हम महिलाएं अपने अधिकार के लिए आवाज नहीं उठाती हमे हमारा हक नहीं मिलेगा। रूस में पहली बार महिलाओं ने रोटी और सम्मान रक्षा के लिए आवाज उठाई। जिसके बाद ही पूरे विश्व में महिला सम्मान को लेकर चर्चा शुरू हुई और आगे चलकर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया गया। वर्तमान दौर में जरूरत है कि महिलाएं अपने हक और अधिकार के लिए संगठित हों। वहीं पुनम देवी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कामकाजी महिलाओं के लिए मनाया जाता है। यहां भी महिला सुरक्षा और उनके अधिकार के संरक्षण का ही सवाल है। समाज में महिलाओं को स्थिति सुधारने को लेकर शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देकर महिलाओं को संबल प्रदान किया जा सकता है । मौके पर पुनम देवी, सुनीता निषाद, जानकी देवी, अजमेरी खातून, कौशल्या देवी, कविता धीवर, सविता देवी, कुंती देवी, पंचा देवी, सुमा देवी, नंदनी देवी नूतन झा, रेखा देवी , आशा देवी, रीना देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिमा पांडेय , नीला देवी, हीरा देवी आदि मौजूद थी।

### फरार अपराधी गिरफ्तार

**लोयाबाद(एप्र)।** केंदुआडीह पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी करते हुए रणधीर वर्मा चौक, धनबाद के पास से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अपराधी में नीतीश कुमार यादव (पिता - उमेश यादव) और मनीष कुमार यादव उर्फ डाबला (पिता - जोगी यादव), दोनों केंदुआ खटाल 04 नं. थाना केन्दुआडीह, जिला धनबाद के निवासी हैं। नीतीश कुमार पर केंदुआडीह थाना के मामले संख्या 96/24, 80/23 और पुटकी थाना के मामले संख्या 23/24, 24/24 में आरोप हैं, जबकि मनीष यादव उर्फ डाबला भी केंदुआडीह और पुटकी थाना के मामलों में नामजद अभियुक्त है। दोनों अपराधी काफी समय से फरार थे और धनबाद न्यायालय परिसर में बेल कराने के प्रयास में बैठे थे, तभी पुलिस को गुप्त सूचना मिली। तत्पश्चात, एक टीम बनाई गई जो न्यायालय परिसर पहुंची और छापेमारी करके दोनों को पकड़ लिया। छापामारी का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने किया, जिसमें अवर निरीक्षक धीरज कुमार मिश्रा, सअनि नवल किशोर सिंह, रविरंजन कुमार, जनक देव सिंह और अंगरक्षक हवलदार निताई चंद्र महथा भी शामिल थे।

झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# गृह रक्षा वाहिनी संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग : हेमंत सोरेन

**रांची(एप्र)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।



#### जीवन में खेलकूद की बहुत अहमियत

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसा प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है।

खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

#### विजेता एवं उपविजेता टीमों के प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 24 बोतल बियर के साथ एक गिरफ्तार




**रांची(एप्र)।** आरपीएफ के मंडल कमाडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन सर्तक के तहत शुक्रवर की शाम छह बजे हटिया रेलवे स्टेशन के एफओबी के पास काले रंग के पिट्ठु के साथ एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में खड़ा देखा गया। जिसे रोक कर उसकी बैग की जांच करने पर 24 बोतल बियर बरामद किया गया,उसके बाद उसे आरपीएफ के पदाधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी आशिष रंजन मूल रुप से बिहार के खेमनिचक का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि वह जब्त शराब की बोतलों को रांची खरीद कर पटना ले जा रहा था, उसने बतया कि इसे वह महंगे दामों बिक्री करता लेकिन वह पकड़ा गया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार अरोपी आशिष रंजन को उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया गया।

### मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के हितों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि : दीपिका

**रांची(एप्र)।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस )एवं इंटरनल कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आर यू के डी एस डब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू की अध्यक्षता में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुब्बारे को आकाश में उड़ाकर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, विशिष्ट अतिथि सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग , भारत सरकार डॉ आशा लकड़ा, सम्मानित अतिथि श्रीमती निशा उरांव, डॉ पूनम कुमारी, पद्मश्री चामी मुर्मू, डॉ शशि बाला सिंह, डॉ रोज उरांव, श्रीमती गार्गी मलकानी, सुश्री श्रेयसी मिश्रा, सुश्री मधुमिता ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा कि झारखण्ड सरकार की महिलाओं के सम्मान के लिए शुरू किए गए मैया सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक उत्थान में मिल का पत्थर है।उन्होंने कहा कि आज के समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों और प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाली महिलाओं के साथ मंच साझा करना मेरे लिए सुखद अनुभूति है। समारोह की विशिष्ट अतिथि डॉ आशा लकड़ा ने कहा नारी निष्ठा, नीति, निर्णय, नेतृत्व और प्रतिष्ठा की स्त्रोत ,पोषक और संरक्षक है।उन्होंने कहा कि नारी से भेदभाव का अर्थ उपरोक्त उत्कृष्ट मानवीय गुणों को हाशिएं पर रखने के समान है। सम्मानित अतिथि श्रीमती निशा उरांव ने कहा सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका दिख रही है और इसके लिए और भी प्रयास किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद का आयोजन

**रामगढ़(एप्र)।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के पथरिया फुटबाल मैदान में खेलकूद का आयोजन किया, कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के सचिव श्री मति मुन्नी हेंब्रम ने किया इस मौके पर महिला को आत्मनिर्भर कैसे बने इस बारे में महिलाओं को बताई यह दुनिया भर की सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए कार्रवाई का एक साहसिक आह्वान है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उठने और कार्रवाई की मांग करने और दुनिया को सभी के लिए समान और बेहतर बनाने के लिए बीजिंग घोषणा और कार्रवाई के लिए मंच को पूरा करने का अवसर है। आगे इसके इतिहास को बताते हुए कहा कि रूस में 1917 की क्रांति के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। उन्होंने युद्ध के खिलाफ आवाज उठाई और बेहतर अधिकारों की मांग की।



महिलाओं के इस आंदोलन ने वहां की सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया, और उन्हें वोटिंग का अधिकार मिला। यह प्रदर्शन 8 मार्च को हुआ था, इसलिए इस तारीख को महिला दिवस के रूप में चुना गया। इस वर्ष महिला दिवस के थीम को बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (क्हऊ) महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए 8 मार्च को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। 2025 में, थीम ₹ कार्रवाई में तेजी लाना ₹ है, जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति में तेजी लाने की जरूरत पर जोर देती है। आगे किशोरियों के साथ वार्षिक खेलकूद में फुटबॉल खेल कराया गया जिसका उद्देश्य जेंडर की समानता को बढ़ावा देना, जिसमें कुल आठ टीम ने हिस्सा लिया कार्यक्रम की शुरूआत दो टीम अमरापहाडी एवम गोविंदपर के बिच लीग मैच को बीच मैदान में पथरिया पंचायत की मुखिया फुलमुनी कोलिन एवम संस्था सचिव श्री मति मुन्नी हेंब्रम जी ने दोनो टीम का हाथ मिलाकर अभिवादन परिचय कर उनके बीच बॉल को उपर उछाल कर किया गया। फाइनल मुकाबले में सबैदुमा ने जवारी को हराया। विजेता टीम सबाईदुमा को विजेता एवम जवारी उप विजेता घोषित किया। दोनों टीमों को पथरिया पंचायत की मुखिया फुलमुनी कोलिन एवम संस्था सचिव श्री मति मुन्नी हेंब्रम जी ने पुरस्कार का वितरण किया।इसके साथ साथ छोट खेल को भी महिलाओं के बीच कराए गए जिसमें कुर्सी रेस, सुई धागा रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, हंडी फोड़, गुब्बारा फोड़ आयोजन किया गया सभी विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया,इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता हेंब्रम, निर्मला हंसदा, सावित्री किस्कू, ज्योति हंसदा, शीला सोरेन, नन्दलाल मंडल, रसिक हेंब्रम, संदीप मंडी, शमशेर अंसारी, तपन कुमार, पकलुमुनि, मंजू , ईश्वरमुनी टुडू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### नेशनल लोक अदालत में 1 अरब 38 करोड़ के लगभग की हुई रिकवरी

**धनबाद(एप्र)।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 25 के पहले नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त सह डालसा के भाईस चेयरमैन माधवी मिश्रा ने किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने कहा कि। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है । सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोगों में प्रेम, शांति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है।

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। कुल एक अरब 38 करोड़ 26 लाख 49 हजार 932 रुपए की रिकवरी भी की गई।

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, रजनीकांतपाठक, कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज आइ जेड खान, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, ऋषि कुमार, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट आफिसर आरएन ठाकुर, स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर निर्मल कुमार, डिप्टी जीएम विकास रंजन पटनायक बैंक ऑफ इण्डिया पवन कुमार भारती डिप्टी जोनल हेड यूको बैंक , कंज्यूमर फोरम की सदस्या शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### महिलाओं ने जमकर खेली फूलों की होली

**भूली।** स्टार आफ भूली (महिला विंग) व सदभावना समाजिक संस्था द्वारा भूली के शिवपुरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और फगुआ उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चुनाव आयोग के ब्रांड एम्बेसडर सुनैना किन्नर,विशिष्ट अतिथि मंजीत सिंह,समाजसेवी मुकेश लाल यादव,नव संकल्प मंच के अध्यक्ष पंकज सिंह ने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। छोटी बच्चियों द्वारा नृत्य भी किया गया। सभी सदस्यों ने फगुआ उत्सव कार्यक्रम में नृत्य कर फूलों की होली खेली और एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। ड्रेस कोड के अनुसार सभी लोग होली मनाने लाल वस्त्रों में पहुंचे। इस दौरान सभी ने होली के भजन व गीतों पर झूमते हुए फूलों की होली खेली। कार्यक्रम का संचालन रंजीत कुमार व धन्यवाद ज्ञापन दीपक महतो ने किया। मौके पर डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा, अशोक गुप्ता,दीपक महतो,आभा कैथरीन तिर्की, रीना देवी,सुधा सिंह,सुष्मा देवी, पिंकी देवी, आशा देवी,सोनी साहू,मधुमती सिंह आदि मौजूद थे।

### चाहरदीवारी बाउंड्रीवाल जमीन मामले में पहले पक्ष के रैयतों के दावों का किया विरोध

**बाघमारा(एप्र)।** दरिदा मौजा के अंतर्गत चाहरदीवारी बाउंड्रीवाल के जमीन का विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को दूसरे पक्ष के रैयतों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पहले पक्ष के रैयतों के दावों का विरोध किया। उनका कहना है कि पहले पक्ष के लोग खुद को रैयत बताकर सरकारी जमीन पर अपना दावा कर रहे हैं, और यह प्रक्रिया पूरी तरह से प्रशासन को गुमराह करने एवं धोखा देने का प्रयास है। यह सब एक खास व्यक्ति द्वारा की गई साजिश है। प्रशासन को इसकी जांच करनी चाहिए। दरिदा मौजा 120 के अंतर्गत इस बाउंड्री में लगभग 150 एकड़ जमीन है, जिसमें समस्त रैयतों का 100 एकड़ से कम नहीं होगा, तथा 16 एकड़ सरकारी जमीन भी है। इस जमीन पर सरकारी बोर्ड भी था, जिसे किसी ने हटा दिया। एक रैयत ने बताया



कि उसके पास खातों के माध्यम से जमीन है, लेकिन सारी जमीन चारदीवारी के अंदर घेर ली गई है और सरकारी रास्ता भी बंद कर दिया गया है। इस भूमि पर पहले खेती की जाती थी, लेकिन अब यह बंजर बन गया है। आरोप लगाया गया है कि यह सब सांसद के इशारे पर हो रहा है। सभी रैयतों ने अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए आंदोलन किया है, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। अब वे राज्य सरकार से इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग करेंगे। प्रशासन को अविलंब उन लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए जो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीण रैयतों ने बताया कि विधायक सरयू राय ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी जमीन के दस्तावेजों की नकल ली थी। विधायक के द्वारा विधानसभा में उठाए गए सवाल का गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने लोग दरिदा मौजा की विवादित जमीन की मापी शुरू कर दी है, लेकिन कुछ रैयत प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मौके पर बलराम महतो, अमित महतो, सदानंद राय, बैजू राय, मोती राय, बासु राय, सतेन्द्र महतो, कालीचरण राय, अजय कुमार राय, सनोज राय, मुईन अंसारी,उमा देवी, पुतुल देवी, ललिता देवी, चंपा देवी, कुंती देवी, सहदेव हेंब्रम आदि मौजूद थे।

### मां हॉस्पिटल के सेंटर और यूएसजी मशीन को किया सील

**धनबाद(एप्र)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर स्तिथ माँ हॉस्पिटल के माँ डाइग्नोस्टिक सेन्टर में औचक निरीक्षण किया गया।जांच के दौरान पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा माँ डाइग्नोस्टिक के अल्ट्रा साउंड सेन्टर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो कि पीसी एंड पीएनडीटी के नियम का उलंघन है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं उपायुक्त द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा उस सेंटर और यूएसजी ( वरञ्) मशीन को सील कर दिया गया।उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से नीता सिन्हा मौजूद थें।

# बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने में उनके हौसले को दें उड़ान: डीसी

धनबाद(एप्र)। बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए हर माता-पिता को उनके हौसले को उड़ान देनी चाहिए। समाज में यह गलत धारणा है कि बेटा ही परिवार का सहयोग करेंगे। जबकि वर्तमान परिस्थितियों में देखा गया है कि बेटियां अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। मुसीबत में माता पिता और परिवार का सहारा बन रही है।उक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण शाखा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि




कही।उपायुक्त ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति इस सोच में परिवर्तन लाना है। माता-पिता अपनी बेटियों को उचित मार्गदर्शन दें। आगे बढ़ने के लिए सहयोग करें। उन्हें अच्छी शिक्षा दें। शिक्षा ही बेटियों को इस दुष्चक्र से बाहर निकालेगी। उपायुक्त ने सभी बेटियों को जीवन में अपना लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत करने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।उपायुक्त ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी तो वे आत्मनिर्भर बनेगी। परिवार और समाज में उनकी कद्र होगी।समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने को कभी कमजोर नहीं समझे।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत स्वयं अपने घर से करें। बेटियों को मजबूत बनाएं। बेटियों के माध्यम से अपने अधूरे सपने पूरा करें।इस अवसर पर सिटी एसपी अजीत कुमार ने महिलाओं को निडर बनने, आत्मविश्वास बढ़ाने, अपनी शक्ति को पहचानने और वैचारिक रूप से श्रेष्ठ समझने का आह्वान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त, सिटी एसपी, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अतिथियों को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में समर्पित कला मंच के कलाकारों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बहुत ही मार्मिक नाटक पेश किया। निर्देशक हारून रशीद के निर्देशन में एसएम मेहंदी, सेराज खान, रेशमा बानो, सुनीला कुमारी, मो अफरीदी, सना परवीन, मो शाहिद व पंकज मिश्रा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। वहीं 16 सेविका एवं 15 महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया। मैट्रिक और इंटर परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाली 6 टॉपर बालिका को सम्मानित किया गया। 6 नवजात शिशुओं की माताओं के बीच पालना का वितरण किया गया। 4 शिशुओं को अन्नप्रासन कराया गया। 4 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। एक होनहार खिलाड़ी को खेल किट दी गई। समारोह में जिला परिषद की उपाध्यक्ष सरिता देवी,अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, महिला थाना धनबाद की प्रभारी मीनू कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, अधिवक्ता लोपा मुद्रा, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में सीडीपीओ, सेविका, महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

## एक नजर

### तिलक सेवा समिति ने मनाया होली मिलन समारोह

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आज तिलक सेवा समिति देवघर के बैनर तले हर साल की भांति इस साल भी भव्य कवि सम्मेलन सह होली मिलन समारोह



का आयोजन किया जिस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं कवियों ने भी होली पर आधारित कविता पाठ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान जिला जज श्री चंद्र शेखर पांडेय जी को मूर्खाधिराज और विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करने वाले समाज सेवी अवधेश कुमार प्रजापति को मूर्खाधिपति की उपाधि दी गई साथ ही आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कवित्री सोनम झा जी को बुके और अंग वस्त्र प्रदान किया गया मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने कहा कि आज एक महिला को समिति सम्मान देकर खुद गौरवान्वित महसूस कर रही है उपस्थित लोगों में समिति के महासचिव डॉक्टर विक्रम कुमार कोश अध्यक्ष राजेश कुमार शाही समाज सेवी अविनाश महतो सुनील कुमार शिवशंकर सिंह टुनटुन सिन्हा नू ईश्वर यादव कवि गणेश उमर वीरेश वर्मा जलेश्वर ठाकुर अशोक पांडे कपिलदेव राणा के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मधुपुर नप ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**मधुपुर (निस)।** शनिवार को मधुपुर नगर परिषद सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू ने केक काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित महिलाओं के बीच संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि महिला हमारे समाज की जननी है और एक समाज और देश का निर्माण बिना महिलाओं के संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित नगर मिशन प्रबंधक विजय कुमार ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की अभिन्न अंग है एवं दुनिया के सभी क्षेत्रों में महिलाएं अव्वल साबित हो रही हैं। कार्यक्रम के आयोजन में सारथी सोसायटी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सारथी सोसायटी के सचिव अमित जायसवाल ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम लोग मधुपुर नगर परिषद के साथ मिलकर महिलाओं के उन्नति के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। महिलाओं की कदम से कदम मिलाकर उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में रीना गुप्ता, सूरज कुमार, अफसरी , माधुरी कुमारी, बेली कुमारी सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

### बांक पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**मोहनपुर (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बांक पंचायत भवन परिसर में एकदिवसीय प्रशिक्षण व उन्मुखीकरण महिला सम्मेलन आयोजित किया



गया। इस कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। वही अध्यक्ष किरण कुमारी ने कहा कि महिलाओं को 181 अभियान हेल्पलाइन के माध्यम से महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी होगी महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों में भागीदारी अधिक होनी चाहिए और पंचायत में महिलाओं को सशक्त एवं पंचायत के सभी विकास योजनाओं अधिक भागीदारी महिलाओं की होनी चाहिए। इस दौरान ग्राम पंचायत मुखिया बिंदु मंडल ने बताया कि मेरा पंचायत झारखंड राज्य में कुल 34 पंचायत का चयन महिला हितेषी पंचायत के लिए हुआ है जिसमें देवघर जिले के एकमात्र मोहनपुर प्रखंड के बांक पंचायत का चयन किया गया। जिसको लेकर झारखंड सरकार के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पंचायत भवन परिसर में आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड समन्वयक अशोक टुडू महिला सखी मंडल एवं पंचायत बहुत सारी महिलाएं उपस्थित रही।

### बाजला कॉलेज में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** रमा देवी बाजला महिला कॉलेज, देवघर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन सह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ सम्पन्न किया गया। समापन समारोह महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बौद्धिक सत्र द्वारा किया गया । प्राचार्या ने कहा कि शिविर न केवल सेवा और नेतृत्व कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में स्वयं सेविकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित कविता पाठ,नुक्कड़ नाटक, लघु नाटिका एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया । बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता स्वरूप डॉक्टर दिव्यांशु एवं डॉक्टर आलोक, कम्युनिटी एवं फैमिली मेडिसन विभाग, एम्स देवघर ने महिला स्वास्थ्य पर चर्चा किया। विशेष शिविर में भाग लेने वाली सभी स्वंय सेविकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया । यह शिविर एन एस एस (ठरर) इकाई-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी निमिषा रिचर्ड होरो एवं सलाहकार समिति के सदस्य ममता कुजूर,जेनिस इरी तिग्गा व शिखा सोनाली एक्का के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं स्वयं सेविकाएँ उपस्थित थीं ।

# सिविल सर्जन ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण




**मधुपुर (एप्र)।** शनिवार को जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर युगल किशोर चौधरी ने अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के क्रम में एक चिकित्सक सहित दो स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। फल स्वरुप सिविल सर्जन ने मौके पर ही अनुपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने का उपाधीक्षक को निर्देश दे दिया। सिविल सर्जन ने अनुमंडलीय अस्पताल में बने ब्लड स्टोरेज यूनिट का भी निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने कहा कि रक्त भंडारण इकाई का अनुज्ञप्ति नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल से प्राप्त है । पूर्व का ब्लड स्टोरेज मशीन खराब हो गया था उसका रिप्लेसमेंट हो गया है। उपायुक्त के स्तर से नए ब्लड स्टोरेज मशीन इंस्टॉल करा दिया गया है।अब मधुपुर के जरूरतमंद मरीजों को आसानी से ब्लड उपलब्ध हो सकेगा। सिविल सर्जन ने उपाधीक्षक को ब्लड स्टोरेज सेंटर का संचालन प्रारंभ करने के पूर्व सभी इक्विपमेंट का कैलिब्रेशन करने का निर्देश दिया। मौके पर उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने बताया कि भंडारण इकाई में 35 दिन तक रक्त को संग्रह कर रखा जा सकता है। जिस भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होगी वह डोनर के द्वारा रक्त उपलब्ध कराकर निशुल्क ब्लड ले सकते हैं। केवल थैलेसीमिया के मरीज को डोनर की आवश्यकता नहीं होगी । ब्लड देने वाले व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर निशुल्क ब्लड स्टोरेज यूनिट से 1 यूनिट ब्लड मिल जाएगा। अब मधुपुर के लोगों को आकस्मिक स्थिति में रक्त के लिए देवघर का दौर नहीं लगाना पड़ेगा। होली के पूर्व ब्लड स्टोरेज यूनिट को चालू कर दिया जाएगा । एक सवाल के जवाब में सिविल सर्जन ने कहा कि तंबाकू और गुटखा पर बैन लगने के बावजूद मधुपुर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिक्री की शिकायत मिली है ।जल्द ही टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल रखरखाव योजना के तहत चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने एमटीसी,इमरजेंसी, वार्ड सहित अस्पताल के विभिन्न विभाग का जायजा लिया, जिसमें कार्यों की प्रगति देख संतोष जताया। मौके पर डॉ सुनील मरांडी, डॉ नीलकमल समेत ऑन ड्यूटी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### संत मैरी स्कूल में मनाया गया महिला दिवस




**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आज संत मैरी हाई स्कूल, देवघर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मन की उड़ान युवा क्लब, जो नेहरू युवा केंद्र, देवघर से संबद्ध है, द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना था। विद्यालय की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, नाटक और गीत शामिल थे, जो समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके संघर्ष को दशार्ते थे। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या क्रिस्टिना मुर्मू ने कहा कि आज की लड़कियां आत्मनिर्भर बन रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों पर जोर दिया। महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और उनके आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया और बताया कि किस प्रकार महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं और समाज में बदलाव ला रही हैं कार्यक्रम में दर्जनों लोग उपस्थित थे और सभी ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। मौके पर मधु कुमारी,सुप्रिया,अंशु,सरस्वती,साक्षी, आंचल, राधिका, खुशबू, नव्या, नंदनी, रुचिका, नंदनी, सुधा, नीतिका, संध्या, शिवानी, मुस्कान, खुशी, छोटी आदि दर्जनों छात्राएं मौजूद थीं।

### राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल का दिया गया प्रशिक्षण

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आज डॉ. युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन, देवघर तथा डॉ मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठनिवारण पदाधिकारी-सह-



नोडल पदाधिकारी, एनसीडी सेल, देवघर के निदेशानुसार आई एम ए हॉल, देवघर में राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल (एनपीएचसीई)कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक डॉ सिंह आलोक द्वारा बताया गया कि बुजुर्गों को कोफिट रहना जरूरी है यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है,ऐसा करने से वह एक्टिव रहते हैं। बल्कि बुजुर्गों को व्यायाम या योग के लिए प्रोत्साहित करें आप चाहें तो उन्हें अपने साथ व्यायाम या योगकराएं यह उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इससे बीमारियां दूर होंगीऔर उनका अकेलापन कम होगा और वह स्वस्थ महसूस करेंगे। बुजुर्गों की देखभाल करना बहुत जरूरी है और देखभाल करने वाले को व्यक्ति कोउनकी जरूरतों को समझना चाहिए। आप चाहें तो उनका पूरा दिन का रूटीन बनाए ताकि उनकी दिनचर्या व्यवस्थित रहे और उन्हें आराम करने का भी समय मिलना चाहिए। बाकी आप इसतरह से बुजुर्गों की देखभाल कर सकते हैं और अच्छे से उनका ख्याल रख सकते हैं और इन्ही बातो के साथ आज की सभा का समापन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रवि कुमार सिन्हा (एफएलसी), रवि चंद्रामुर्मू , अभिषेक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## वैद्यनाथ फाउंडेशन ने निकाली शोभायात्रा

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** हार्दपीठ वैद्यनाथ फाउंडेशन के तत्वावधान में, अखिल ब्रह्मांड की शक्ति स्वरूपा मातृशक्ति दिवस के सुअवसर पर,आज को शिव की पतित पावन गंगा समान, भक्ति-मुक्तिदायिनी शिवगंगा के पावन तट पर अवस्थित ऐतिहासिक भारती पुस्तकालय से अखिल विश्व के पूजित देवता, देवाधिदेव महादेव के पावन प्राकट्य की अद्भुत शोभायात्रा,सभी प्रमुख देवी-देवताओं की झांकी के साथ,गाजे-बाजे, वैदिक वेद पाठी विप्रवरों और आबालवृद्ध भक्तगणों के हर हर महादेव,जय शिव -जय शिव के गगनभेदी नारों से गुंजायमान होकर निकली। सनातन संस्कृति, संस्कृत,आदिगुरु शंकराचार्य, धर्मसम्राट करपात्री जी महाराज,बमबम बाबा ब्रह्मचारी,बालानन्द ब्रह्मचारी, सरदार पंडा भवप्रीतानन्द जी,कविवर पंकज जी, समस्त देवघरिया समाज की,समभाव और समरसता की जय जयकार और मंगलकामना की गई।




शोभायात्रा जैसे ही नगरभ्रमण को निकली बैद्यनाथ लेन अपने निर्धारित अंतिम पड़ाव मंदिर प्रांगण के निकट पहुंची, चहुंओर से शिव- शिव की मंगल ध्वनि, श्री सूक्त, पुरुष सूक्त,तत प्रणमामि सदाशिव लिंगम यात्रा में शामिल वैदिक ब्राह्मणों के साथ ही साथ अगल-बगल के घरों और दैनिक पूजा-पाठ कर लौट रहे,जा रहे भक्तों के मुखारविंद से स्वतः दृश्य दर्शन और मांगलिक वचनों के प्रभाव से निकल रही थी। मंदिर पहुंचते ही, भक्तिमय यात्रा में शामिल ध्वजा-पताका और एक गणवेश और एक ही नारा शिव शक्ति हो संकल्प हमारा से मंदिर परिसर में अद्भुत और अविस्मरणीय समां बंध गई। शिव और शक्ति के सम्मुख आबालवृद्ध खड़े होकर अपने लिए, स्वजन -परिजन के लिए, समस्त संसार की मंगलकामना मंगलकारी प्रभु बाबा बैद्यनाथ और जगत जननी जगदम्बा से की। अद्भुत और अविस्मरणीय शोभा यात्रा को भव्य बनाने में हार्दपीठ वैद्यनाथ फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र नाथ ठाकुर, विनय नारायण खबाड़े, राजेन्द्र चरण द्वारी,राजदेव मिश्र, डॉ परशुराम तिवारी,रुपेश मिश्र उर्फ बाबा, सोमेश पंडित, सोमेश कश्यप, भगवान धन मिश्र, डा. विजय शंकर, शिव शंकर खबाड़े, शम्भू नाथ झा, सेन्टी महाराज, लक्ष्मीकांत मिश्रा,दीपा मिश्रा और रवि खबाड़े आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## मोहनपुर में निकाला गया महिला अधिकार एवं सम्मान मार्च

**मोहनपुर (एप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी के नेतृत्व में मोहनपुर प्रखंड स्थित गांधी प्रतिमा स्थल से मोहनपुर मिडिल स्कूल तक महिला अधिकार एवं सम्मान मार्च निकाला गया। इस मार्च के पश्चात राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को इंटक नेताओं द्वारा अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने द नेशनल क्रेडिट कोऑपरेटिव बैंक की ब्रांच मैनेजर श्वेता सोनी, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने देवघर महिला थाना की थाना प्रभारी वंदना हांसदा, मोहनपुर प्रखंड इंटक के प्रखंड अध्यक्ष अजयकांत ठाकुर ने देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला देवी को, मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पंजाबी राउत ने चकरमा पंचायत की पूर्व मुखिया पूजा देवी एवं देवघर जिला इंटक के गंगाधर रजक ने पंचायत समिति की सदस्य पिंकी देवी को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो



प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबोधन करते हुए इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने कहा कि महिला दिवस मनाना उसी दिन सार्थक होगा जिस दिन महिलाएं राजनीतिक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक अधिकार से परिपूर्ण होकर सशक्त एवं सबल हो जाएगी। वहीं झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि महिला दिवस मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को समानता का अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। इस दौरान राधा पाल, पूजा देवी, रीना देवी, सियावती कुमारी, चंद्रकला देवी, पिंकी देवी, ललिता देवी, पचिया देवी, सुकमा देवी, राधिका देवी, दुखा देवी, पद्मावती देवी, मानो बीवी, तन्ना, रिंकू देवी, रंभा कुमारी, रेखा कुमारी, रेशमा दीदी, खुशबू दीदी, सकेता बीवी, उमा देवी, देवी, चंपा देवी, श्वेता, सृष्टि कुमारी, रीना देवी, चंद्रकला देवी, पिंकी देवी, बचिया देवी, चमेली देवी, रोशन बीवी , हसीन बीवी, ललिता देवी, सरिता देवी, शीला देवी, रिंकू देवी, माया देवी, संजू देवी, सहित कई और महिला उपस्थित रहे ।

### आश्रय ने महिलाओं में जागरूकता लाने को लेकर चलाया अभियान

**मधुपुर (निस)।** अनुमंडल क्षेत्र के पंदनिया पंचायत भवन में आश्रय ने मुखिया श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव के अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला



दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में आश्रय से दीपा कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाया जाता है आपको पता होगा आज के हि दिन सभी महिलाओं को उसके अधिकार मिला है। पहले महिलाओं को 12 से 16 घंटे काम करना पड़ता था इसके लिए बहुत दिनों तक महिलाएं अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी तब जाकर शिकागो के शासक महिलाओं की बात सुनी और उसको 8 घंटे काम करने का आबसर मिला तब जाकर महिलाएं आज 8 घंटे काम करने लगीं। उसके बाद मुखिया श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि आज महिलाओं को और लड़ाई लड़ने कि जरूरत है क्योंकि आज भी महिलाएं काम के लिए बहुत भटकतीं है। इस कार्यक्रम में पंदनिया पंचायत कि सेविका,साहाइका,सहिया महिलाएं, किशोरी तथा आश्रय से मुस्कान प्रवीण, तमन्ना प्रवीण,मोजमिल हुसेन आदि उपस्थित थे।

### प्रेरणा भारती में हुआ महिला दिवस का आयोजन



**मधुपुर (एप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रेरणा भारती सभागार आसरा में एकदिवसीय रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पिपरा, भंडारो, पट्टाजोरी,मागोमुंडा,सलैया,मथुरा,नई चिन्हुं टिया व पंदनिया की कुल 42 किशोरी प्रतिभागी उपस्थित हुइं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला अधिकार,जेंडर समानता,बाल विवाह,बाल मजदूरी जैसी मुद्दों पर चर्चा की गई और कहा गया कि जब तक महिलाएं खुद अपने आप को सम्मान नहीं देगी उन्हें कोई सम्मान नहीं मिलेगा।हमें ना ज्यादा ना कम,बराबरी का सम्मान मिले साथ ही साथ बाल विवाह,जेंडर,महिला अधिकार, महिला सुरक्षा के ऊपर में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर किशोरियों द्वारा बालिका शिक्षा एवं लिंग असमानता पर नाटक की प्रस्तुती की गई एवं संविधान के ऊपर नागपुरी गीत नृत्य,संताली नृत्य एवं स्वागत गीत की भी प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में खरजोरी आंगनबाड़ी की सेविका उषा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गर्ल्स फर्स्ट फंड परियोजना से कांति कुमारी, मोनिका मित्र, वहीद फिरोजी, विष्णु टुडू आदि का योगदान सराहनीय था।

## ग्राम साथी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया भव्य आयोजन





**देवघर (का.)।**

ग्राम साथी ने 8 मार्च 2025 को अपने कार्यालय परिसर देवघर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाओं और किशोरियों को सम्मानित करने के साथ-साथ जागरूकता एवं सशक्तिकरण के विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम साथी की अध्यक्ष मंजू हांसदा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया खुशबू देवी (मुखिया ग्राम पंचायत मलहरा ,मोहनपुर),अनीता कुमारी (मुखिया झनकपुर ,जरमुंडी )उषा मुर्मू (मुखिया बरमसिया,जरमुंडी), मक्लू बख्शी (मुखिया राजसिमरिया,जरमुंडी) एवं बेला देवी उपस्थित रहीं। इस विशेष अवसर पर ग्राम साथी से जुड़ी सभी महिलाओं और किशोरियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को प्रोत्साहित करना, उनके अधिकारों की जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करना था। सभी आमंत्रित महिलाओं और किशोरियों को स्मृति चिन्ह (मेमेंटो) और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और समाज में अपनी भूमिका को लेकर और अधिक जागरूकता आए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और किशोरियों ने नृत्य, गीत और प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सभी सम्मानित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और समाज में उनके योगदान पर बल दिया। ग्राम साथी के सचिव देवानंद कुमार ने इस पूरे कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया और सभी महिलाओं एवं किशोरियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और किशोरियों का सशक्तिकरण समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है और ग्राम साथी इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि यह महिलाओं को एक मंच प्रदान करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी था। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी ग्राम वासियों और ग्राम साथी की टीम ने सराहना व्यक्त की और भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने का संकल्प लिया।

मौके पर ग्राम साथी के सभी कार्यकर्त्ता मौजूद थे एवं सभी ने अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, रविवार, 09 मार्च, 2025



## एक नजर

### ब्लॉक परिसर में महिला दिवस का आयोजन,स्कूल की छात्राओं को दिया गया ब्लेजर



**अमड़ापाड़ा (एप्र)।** प्रखंड परिसर के सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।यह दिवस हर वर्ष 8 मार्च को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं को समर्पित है क्यूंकि आर्थिक,सामाजिक,सांस्कृतिक सहित खेल हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियां से भरा हुआ है.यहां की स्त्रियों में असीम संभावनाएं हैं वह तमाम तरह की उपलब्धियां हासिल भी कर रही हैं.वहीं डीपीआरओ प्रीति मुर्मू और प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकार के बारे में जागरूक किया इसके साथ ही डीपीआरओ प्रीति मुर्मू ने बच्चों को अन्नप्राशन के साथ गोद भराई की रस्म को भी पूरा किया.मौके पर मौजूद प्रमुख जूही प्रिया मरांडी ने इस उत्सव को मनाते हुए विद्यालय के बच्चियों को ब्लेजर प्रदान करके सम्मान किया।वही इस अवसर पर जेएसएलपीएस ने भी महिला दीदियों के बीच बीडीओ, बीपीआरओ की मौजूदगी में बिस्किट दौड़ का आयोजन करवाया।

### होली के मौके पर शराबियों और स्पीड बाइकर्स गिरोह पर रहेगी पैनी नजर




**महेशपुर (एप्र)।** महेशपुर थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व मनाने और रमजान महीने को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वही रद्दीपुर ओपी में भी ओपी प्रभारी विवेक कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव एवं सीओ संजय कुमार सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। एसडीपीओ ने कहा कि रमजान महीने में सभी मस्जिद और होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी अभिभावक अपने बच्चों को नशे और स्पीड बाइक राइडिंग पर कंट्रोल रखें। होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाया जाए। जिस किसी को रंग से परहेज है वहां पर जबरदस्ती एक-दूसरे पर रंग ना डाला जाए,किसी के भावना के साथ खिलवाड़ न किया जाए। होली के दो दिन पहले शराब की दुकानें बंद रखी जाएगी। सभी को शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये जाने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारियों को देने की बात कही गई।बताया गया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।बैठक के पश्चात अधिकारियों ने उपस्थित सभी समुदाय के गणमान्य लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना भी दिया।मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी अरविंद राय, रोहित भंडारी,दिनेश प्रसाद,सोहराब खान के अलावे गणमान्य लोगों में नरेन साहा,अमित अग्रवाल, राहुल मिश्रा, पूलक घोष, शुभम भगत, रोहित यादव, विजय भंडारी, पप्पू अंसारी, सद्दाम हुसैन के अलावे अन्य मौजूद थे।

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की सलाह बीमार पड़ने पर तुरंत जाँच कराएं



**महेशपुर (एप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के सभागार में शनिवार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार किस्कु की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी सीएचओ,एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम विगत माह किए गए कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में एनसीडी जांच,महिला बंध्याकरण,ओपीडी,एएनसी जांच, टीकाकरण इत्यादि सभी स्वास्थ संबंधी कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान धीमी प्रगति वाले एएनएम को सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि गर्मी का सीजन आने वाला है, अपने-अपने क्षेत्र में डायरिया, मलेरिया, टाइफाइड वाले रोगियों को तुरंत प्राथमिक उपचार कर अस्पताल भेजना सुनिश्चित करें। बताया कि अगर किसी मरीज को दो सप्ताह से खांसी हो तो अवश्य टीबी जांच के लिए अस्पताल भेजें। साथी छिड़काव कार्य को लेकर भी सभी को जानकारी दी गई। कहा कि नियमित टीकाकरण के लिए निर्धारित सत्र में समय पर पहुंचे और बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करें। मौके पर शैलेश कुमार, जगन्नाथ कुमार, मनीष कुमार के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### कालाजार प्रभावित 18 गांवों में होगा छिड़काव, सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**पाकुड़िया (एप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भरत भूषण भगत की अध्यक्षता में आईआरएस प्रथम चरण कीटनाशक छिड़काव से संबंधित 18 प्रभावित गांव की सहियाओ को शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड के कुल 18 कालाजार प्रभावित गांवों में आईआरएस स्प्रे के तहत सिंथेटिक पिरोथ्रोड 5 प्रतिशत नामक कीटनाशक का छिड़काव 18 मार्च से शुरू किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान छिड़काव से संबंधित टेक्निकल एवं कीटनाशक के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि कालाजार संक्रमित मादा बालू मक्खी के काटने से फैलता है जिसमें दो सप्ताह से अधिक बुखार वाले मरीज को मलेरिया रोधी दवा खाने पर भी ठीक नहीं हो रहा हो, भूख नहीं लगना, वजन घट जाना, खून की कमी हो जाना, पिलहा का आकार बढ़ जाना एवं चमड़े का रंग काला हो जाना कालाजार का मुख्य लक्षण है । ऐसे मरीजों का सरकारी अस्पताल में जांच एवं इलाज मुफ्त में किया जाता है। साथ ही रोगी को 6600 श्रम क्षतिपूर्ति राशि तथा चमड़े वाले रोगी को 4000 रुपयेश्रम क्षतिपूर्ति दी जाती है इस दौरान सभी सहियाओ को कीटनाशक छिड़काव के महत्ता को बताया गया। एसपी 5 प्रतिशत नामक कीटनाशक को घर के सभी कमरों मे छिडकाव करने से कालाजार रोग के उत्तरदायी बालु मखी मर जाती है । यह कीटनाशक का प्रभाव 75 दिन तक दीवाल मे रहता है, साल मे दो बार कीटनाशक का छिडकाव जरूर अपने घर के सभी कमरों में करना चाहिए। ताकि कालाजार जैसे गंभीर रोग से बचा जा सके। यह कीटनाशक घर के सभी कमरों में जैसे खाना बनाने वाला कमरा, सोने वाला कमरा,पूजा घर एवं गौशाला में छिड़काव करने से कालाजार रोग फैलाने वाले बालू मक्खी मर जाती है' मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भरत भूषण भगत, केटीएस संजय मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रभात दास, बीटीटी रायमुनि मुर्मू एवं सभी कालाजार प्रभावीट गांव की सहिया उपस्थित थी।

# महिला दिवस पर समारोह का आयोजन, समाज निर्माण में कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**पुरुषों से तुलना कर खुद को कमजोर ना करें महिलाएं, समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम: एसपी**











**पाकुड़ (एप्र)।** फेस संस्था की ओर से महिला दिवस पर शनिवार को चापाडांगा स्थित कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर समाज के निर्माण में और समाजसेवा में रुचि रखने वाले तथा महिलाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह में शामिल फेस संस्था की सचिव रितु पांडेय के नेतृत्व में और संस्था के द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों की शिक्षिकाएं,बच्चियों और संस्था के कार्यालय कर्मी के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में एसपी प्रभात कुमार,डीडीसी महेश कुमार संथालिया एवं डीईओ अनीता पूर्ति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया। देश और समाज के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा हुई। महिलाओं की समाज में वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा किया गया। महिलाओं के साथ आए दिन हो रहे अत्याचार की खबरों पर भी चर्चा हुई। इन सबके बीच महिला दिवस मनाने के उद्देश्य और महत्व पर भी जानकारियां दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें नन्हीं बच्चियों ने नाटक और नृत्य के जरिए मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फेस संस्था की ओर से सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एसपी प्रभात कुमार, डीडीसी महेश कुमार संथालिया और डीईओ अनीता पूरति को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसी दौरान अनाथ बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में उत्कृष्ट कार्य के लिए एवरेट मिशन की प्रिंसिपल सुनीता मरांडी को मोमेंटो प्रदान किया गया और उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मीरा फाउंडेशन के जरिए और व्यक्तिगत रूप से भी गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए जानी-मानी महिला समाजसेवी मीरा प्रवीण सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और उन्हें मोमेंटो भी प्रदान किया गया। इसके अलावा बाल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए शहर के जाने-माने और चर्चित हस्ती रतन कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह को भी मोमेंटो के साथ शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। महिला कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर सुशीला हांसदा एवं प्रतिमा पांडेय को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और उन्हें भी मोमेंटो प्रदान किया गया। इनके अलावा सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले कई और लोगों को भी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। एसपी प्रभात कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला और पुरुष को अलग-अलग रूप में ईश्वर का वरदान बताया। उन्होंने कहा कि अक्सर हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं। महिलाओं को पुरुषों की बराबरी का बात करते हैं। अक्सर यह सुना जाता है और कहा जाता है कि महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है। महिलाएं किसी से कम नहीं है। महिलाओं को भी सुनने में आता है कि हम किसी से कम नहीं है। लेकिन मैं समझता हूं कि इस तरह की बातें होना ही नहीं चाहिए। इससे लगता है कि कहीं ना कहीं हम महिलाओं को कमजोर समझते हैं। महिलाएं भी अंदर से खुद को कमजोर समझती है। इसलिए इस तरह की बातों का जिक्र हम करते रहते हैं। लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए, बल्कि महिला अपनी जगह पर खुद को सशक्त समझें और किसी से तुलना ही ना करें। महिला अगर घर में भी काम करती है,तो यह भी कोई छोटा काम नहीं है। अपने आप में घर का काम भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसलिए किसी भी क्षेत्र में रहे अपनी जिम्मेदारी को निभाएं और आगे बढ़े। इसलिए किसी की तुलना किसी से नहीं होनी चाहिए। मैं एक आईपीएस ऑफिसर बना हूं, इसमें मेरे पिता का जितना साथ रहा है, उससे ज्यादा मेरी मां का साथ रहा है। इसलिए कहता हूं कि महिला पुरुषों से अपनी तुलना कतई ना करें, बल्कि जिस जगह पर है, उस जगह पर अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए आगे बढ़े और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी बेहतर भूमिका अदा करें। कार्यक्रम में डीडीसी महेश कुमार संथालिया ने भी महिलाओं के अधिकारों और समाज निर्माण में उनकी भूमिका तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों के बारे में जानकारी साझा किया। फेस की सचिव रितु पांडेय ने संस्था के द्वारा महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें आगे बढ़ाने तथा उनका भविष्य संवारने के लिए किए गए अथवा किए जा रहे कार्यों को सबके बीच रखा। उन्होंने कहा कि फेस संस्था का एक ही उद्देश्य है कि हमारी बच्चियों को देश और समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने के लिए किस तरह आगे लेकर आए। इसी उद्देश्य से हमारी संस्था की ओर से ग्रामीण इलाकों में शिक्षण संस्थानें भी चलाई जा रही है। जिसके जरिए बच्चियों को शिक्षा के साथ-साथ उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में फेस संस्था के महबूब आलम, सहादत हुसैन आदि ने मुख्य भूमिका निभाया।

## सशक्त महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम हो: बीडीओ



**लिट्टीपाड़ा (एप्र)।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ मुकेश बेसरा सहित उपस्थित महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को नमन करने का है। महिला दिवस का दिन हमें नारी शक्ति को हर सम्मान और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। यह दिन उन्हें यह ऐहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। भारत में आजादी के बाद लगातार सुधारों से महिलाओं को पुरुषों की तरह सशक्त बनाया गया है। आज वे स्वावलंबी और स्वतंत्र है। वहीं गैर सरकारी संस्था प्रवाह के आजीविका प्रखंड समन्वयक शालिनी सन्नी और एग्रीकल्चर एक्सपर्ट समर्पिता भट्टाचार्य ने उपस्थित महिलाओं को अपने संबोधन में कहा कि नारी स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचानना और सम्मान देना है। हर नारी को खुद पर विश्वास होना चाहिए तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है। एक महिला केवल घर नहीं संभालती बल्कि वह पूरी दुनिया बदल सकती है। सशक्त महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम हो। उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच सेविका, पांच जलसहिया,पांच जेएसएलपीएस दीदी और कर्मी,पांच एएनएम,पांच दीदी बाड़ी योजना के महिला लाभुक, पांच स्कूली बच्चों को ब्लेजर, 20 छात्राओं को साइकिल वितरण सहित प्रशस्ति-पत्र, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला पर्यवेक्षिका सोनाली कुमारी, रागिनी कुमारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिका सीमा कुमारी, भारती कुमारी, वनिता सरकार सहित दर्जनों आँगनबाड़ी सेविका, सहायिका, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया,जलसहिया, स्वयं सहायता समूहों की दीदी और काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## महिला दिवस पर बीडीओ ने उत्कृष्ट महिला कर्मियों को किया पुरस्कृत

**हिरणपुर (एप्र)।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित की गई।जिसमें विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट महिला कर्मियों को बीडीओ टुडू दिलीप ने पुरस्कृत किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ बीडीओ,अंचलाधिकारी मनोज कुमार , पर्यवेक्षिका टुसुमुनि मुर्मू , बीपीओ ट्विंकल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में सेविका , सखिमण्डल के महिलाओं ने गीत की प्रस्तुति की।बीडीओ ने उत्कृष्ट कार्य को लेकर आंगनवाड़ी सेविका मरियम मुर्मू तालपहाड़ी,ललिता मुर्मू,तबस्सुम खातून,बबली हेम्ब्रम व सुनीता हेम्ब्रम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही जेएसएलपीएस के संझली मराण्डी,मेरी हेम्ब्रम,कैरोलिना किस्कु , मिरु बेसरा,मोनिका टुडू,जल सहियाओं में दीपाली देवी,निर्मला देवी,सीमा देवी,तेरेशा टुडू ,बाहामुनि टुडू , सहियाओं में सोमा चार,पार्वती पहाड़िन,मारस्तीला मराण्डी,चायना देवी,दीप्ति दासी को सम्मानित किया गया।इसके बाद स्कूली छात्रा सपना कुमारी,बेबी पहाड़िन,रीना किस्कु , आयशा खातून,मुस्तान खातून व सबा खातून को उत्कृष्ट पठन पाठन को लेकर ब्लेजर दी गई।उधर सेविकाओं ने मनमोहक रंगोली बनाकर महिला दिवस पर समर्पित किया। वही प्रखंड परिसर में पौधारोपण भी की गई।

## ट्रक और हाइवा में आमने-सामने भिड़ंत, चालक गंभीर रूप से घायल

**लिट्टीपाड़ा (एप्र)।** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क करिओडीह के समीप शनिवार अहले सुबह को हाइवा और ट्रक की आमने सामने की टक्कर से हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या सीजी 15 एसी 0454 प्याज लेकर पाकुड़ से लिट्टीपाड़ा की ओर आ रहे थे की करिओडीह के समीप ट्रक का टायर पंचर होने के कारण ट्रक चालक और उपचालक ट्रक को सड़क किनारे खड़ी कर टायर बदल रहा था उसी दौरान लिट्टीपाड़ा की ओर से तेज गति से आ रहे हाइवा संख्या जेएच 16 जी 3246 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया. घटना में दोनो वाहन बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया।बताया जा रहा है दुर्घटना में हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया.जिसे स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से इलाज के लिए हिरणपुर ले जाया गया।थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया दो वाहनों में आमने सामने की टक्कर हुई है.दुर्घटना में हाइवा चालक घायल हुआ है, जिसका इलाज कराया जा रहा है.मामले की जांच किया जा रहा है।

## ईबादत की जमाल में शांति से मनाइये होली: डी एन आजाद

**पाकुड़ (एप्र)।** पाकुड़ के रग रग से पूर्व परिचित और एक पुलिस अधिकारी होने बाद भी जनता से मिलनसार सम्बंध रखने वाले अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आजाद ने शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी की। तमाम निदेर्शों एवं लम्बित मामलों के बाद उन्होंने गोष्ठी में कहा कि पाकुड़ की जनता शुरू से शांतिप्रिय रही है। इसलिए होली के दिन रमजान महीने का शुक्रवार रहने पर भी यहाँ पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा,लेकिन शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहनी चाहिए।यह बताना लाजमी है कि पाकुड़ में अगर बाहरी तत्वों की तात्कालिक अशांत शरारतों को छोड़ दें,तो त्यौहारों में भी कभी ये समझ नहीं आता था कि कौन किस मजहब का है। सभी लोग सम्प्रदाय की सीमा से परे एकसाथ त्यौहार मनाते आये हैं। कुछ राजनीतिक जनित मामलों को नजरअंदाज करें तो यहाँ कभी कोई माहौल साम्प्रदायिक नहीं रहा । प्रशासन भी हमेशा अपने स्तर पर सतर्क रहा है।यह बात और है कि पिछले दिनों कुछ घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में यहाँ की शांतिप्रिय जनता के दिलों को ठेंस पहुँचाने में सफल रहीं लेकिन प्रशासन की सख़्त सक्रियता और सामाजिक कार्यकताओं के हस्तक्षेप से सबकुछ ठीक हो गया। यहाँ की मूल आम जनता हमेशा से शांतिप्रिय रही है,इससे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परिचित हैं। इसलिए उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में रंगों का त्योहार है। इसे आपसी सामंजस्य के साथ एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मनाइये,और अपने पाकुड़ की समृद्ध परम्परा को आगे बढ़ाते हुए,पूरे देश के लिए वैसे ही अनुकरणीय बनाइये ,जैसे शदियों से रहा है। उन्होंने जनता से अपनी स्वाभाविक शायराना अंदाज में कहा कि -रमजान और जुम्मे की जमाल में, इबादत की छाँव में खूब मनाइये होली । उन्होंने कहा कि जमाल मतलब रोशनी में तमाम इलाकों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्यौहारों में भावनाओं का आदर त्यौहार को और खूबसूरत बना देता है,और पाकुड़ हमेशा इस खूबसूरती का उदाहरण रहा है।

# आवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप पंचायत सचिव, वीएलई व बिचौलिया को बनाया बंधक



**पाकुड़ (एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत पृथ्वीनगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में ग्रामीणों ने शनिवार को पंचायत सचिव, वीएलई और एक बिचौलिया को बंधक बना लिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद तीनों को छोड़ा गया। हालांकि आक्रोशित ग्रामीण बीडीओ के स्थल पर आकर जांच करने और कार्रवाई करने की मांग पर अड़े थे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बूझकर तीनों को छुड़ाया और साथ लेकर गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पृथ्वीनगर पंचायत के पूर्व मुखिया मो. अजहरूल शेख ने बताया कि आवास के नाम पर अवैध वसूली हो रही थी। अबुआ आवास के लाभुकों से मोटी रकम की वसूली किया गया। मुखिया पति सलीम शेख के इशारे पर लाभुकों से किसी से 15,000, किसी से 20,000 तो किसी से 30,000 रुपए तक की वसूली की गई। जिसने नहीं दिया, उसका नाम काट दिया गया। इनमें इमाज शेख एक लाभुक है, जिन्होंने अपना मोबाइल बेचकर मुखिया को पैसा दिया। लेकिन मुखिया के डिमांड के मुताबिक पूरी रकम नहीं दे पाने की वजह से उनका नाम लिस्ट से काट दिया गया। आज प्रधानमंत्री आवास देने के नाम पर मुखिया के दो व्यक्ति पंचायत सचिव की मौजूदगी में पैसा ले रहा था। ग्रामीणों ने पैसा लेते पकड़ लिया और तीनों को बंधक बना लिया। इस दौरान लाभुक मरियम खातून और निसनारा बीवी ने भी बताया कि मुखिया के नाम पर मेंबर के हाथ से 5,000 रुपए लिया गया है। वहीं समीर शेख नाम के व्यक्ति ने बताया कि पांच नंबर वार्ड के मेंबर इमाम ने पहली किस्त 30,000 में से 5000 रुपए ले लिया। इसके बाद 50,000 की दूसरी किस्त मिलने के बाद 10,000 रुपए ले लिया। एक और लाभुक हजीरा बेवा के बेटे इमाद ने कहा कि मुझे भी दो बार में 15,000 रुपए लिया है। उन्होंने कहा कि 1,00,000 (एक लाख) रुपए और आना है। इसके लिए 20,000 रुपए की मांग मुखिया के द्वारा की जा रही है। इस दौरान कई और लाभुकों ने भी मुखिया और मेंबर पर पैसा लेने का आरोप लगाया। इनमें अब्दुल रऊफ उर्फ रॉकी, 11 नंबर वार्ड के इमाम और तीन नंबर वार्ड के फोशी का भी नाम लिया। इन वार्ड सदस्यों पर आरोप लगाया गया कि उनके द्वारा आवास के नाम पर मोटी रकम ली गई है।

#### बंधक बनाए गए वीएलई एवं अन्य व्यक्ति ने कहा

इस दौरान बंधक बनाए गए वीएलई अब्दुल रऊफ ने कहा कि पीएम आवास का ऑनलाइन करने के लिए आया था। इसी के लिए खुशी-खुशी 100 या 200 लिए गए हैं। किसी पर कोई दबाव नहीं दिया गया है। जबकि बंधक बनाए गए दूसरे व्यक्ति ने बताया कि फॉर्म भरने के लिए 100 रुपए करके लिया जा रहा था।

#### पंचायत सचिव ने कहा

इसी दौरान पंचायत सचिव मो. नसीमुद्दीन शेख ने कहा कि अभी पीएम आवास का सर्वे चल रहा है। मैं सर्वे कर रहा था। मेरे साथ मुखिया जी के भेजे गए दो व्यक्ति भी मौजूद थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने मुझे बताया कि आवास के नाम पर पैसा लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने इन दोनों व्यक्ति और कुछ वार्ड मेंबर का भी नाम लिया। मैंने हालांकि अभी तक किसी से जानकारी नहीं ली है। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास के नाम पर पहले भी किसी से 10,000 किसी से 20,000 किसी से 35,000 तक रुपए लेने की बात कही जा रही थी। मुझे कुछ लाभुकों ने इसकी जानकारी दिया था। उसी दौरान मैंने लाभुकों से किसी तरह का पैसा नहीं देने को कहा था। एक सवाल के जवाब में पंचायत सचिव नसीमुद्दीन शेख ने कहा कि बंधक बनाए गए यह दोनों व्यक्ति सरकारी तौर पर अधिकृत नहीं है।

#### मुखिया पति सलीम शेख ने कहा

इधर मुखिया पति सलीम शेख ने कहा कि पृथ्वी नगर पंचायत की मुखिया महिला है। जिस दौरान का मामला बताया जा रहा है, तब वहां मुखिया नहीं थी। मुखिया पति होने के नाते मैं यह कह सकता हूं कि आवास या किसी भी योजना के नाम पर पैसा लेने का आरोप निराधार और सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यह विलेज पॉलिटिक्स है और षड्यंत्र के तहत इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं तथा मनगढ़ंत घटना को अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों का जो आरोप है, निश्चित रूप से प्रशासन जांच करेगी और जांच में हर संभव सहयोग करूंगा।

#### बीडीओ ने कहा

इधर बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने कहा कि मैं महिला दिवस के कार्यक्रम में था। मुझे घटना की सूचना मिली है। लेकिन पूरी जानकारी नहीं मिली है। मैं घटना की जानकारी लूंगा और जांच करुंगा। अगर मामला सही पाया गया तो निश्चित रूप से दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### मंत्री ने की अदाणी फाउंडेशन के कार्यों की सराहना



**गोड्डा(एप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोड्डा नगर भवन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ गोड्डा नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन कल्पना देवी, उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो और अदाणी फाउंडेशन के रीजनल हेड जयंत मोहंती भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद जयंत मोहंती ने अपने स्वागत भाषण में केजीबीवी में अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए गए विभिन्न जीर्णोद्धार कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की है। डीडीसी स्मिता टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के लिए हर दिन संघर्ष का दिन होता है। शिक्षा ही वह हथियार है, जिसके सहारे वे हर चुनौती को पार कर सकती हैं। वहीं, कल्पना देवी ने भी बेटियों की शिक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यह समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अदाणी फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संस्था का योगदान सराहनीय है। उन्होंने केजीबीवी की छात्राओं के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर गोड्डा जिले के सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की टॉपर्स को 10 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही घोषणा की गई कि सभी नौ विद्यालय के टॉप पांच लड़कियों को 10 हजार की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राघवेन्द्र सिंह, समाजसेवी तिलक झा, कौशल यादव, अदाणी पावर के पदाधिकारी सुब्रत देवनाथ, अभिमन्यु आनंद, अदाणी फाउंडेशन के पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अर्चना सिन्हा, सुमित सागर, अभय वर्मा व सहयोगी प्रीति यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पथरगामा मुख्य चौक पर ऑटो चालकों की मनमानी से लगा लंबा जाम



**पथरगामा (एप्र)।** पथरगामा मुख्य चौक पर शनिवार दोपहर 1 बजे ऑटो चालकों की मनमानी से लंबा जाम लग गया। पथरगामा के मुख्य चौक पर ऑटो चालक अपनी गाड़ियों को मुख्य चौक पर ही खड़ा कर देते हैं और यात्रियों को बैठाते हैं, जिसके कारण महागामा और गोड्डा जाने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और जाम की स्थिति बन जाती है। इस जाम में एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही, जिससे मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मुश्किल आई। जाम की स्थिति करीब घंटों तक बनी रही, लेकिन बाद में जाम को हटाया गया। हालांकि, जाम के कारण एंबुलेंस को अपनी मंजिल तक पहुंचने में काफी समय लग गया। इस घटना से संबंधित लोगों ने इस तरह की मनमानी और जाम की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

### परीक्षा केंद्रों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**पथरगामा(एप्र)।** शनिवार को पथरगामा में अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव ने मैट्रिक परीक्षा के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा की प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था की गहनता से समीक्षा की, खासकर साइंस विषय की परीक्षा के अंतिम दिन छात्रों को सख्त जांच से गुजरना पड़ा। पथरगामा हाई स्कूल में 634 में से 631 छात्र उपस्थित रहे, वहीं बरमसिया संत जोसेफ उच्च विद्यालय में 341 में से 333 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। पथरगामा बालक मध्य विद्यालय में 330 में से सभी 330 छात्र उपस्थित रहे। इंटर कॉलेज पथरगामा में 314 में से 313 छात्र उपस्थित पाए गए। संत जोसेफ मध्य विद्यालय बरमसिया में 174 में से 173 छात्र उपस्थित रहे, जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय गंगटाकला में 255 में से 251 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने पथरगामा प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम के साथ बरमसिया संत जोसेफ उच्च विद्यालय, पथरगामा कन्या मध्य विद्यालय और एनजी उच्च विद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने सभी विद्यालयों में कंप्यूटर रूम का भी निरीक्षण किया और भ्रमण पंजी में हस्ताक्षर भी किए। सम्पूर्ण परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त रही, जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या विवाद की सूचना नहीं मिली।

सीनियर नेशनल कैरम के लिए झारखंड की टीम घोषित

### काव्य श्री और चंद्रकला टीम में शामिल

**गोड्डा(एप्र)।** दिल्ली के ताल - कटोरा इंडोर स्टेडियम में 17 से 21 मार्च तक आयोजित होने वाली 52वीं सीनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप के लिए झारखंड की पुरुष एवं महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए इंटरनेशनल कैरम अंपायर सह कैरम एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के सचिव सुरजीत झा ने बताया कि स्टेट कैरम एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव मुकुल कुमार झा द्वारा घोषित टीम के पुरुष वर्ग में जहां धनबाद के अचिंतो कुमार मित्रा एवं रांची के सोनू कुमार पांडेय के अलावा दुमका के मो. राशिद इकबाल, मनीष गुप्ता, अभिषेक झा, एवं अजीत कुमार को शामिल किया गया है। वहीं महिला टीम में गोड्डा की काव्य श्री एवं चंद्रकला कुमारी, दुमका की शिप्रा कुमारी एवं अमृता भारती, जामताड़ा की मौसम कुमारी व रांची की कुमारी हर्षिता के नाम शामिल हैं। श्री झा ने बताया कि कैरम एसोसिएशन दुमका के सचिव चंदन झा एवं अनुभव दीप को क्रमशः पुरुष एवं महिला टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। टीम 15 मार्च को गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। घोषित टीम को कैरम एसोसिएशन ऑफ झारखंड की अध्यक्षा डॉ. प्रभारानी प्रसाद सहित सभी पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10,634 वादों का निष्पादन

**कुल 87 करोड़ रुपए की राशि का हुआ समझौता**

**दुमका (काप्र)।** झालसा, रांची तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के निदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, उत्तम सागर राणा से प्राप्त सूचना अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया था। जिसमें बेंच नंबर 1 से संजय कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, दुमका, कुमार प्रभात, अधिवक्ता, दुमका तथा प्रशांत कुमार, अधिवक्ता दुमका, उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 से रमेश चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम, दुमका, विक्रमादित्य पांडेय, अधिवक्ता, दुमका एवं नीरज कुमार दीक्षित, अधिवक्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 से राजेश सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश- तृतीय, दुमका, ओमियो कुमार मांझी, अधिवक्ता, दुमका एवं मृगांक शेखर चक्रवर्ती, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से मोङ्ग जावेद खान, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी दुमका, राकेश चंद्र लाल मरांडी, अधिवक्ता, दुमका एवं धर्मवीर मिश्रा, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से नेहा झा, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, दुमका, कामोद नारायण झा, अधिवक्ता, दुमका एवं वरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से आदित्य, न्यायाधिकारी सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, दुमका, विनीत कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, दुमका तथा नीलकंठ झा, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 7 से नीलमणि मराण्डी, सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका, राधे मंत्री, अधिवक्ता दुमका एवं प्रेमजीत लाल, अधिवक्ता दुमका उपस्थित हुए। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एम ए सी टी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि शामिल है। इस प्रकार कुल सात बेंचों से 10634 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 87 करोड़ रुपए की राशि का समझौता किया गया। साथ ही लोक अदालत में पहुंचे हुए विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता हेतु एक स्टॉल भी लगाया गया एवं कानूनी पुस्तकों तथा पंपलेट का भी वितरण किया गया।

# अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी का आयोजन



**गोड्डा (एप्र)।** भाजपा कार्यालय सभागार में जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा की अध्यक्षता में भारत रत्न झारखंड राज्य के निमार्ता श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि दुमका लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं गोड्डा के पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। मौके पर अमित मंडल ने कहा कि जब वे कक्षा दसवीं में पढ़ते थे तो उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जो विकास की नींव रखी वह आज देश के सुदूर गांवों तक दिखाई पड़ता है। आज झारखंड ही नहीं पूरे देश के गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछा है, वह अटल जी की देन है। अटल जी देश के महान नेता ही नहीं वरन एक महान कवि भी थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शौर्य ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश के हर एक जिले में हो रहा है अटल जी ऐसे महान नेता थे जिन्होंने अपना पूर्ण जीवन राष्ट्र के निर्माण हेतु न्योछावर कर दिया। अमेरिका के लाख दबाव के बावजूद भी अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए सफलतापूर्वक जीत दर्ज की। अटल जी ने रांची में सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि आप हमें संसद दीजिए मैं अलग राज्य के रूप में झारखंड दूंगा। उनकी देन है कि आज झारखंड राज्य बनने का सपना झारखंड वासियों का पूरा हुआ। अटल जी ने सर्व शिक्षा अभियान चलाकर प्रत्येक विद्यालयों में पारा शिक्षक की नियुक्ति की आज समय है उनके पद चोन पर अनुसरण करने का और देश को आगे बढ़ने का अपने अध्यक्ष की भाषण में जिला अध्यक्ष ने कहा कि गांव के अंतिम छोर वह अंतिम व्यक्तियों का उदय कैसे हो इसके लिए अटल जी ने अंत्योदय योजना को लाकर अंतिम व्यक्ति का उदय करने का संकल्प लिया जिसे आज देश की जासूसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरा कर रहे हैं पोखरण में परमाणु परीक्षण का सफल परीक्षण कर दुनिया को बताया कि भारत किसी से काम नहीं है संगोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के साथ-साथ सभी भाजपा के पदाधिकारी गण कार्यकताओं ने एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में जनसंघ समय के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे अनंत नारायण दुबे को अंग वस्त्र देकर सुनील सोरेन ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे ने किया, जबकि समापन महामंत्री राजेश टेकरीवाल ने किया। आज के कार्यक्रम में जिला के उपाध्यक्ष अजय शाह, जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती एवं लीलसी हेंब्रम, मीडिया सह प्रभारी प्रितम गाडिया, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन महामंत्री सूरज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा एवं दिलीप सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत सिंह महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनीता सोरेन, प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य परिणीता झा, जिला मंत्री नितेश सिंह रामनरेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## आजीविका महिला संगठन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**महागामा(एप्र)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन कार्यालय हनवारा परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति हनवारा की अगुवाई में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर पंचयात सचिव हनवारा के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेषता एवं महिला के जीवन स्तर के बदलाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित हनवारा संकुल के सामुदायिक समन्वयक रबिलाल हांसदा के द्वारा महिलाओं को सशक्त करने और आजीविका से जोड़ने के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित दीदी को जेएसएलपीएस के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार के योजना के बारे में जानकारियां दी गई। इस अवसर पर संकुल के दीदी द्वारा महिला दिवस से संबधित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल के पदाधिकारी, सभी ग्राम संगठन के पदाधिकारी, संकुल तथा ग्राम संगठन स्तरीय सभी कार्यकर्ता, समूह सदस्य, पंचायत सचिव एवं सामुदायिक समन्वयक सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## महिला दिवस पर नागरिक मंच ने किया नारी शक्ति को सलाम



**गोड्डा(एप्र)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को नागरिक मंच द्वारा नारी शक्ति के सम्मान में एक विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। सभा की अध्यक्षता डॉ. नूतन झा, सुशीला हांसदा एवं जानकी देवी ने संयुक्त रूप से किया। सभा में मुख्यालय के सभी वार्ड के अलावा पथरगामा, महगामा, मेहरमा एवं बोआरीजोर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. नूतन झा ने जहां महिलाओं के समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को रखते हुए उनके समुचित सम्मान और समानता की वकालत की, वहीं बतौर मुख्य वक्ता कर्मचारी संगठन के राष्ट्रीय नेता मंजूल कुमार दास ने एक मौजू कविता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास, जर्मनी के क्लारा जेटकिन, 1917 की रूसी समाजवादी क्रांति और महिलाओं को विश्व में सबसे पहले रूसी क्रांति के बाद महिलाओं को मताधिकार की चर्चा की। भारत में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार, घरेलू हिंसा एवं यौन उत्पीडन के खिलाफ महिला एवं पुरुषों को मिलकर लड़ने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही मईयां सम्मान योजना की तारीफ की। सभा को सम्बोधित करने वाले अन्य वक्ताओं में कामरेड दशरथ मंडल, उमेश मिश्रा, परमानंद झा, रघुवीर मंडल, रतन कुमार दत्ता, सर्वजीत झा ₹अंतेवासी₹, अमरनाथ पाठक, किरण देवी, पंकज झा, शंकर वर्मा, जफर इकबाल आदि ने दुनिया और अपने देश भारत में बढ़ रही आर्थिक विषमता, भेद भाव तथा धर्म एवं जाति के आधार पर समाज को बांटने की साजिश के विरोध में संघर्ष करने की जरूरत बताई। आर्थिक योगदान के लिए विजय कुमार चौबे के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही महिला दिवस जिंदाबाद, महिलाओं पर जुल्म बंद करो, असमानता खत्म करो आदि नारों के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है: रमनप्रीत कौर



**गिरिडीह(निसं)।** नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। महिला के इसी रूप का मान रखने तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी धूम धाम से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस के इस खास अवसर पर विद्यालय मल्टीपर्पज सभागार में मदर्स के लिए कुकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच की सजावट का श्रेय कला और शिल्प शिक्षक सुबोध सर और शालिनी को जाता है जिन्होंने मंच की डिजाइनिंग में अपनी रचनात्मकता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। महिला दिवस के इस कार्यकर्म में मुख्या अतिथि उपायुक्त गिरिडीह की पत्नी निशा और न्यायाधीश वेदांश प्रकाश की पत्नी सारिका कुमारी रही। कार्यकर्म की शुरूआत दीप प्रज्जवल्लन से हुई जिसमे मुख्य अतिथियों के अलावा निदेशक रमनप्रीत कौर, विद्यालय की प्राचार्य ममता शर्मा , उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला , सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर रूपा मुद्रा शामिल रही। मुख्य अतिथियों ने ही हो रही प्रतियोगिता में निर्णायक सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होने सभी प्रतिभागियों का अवलोकन किया तथा उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हे विजेता घोषित किया। प्रतियोगिता में अभिभावकों के उत्साह और जोश की देखकर विद्यालय प्राचर्य ममता शर्मा ने उनकी काफी प्रशंसा की। विद्यालय की निर्देशिका रमनप्रीत कौर ने महिला दिवस के इस मौके पर बहुत ही बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा की आज भी हमारे समाज में नारी को धर्म, समाज में परिवार की दुहाई देते हुए बेबस वह लाचार किया जाता है लेकिन शिक्षा ही एकमात्र ऐसा है जिससे भविष्य को संभाला जा सकता है। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। विद्यालय प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने अपने शुभकामना सम्बोधन में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने पर जोर दिया। फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में रिप्सी जैन प्रथम, नेहा गुप्ता एवं हरमीत कौर द्वितीय ,और खुशबू विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रही। वही बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूबी सिंह को मिला। शेष प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस प्रकार का आयोजन एवं सम्मान पा कर अभिभावक उत्साहित नजर आयी एवं आगमी भविष्य मे भी प्रत्येक 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाये जाने की बात कही मंच का सञ्चालन चंद्रमल्लिका घोष ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं स्टाफ उपलब्ध रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा का आयोजन

# आदिवासी महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : प्रभा




**दुमका (काप्र)।** जनमत शोध संस्थान की महिला संगठनात्मक इकाई जनमत महिला सभा की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जामा प्रखंड अंतर्गत चिकनियां पंचायत के लकरजोरिया गांव में पूर्व मुखिया फूलकुमारी पुजहरिनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में परिचर्चा का विषय ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गांव की महिलाओं का योगदान और उनकी दशा दिशा रखा गया था। परिचर्चा में मुख्य वक्ता जनमत की प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रभा सोरेन ने कहा कि हम गांव की महिलाएं विशेषकर आदिवासी महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन आज भी हम अपने घर गांव में उपेक्षित हैं। घर हो या बाहर हमारे श्रम का कोई मोल नहीं है। पुरुष अगर कहीं बाहर से कमा कर घर लाता है, तो उसका मोल है लेकिन जब एक महिला घर में दिन रात मेहनत करके घर के पैसे को बाहर जाने से बचाती है, तो वह घरेलू आय का हिस्सा नहीं माना जाता है। घर गांव की महिलाएं इसी पुरुष मानसिकता की शिकार हैं। इसी कड़ी में अर्चना रानी दास, रीता दास, होपनटी सोरेन और चुड़की हेम्ब्रम आदि कई महिलाओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि समय काफी बदल गया। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। गांव की महिलाओं के पास भी हुनर है, प्रतिभा है, पारंपरिक ज्ञान है लेकिन गांव की महिलाओं के हुनर को रोजगार में बदलने का साधन नहीं है। सरकार की कई योजनाएं हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में धरातल पर उतर कर सफल नहीं हो पाती है क्योंकि उसके पीछे संबंधित विभागों का ईमानदार प्रयास नहीं होता। कार्यक्रम में कई ऐसी महिलाएं भी शामिल थी जिन्होंने अपनी अपनी पीड़ा सुनाई और भावुक हो गईं। जिसमें घरेलू हिंसा से लेकर पति के शराबखोरी और एक छोड़ कर दूसरी तीसरी शादी करने से संबंधित मामले सामने आये और उसके साथ साथ उन संबंधित महिलाओं के संघर्ष और जीवन में आ रही कठिनाईयों को लेकर भी अपना अपना दुख साझा किया। जनमत की एक महिला कार्यकर्ता शोभा चौंड़े ने एकल महिला के संघर्ष और समाज में उनकी उपेक्षा का मामला उठाया। एक और कार्यकर्ता ने महिलाओं के मानव तस्करी का मामला उठाया और कहा कि जब घर बाहर खेतों में काम करते भी घर में मान सम्मान नहीं मिलता हमेशा ताना मिलता है मारपीट होती है तो मजबूरी में महिलाएं किसी के बहकावे में आकर काम करने के लिए बाहर चली जाती हैं और वहां कई तरह के शोषण का शिकार हो जाती हैं। चर्चा परिचर्चा के क्रम में यह बात निकल कर सामने आई कि संस्थान की महिला संगठनात्मक इकाई को सशक्त और सक्रिय करना होगा और संगठन के माध्यम से घर गांव के ऐसे छोटे छोटे मामले में सकारात्मक हस्तक्षेप कर सामाजिक बदलाव लाना होगा तभी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का यह कार्यक्रम सफल और सार्थक होगा। इस प्रस्ताव के बाद जनमत महिला सभा ने सामूहिक रूप से शपथ लेकर अपना यह संकल्प दोहराया कि हम घर गांव की महिलाओं के छोटे छोटे मुद्दे का समाधान मिलकर करेंगे और महिलाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनायेंगे। जनमत की प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रभा सोरेन के संयोजन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

## नारी मात्र शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार : उपायुक्त




**दुमका (काप्र)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 35 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 5 लाभुकों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी जीवन से जुड़े अनुभव रखे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह दिन महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक बड़ा दिन है। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। नारी मात्र शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। चाहे वह शिक्षा हो राजनीति हो विज्ञान हो या खेल का क्षेत्र हो। उपायुक्त ने कहा कि उन्हें और सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं किसी भी तरह की पहचान की मोहताज नहीं है। सरकार महिलाओं को उनके बुनियादी अधिकार दे रही है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड के बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्र से महिलाएं उपस्थित थी।

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, रविवार, 09 मार्च, 2025



## सुभाषितम्

सपने पूरे होंगे लेकिन आप सपने देखना शुरू तो करें।

- अब्दुल कलाम

## अमेरिकी आर्थिक संकट का भारतीय एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

**अमेरिकी अर्थव्यवस्था** उपभोक्ताओं और सेन्य कारोबार पर निर्भर रही है। हाल के वर्षों में यह संतुलन बिगड़ता हुआ दिख रहा है। बढ़ती महंगाई, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा क्रेडिट कार्ड कर्ज, उच्च ब्याज दरें, अमेरिकी उपभोक्ताओं के क्रय शक्ति को प्रभावित कर रही हैं। इसका सीधा असर खुदरा बिक्री और प्रमुख कंपनियों के राजस्व पर पड़ रहा है। जिससे अमेरिका में आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका की आर्थिक स्थिति बिगड़ने का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। भारत, चीन और यूरोप जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी इससे अछूती नहीं रहेंगी। वैश्विक वित्तीय बाजारों में तेजी के साथ वित्तीय अनिश्चितता बढ़ेगी। निवेशकों का रुझान डॉलर की ओर जाएगा। इससे भारतीय रुपये की कमजोरी और भी बढ़ना तय है। इस कारण भारत में महंगाई अधिक बढ़ने की संभावनाएं हैं। भारत में कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य आयातित वस्तुओं की कीमतें 10 से 15 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। जिससे आम नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतें महंगी हो जाएंगी। अमेरिकी मंदी का असर भारतीय निर्यात कारोबार पर भी पड़ना तय है। भारत के आईटी सैक्टर, दवा उद्योग, कपड़ा और आभूषण क्षेत्र अमेरिकी बाजारों पर निर्भर है। यदि वहां मांग कम होती है, तो इन क्षेत्रों में उत्पादन और रोजगार पर संकट भारत में भी गहरा सकता है। इसी तरह, विदेशी निवेश में भी कमी आना तय है। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार अपना निवेश निकाल रहे हैं। जिसके कारण भारत में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। यह स्थिति टैरिफ वार के पहले की है। जब टेरिफ वार शुरू होगा, तो उसके बाद क्या स्थिति होगी। इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। भारतीय स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों को आने वाले समय में फंडिंग मिलना मुश्किल हो सकता है। अमेरिका का यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी बन सकता है। भारत सरकार घरेलू उद्योग और बाजार को मजबूत करने के सुनियोजित प्रयास युद्ध स्तर पर किए जाएं, तो भारत के लिए सुनहरा अवसर भी हो सकता है। भारत की आबादी उसके लिए बड़ी पूंजी बन सकती है। चीन की तर्ज पर भारत के बाजार को वैश्विक मांग के अनुसार विकसित किया जा सकता है। सरकार को निर्यात मे विविधता देने के लिये घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और रुपये को वैश्विक बाजार में स्थिर बनाये रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।

अमेरिका की आसन्न मंदी का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसकी गंभीरता इस पर निर्भर करेगी, विभिन्न देश कितनी कुशलता से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को संतुलित कर पाते हैं। भारत को इस संकट के प्रति सतर्क रहकर दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत सरकार को इस तरह से अपनी नीतियां बनानी होंगी, जिससे भारत में स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़े, निर्यात व्यापार के लिए छोटे उत्पादकों और कारोबारियों को मौका मिले, इसका ध्यान रखना जरूरी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह की नीतियां लागू करने की कोशिश की है इसका असर भारत सहित दुनिया के सभी देशों में पडने जा रहा है। चीन और यूरोप के देशों ने अमेरिका की इस नई नीति के विरोध में अपनी कमर कस ली है। अमेरिका को वह बराबरी से जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। भारत सरकार ने अपनी किसी नीति का खुलासा नहीं किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दो महीने में भारत को लेकर जो नीति बनाई है और कार्रवाई की है, उसके बारे में भारत सरकार का मौन साध लेना भारत के साथ-साथ वैश्विक कूटनीतिक एवं सामरिक संबंधों को भी प्रभावित कर रहा है। भारत सरकार दो पाटों के बीच में फंसकर रह गई है। भारत सरकार अभी तक समझ ही नहीं पा रही है, उसे स्थिति का मुकाबला किस तरह से करना है। आर्थिक क्षेत्र में भारत सरकार की जो नीतियां हैं। वह लगातार भारतीय अर्थव्यवस्था को नीचे की ओर ले जा रही हैं।

## चिंतन-मनन

## तुम्हारी सम्पदा है निष्ठा

**यदि तुम सोचने हो कि ईश्वर में** तुम्हारी निष्ठा ईश्वर का कुछ हित कर रही है, तो यह भूल है। ईश्वर या गुरु में तुम्हारी निष्ठा ईश्वर या गुरु का कुछ नहीं करती। निष्ठा तुम्हारी सम्पदा है। निष्ठा तुम्हें बल देती है। तुममें स्थिरता, केंद्रीयता, प्रशांति और प्रेम लाती है। निष्ठा तुम्हारे लिए आशीर्वाद है। यदि तुममें निष्ठा का अभाव है, तुम्हें निष्ठा के लिए प्रार्थना करनी होगी। परन्तु प्रार्थना के लिए निष्ठा की आवश्यकता है यह विरोधाभासी है। लोग संसार में निष्ठा रखते हैं परन्तु समस्त संसार सिर्फ साबुन का बुलबुला है। लोगों की स्वयं में निष्ठा है परन्तु वे नहीं जानते कि वे स्वयं कौन हैं! लोग सोचते है कि ईश्वर में उनकी निष्ठा है परन्तु वे सचमुच नहीं जानते कि ईश्वर कौन है। निष्ठा तीन प्रकार की होती है- पहली है स्वयं में निष्ठा- स्वयं में निष्ठा के बिना तुम सोचते हो, मैं यह नहीं कर सकता, यह मेरे लिए नहीं, मैं कभी इस जिंदगी से मुक्त नहीं हो पाऊंगा। दूसरी है संसार में निष्ठा-संसार में तुम्हें निष्ठा रखनी ही होगी वरना तुम एक इन्च भी नही बढ़ सकते। यदि तुम सब पर शक करोगे, तब तुम्हारे लिए कुछ नहीं हो सकता। तीसरे ईश्वर में निष्ठा रखो, तभी तुम विकसित होगे। ये सभी निष्ठाएं आपस में जुड़ी हैं।प्रत्येक को मजबूत होने के लिए तुममें तीनों ही होनी चाहिए। यदि तुम एक पर भी शक करोगे, तुम सब पर शक करना आरम्भ कर दोगे। ईश्वर, संसार और स्वयं के प्रति निष्ठा का अभाव भय लाता है। निष्ठा तुम्हें पूर्ण बनाती है-सम्पूर्ण संसार के प्रति निष्ठा होते हुए भी ईश्वर में निष्ठा न होने से पूर्ण शान्ति नहीं मिलती। यदि तुममें निष्ठा और प्रेम है तो स्वतः ही तुममें शांति और स्वतत्रता होगी। अत्यधिक अशान्त व्यक्तियों को समस्याओं से निकलने के लिए ईश्वर में निष्ठा रखनी चाहिए।

# विश्व में दो विजनों का आगाज - मेक इन इंडिया, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन

किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर फिर एक** बार पूरी दुनियाँ को मानना पड़ेगा कि, क्यों अमेरिका को दुनियाँ के बादशाह की संज्ञा दी गई है। पिछले दिनों हमने देखे कि किस तरह रुस को मोहरा बनाकर यूक्रेन पर दबाव, फिर व्हाइट हाउस में ट्रंप जेलेंसकी की शाब्दिक गर्माहट, अनेक देशों के तख्ता पलट यानी सत्ता की चाबी, इसका नतीजाज जेलेंस्की द्वारा 5 मार्च 2024 को रुस से युद्ध समाप्त करने की हामी भरी और एक चिट्ठी लिखकर इशारा सहित इसके पहले अप्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाना सहित अनेक कठोर कदमों के साथ दिनांक 5 मार्च 2024 को अमेरिकी कांग्रेस को ट्रंप प्रशासन -2 का पहला संबोधन हुआ, जिसमें पाकिस्तान की तारीफ, वैश्विक मुद्दों की चर्चा, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन को ध्यान में रखते हुए भारत चीन सहित अनेकों देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स 2 अप्रैल 2025 को लागू करने की घोषणा की, यानें जो देश जितना टैक्स इंपोर्ट पर लगता है उतना ही रिसिप्रोकल टैक्स उसके एक्सपोर्ट पर भी लगाई जाएगी, इसीलिए अनेक देशों में खलबली मची हुई है। अनेक चीजों पर भारत-अमेरिकाएक दूसरे पर निर्भर हैं अगर दोनों एक दूसरे पर उतना टैक्स लगा देंगे तो अत्यधिक महंगाई हो जाएगी जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा वैसी ठीक वैसी ही स्थिति अमेरिका के पास भी उत्पन्न होगी खासकर भारत को फार्मास्यूटिकल प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ व्यापार होता है जो अमेरिका वालों को सस्ता लगता है इसलिए वे भारतीय चीजों को रिस्पांस देते हैं,परंतु अब इसपर रेसिप्रोकल टैक्स लगने से भारतीय उद्योगों को एमएसएमई सहित जो एक्सपोर्ट करते हैं उनकी बहुत अधिक फजीहत होने की संभावना है, क्योंकि उनका माल अमेरिका नहीं जा सकेगा क्योंकि अमेरिका जो भी जो माल आएगा उसपर भी टैरिफ लगाए आने से इसकी कीमतें बढ़ जाएगी, जिसका अल्टीमेटली फर्क उपभोक्ताओं को ही पड़ेगा, क्योंकि वह चीजें महंगी होंगी तो लोगों की जेब से अधिक पैसे खर्च होंगे इसलिए वे भारतीय चीजें लेना बंद कर देंगे ट्रंप का मानना है कि इसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। मेरा मानना है इसका असर अमेरिका सहित इत्यादि अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पढ़ सकनें की संभावना है, क्योंकि विश्व में दो विजन्स का आगाज चल रहा है, मेक इन इंडिया तथा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम 2 अप्रैल 2025 से लागू, भारत चीन सहित अनेकों देशों में खलबली मचना तय होने की संभावना? साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत सहित कुछ देशों पर 2 अप्रैल 2025 से रेसीप्रोकल टैक्स लगाने कीघोषणा करने की करें तो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को रेसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाने की बात को दोहराया है, उन्होंने कहा कि भारत, चीन सहित दुनिया के कई देशों पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाया जाएगा, इससे पहले कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर लगे 10 प्रतिशत ड्यूटी को बढ़ाकर 20 प्रतिशत लागू कर दिया था, ट्रंप के इस कदम से ग्लोबल मार्केट में अस्थिरता देखी जा रही है। दरअसल, ट्रंप 5 मार्च 2025 को कांग्रेस के ज्वाइंट सेशन को संभोधित कर रहे थे, उन्होंने इस दौरान अमेरिका रिच अगेन का आह्वान करते हुए इसका ऐलान किया,उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दूसरे देशों की ओरसे अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेस को रोकने के लिए यह बेहद जरूरी कदम है। यह फैसला अमेरिका की इंडस्ट्रीज और वर्कर्स को प्रोटेक्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वजह से 2 अप्रैल को लागू होगी नई टैरिफ पॉलिसी,ट्रंप ने कहा, यह सिस्टम संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सही नहीं है और न ही कभी था, वे हम पर जो भी ड्यूटी लगाएंगे, हम उन पर शुल्क लगाएंगे, यदि वे हमें अपने मार्केट से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं डालते हैं, तो हम भी ऐसा ही करेंगे, इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैरिफ 2 अप्रैल से क्यों लागू किया जाएगा।ट्रंप ने मजाक तौर पर कहा कि पहले 1 अप्रैल से यह नीति लागू होने वाली थी, लेकिन इसे एक दिन आगे इसलिए टाल दिया गया कि इसे अप्रैल फूल न करार दिया जाए! बता दें कि ट्रंप की नई ट्रैरिफ नीति कनाडा, मैक्सिको, चाइना, यूरोपीय संघ और भारत सहित कई दिग्गज ट्रेड पार्टनर्स पर लागू होगी। साथियों बात अगर हम रेसिप्रोसिल टैक्स से भारत को असर पढ़ने की संभावना की करें तो,बता दें कि अमेरिकी रेसिप्रोकल पॉलिसी का भारत पर गहरा असर पड़ेगा। इससे भारत के कई सेक्टरों को भारी नुकसान झेलने की आशंका है, दअसल, भारत अमेरिका को जेनेरिक मेडिसीन को एक्सपोर्ट करता है, जिससे भारत की दवा कंपनियों को मोटी आमदनी होती है, ऐसे में टैरिफ नीति से फॉमार्सुटिकल कंपनियों को भारी नुकसान होगा,इसके अलावा, आईटी सेक्टर पर भी गहरा नुकसान होने की उम्मीद है। ट्रंप यह कदम भारत की आईटी कंपनियों के लिए मुसिबत बन सकता है, इन्हें अमेरिका में प्रोजेक्ट्स मिलने में बांधा आएगी, इसके अलावा, ऑटोमोबाइल, मेटल सहित कई सेक्टरों को नुकसान होने की आशंका है। क्या होता है रेसिप्रोकल टैरिफ? रेसिप्रोकल टैरिफ का मतलब जब किसी देश को अन्य देश से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट पर समान टैरिफ चुकाना पड़ता है तो उसे रेसिपोकल टैरिफ कहा जाता है। समझने के लिए: मान लीजिए कि अगर अमेरिका भारत से ऑटो सेक्टर के सामान इंपोर्ट करता है और उसे 25 प्रतिशत का टैरिफ देना पड़ता है तो, भारत को भी अमेरिका से ऑटो सेक्टर के सामान इंपोर्ट करने पर 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने के पीछे का मकसद अमेरिका एक्सपोर्ट के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करना है, जो अप्रत्यक्ष रूप से उन पार्टनर देशों को भी संबोधित करता है, जो यूएस ट्रेड को असंतुलित करते हैं। नुमोरा ने एक कॉमन ट्रेंड को हाईलाइट करते हुए कहा कि अमेरिका से ट्रांसपोर्ट और एग्रीकल्चर सेक्टर के प्रोडक्ट इंपोर्ट करने पर बहुत ज्यादा टैरिफ है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 5 मार्च 2024 को ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस ट्रंप-2 शासन के प्रथम अधिवेशन के संबोधन में मुख्य 10 बातों की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100 पेर्सेंट से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था।ट्रम्प ने भाषण की शुरूआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले भाषण की 10 अहम बातें की (1) जैसे को तैसा टैरिफः 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा। (2) यूक्रेन जंगः जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं (3) अप्रवासी मुद्दाः पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है। (4) जो बाइडेनः बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराबराष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी। (5) गोल्ड कार्ड वीजाः हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा। (6) पनामा नहर और ग्रीनलैंडः हम किसी भी तरह पनामा नहर पर कंट्रोल हासिल करेंगे। इसके साथ ही हम किसी भी तरह ग्रीनलैंड को अपने में शामिल करेंगे। हम वहां के लोगों की हिफाजत करेंगे। (7) इलॉन मस्क और ऊङ्क्त्रऋएः इलॉन मस्क के ऊङ्क्त्रऋए विभाग ने पिछली फेडरल सरकार के कई घोटालों को उजागर किया है। मस्क को ये विभाग बनाने की कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन उन्होंने देश के लिए ऐसा किया। (8) फ्री स्पीचः हमने सरकारीसेंसरशिप पूरी तरह रोक दी है और अमेरिका में फ्री स्पीच वापस ले आए हैं। हमने ऐसे सरकारी तंत्र को खत्म कर दिया है जिसका इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जाता है। (9) तेल और गैसः अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा लिक्विड गोल्ड (तेल और गैस) है। हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं। (10) स्पेस प्रोग्रामः हम विज्ञान की नई सीमाओं को पार करेंगे, इंसान को अंतरिक्ष में आगे ले जाएंगे और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे। हम दुनिया की सबसे उन्नत और शक्तिशाली सभ्यता का निर्माण करेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम 2 अप्रैल 2025 से लागू- भारत चीन सहित अनेक देशों मैं खलबली मची।विश्व में दो विजनों का आगाज - मेक इन इंडिया, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन।

## जाकिर हुसैनः भारतीय शास्त्रीय संगीत और तबले के आइकन सम्राट

हर्षवर्धन पाण्डे

**जाकिर हुसैन भारतीय** शास्त्रीय संगीत के एक महान तबला वादक और संगीतकार थे। उन्होंने अपनी शानदार तबला वादन शैली से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई। जाकिर हुसैन का नाम भारतीय संगीत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। वह भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने वाले एक अग्रणी कलाकार थे जिन्होंने अपनी कला से संगीत की नई ऊँचाइयों को छुआ। जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। वह प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अली अकबर खान के घराने से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता, उस्ताद अल्लाह रक्खा खान, भी एक प्रसिद्ध तबला वादक थे, जो पं.रविशंकर के साथ कई संगीत समारोहों में भाग ले चुके थे। जाकिर हुसैन ने बचपन से ही अपने पिता से संगीत की शिक्षा ली। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण वे बहुत जल्दी एक शानदार तबला वादक बन गए। जाकिर हुसैन का संगीत का सफर बहुत ही प्रेरणादायक रहा। उन्होंने अपनी शुरूआत भारतीय शास्त्रीय संगीत से की लेकिन समय के साथ-साथ उन्होंने वर्ल्ड म्यूजिक, जाज और अन्य संगीत शैलियों को भी अपनाया। वह संगीत के विविध रूपों को समझते हुए विभिन्न शैलियों में माहिर हो गए। जाकिर हुसैन ने न केवल भारतीय संगीत में उत्कृष्टता प्राप्त की, बल्कि उन्होंने पश्चिमी संगीतकारों के साथ भी काम किया। उनका संगीत भारतीय और पश्चिमी संगीत का एक अनोखा संगम प्रस्तुत करता है। उनका नाम ऐसे संगीतकारों के साथ लिया जाता है जिन्होंने भारतीय संगीत को पश्चिमी दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया। जाकिर हुसैन की वादन शैली अद्वितीय और प्रभावशाली थी। उनके तबला वादन में एक विशेष तरह की ताजगी और नवीनता दिखती थी। वह शास्त्रीय तकनीकों के साथ-साथ संगीत में सुधार करने की कला में भी



माहिर रहे। जाकिर हुसैन लय, गति और ताल की जटिलताओं को साधारण रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम थे। उनके तबला वादन की शैली इतनी सहज और सजीव होती थी कि वह श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। लगभग छह दशकों के करियर में हुसैन ने पंडित रविशंकर और उस्ताद विलायत खान जैसे महान भारतीय कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने जॉन मैकलॉघलिन के साथ शक्ति और ग्रेटफुल डेड के मिकी हार्ट के साथ प्लैनेट ड्रम जैसे प्रतिष्ठित फ्यूजन बैंड बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई जमीन बनाई जिसने भारतीय शास्त्रीय संगीत की पहुंच का विस्तार किया जिससे यह दुनिया भर के दर्शकों के लिए सुलभ हो गया। उन्होंने मलयालम फिल्म वनप्रस्थम (1999) के लिए संगीत सलाहकार के रूप में अपने काम के लिए प्रशंसा प्राप्त की जिसका कान फिल्म महोत्सव में प्रीमियर हुआ था। फिल्म को ए.एफ.आई.लॉस एंजिल्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में ग्रैंड जूरी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था और 2000 में इस्तांबुल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते थे। एक कलाकार के रूप में हुसैन कई फिल्मों में अपने झंडे गाड़ते दिखाई दिए जैसे कि वृत्तचित्र जाकिर एंड हिज फ्रेंड्स (1998) और द स्पीकिंग हैंडः जाकिर हुसैन एंड द आर्ट ऑफ द इंडियन ड्रम (2003) जिसका निर्देशन सुमंत्र घोषाल ने किया था। हुसैन ने 1983 की मर्चेंट आइवरी फिल्म हीट एंड डस्ट में इंदर लाल के रूप में अपनी अभिनय प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया जहाँ उन्होंने एक सहयोगी संगीत निर्देशक के रूप में काम किया। 2018 में फिल्म निमार्ता और लेखक नसरीन मुन्नी कबीर ने जाकिर हुसैनः ए लाइफ इन म्यूजिक पुस्तक में हुसैन के जीवन और करियर के बारे में लिखा। यह कार्य 2016 और 2017 में आयोजित 15 साक्षात्कार सत्रों पर आधारित था। हुसैन ने इस्माइल मर्चेंट की इन कस्टडी और द मिस्टिक मैसर जैसी फिल्मों के साउंडट्रैक में भी अपना बेमिसाल योगदान दिया। उनके तबला प्रदर्शन को फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की एपोकैलिप्स नाउ और बर्नार्डो बटोर्लुची की लिटिल बुद्ध में भी जोड़ा गया था। हुसैन तबला बीट साइंस के संस्थापक सदस्य भी थे जो अमेरिकी संगीतकार बिल लासवेल के नेतृत्व में एक विश्व संगीत सुपरग्रुप था। इस ग्रुप नेसमकालीन इलेक्ट्रॉनिक और वैश्विक संगीत शैलियों के साथ पारंपरिक भारतीय लय को मिश्रित किया। 2016 में हुसैन ने व्हाइट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय जैज डे ऑल-स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में प्रदर्शन किया जिसकी मेजबानी तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने की थी।

जाकिर हुसैन ने संगीत की कई शैलियों में योगदान दिया और भारतीय संगीत को पश्चिमी दुनिया में फैलाने के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें 1987 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री और 2002 में पद्मभूषण जैसे सम्मान प्राप्त हुए। जहाँ संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1990) प्रदर्शन कला में उत्कृष्टता के लिए इस राष्ट्रीय मान्यता के सबसे कम उम्र के प्राप्तकताओं में से एक रहा वहीं 7 बार के ग्रैमी विजेता, जिसमें 1992 में प्लैनेट ड्रम के लिए उनकी ऐतिहासिक पहली जीत और 2024 में ऐज वी स्पीक, दिस मोमेंट और पश्तो के लिए तीन जीत शामिल रही।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा तब और अब....

विजय कुमार तिवारी

**बात तब की है जब मैं जूनियर** हाई स्कूल का छात्र हुआ करता था। लखनऊ में पंडित नेहरू का दौरा था। अमौसी हवाई अड्डे पर उनका विमान उतरना था। अब हवाई अड्डे का नाम चौधरी चरण सिंह विमानपत्तन हो गया हैं। पंडित जी विक्टोरिया पार्क में सभा को संबोधित करने वाले थे। शाम को नियत वक्त पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पालिमाउथ कार से उतरे। उनके साथ शार्क स्किन की बुसशर्ट और पैंट पहने लंबे से गलमुछ वाले व्यक्ति भी उतरे। पंडित जी पीछे की सीट से उतरे और यह सज्जन ड्राइवर की बगल से उतरे। पार्क में अनुमान से 20 से 30 पुलिस वाले थे, जो व्यवस्था देख रहे थे। वे नेहरू टोपी भी लगाए थे जो गुलाबी रंग की थी। पंडित जी के पीछे की कार से सम्पूर्णानन्द जी और एक और मंत्री भी उतरे थे। उनके साथ कोई भी आदमी नहीं था।

पूछने पर मुझे बताया गया की गलमूछों वाले व्यक्ति रॉय बहादुर जमुना प्रसाद त्रिपाठी थे ,जो उत्तर प्रदेश पुलिस मे पुलिस कप्तान थे। जो प्रधानमंत्री की सुरक्षा मे थे, यानि बॉडीगार्ड थे। बाकी मंत्री अकेले थे। नेहरू जी के साथ शायद तीन या चार गाड़ियां थीं हाँ दो पिकअप थी जिसमे से ही कुछ सिपाही उतरे थे। बस इतनी ही सुरक्षा प्रधान मंत्री की थी।

दूसरे वीआईपी थे ईरान के तत्कालीन शहंशाह आर्यमहर और एम्प्रेस सुरैया का लखनऊ का दौरा। तब स्कूल की तरफ से हम लोगों को उनके गुजरने वाले सड़क पर लाइन से खड़ा कर दिया गया था। हमारे मास्टर साहब ने कहा था कि जब वे गुजरें तब नारा लगाना ह्वशाहे ईरान जिन्दाबादे विदेशी शाही जोड़े के साथ खुली कार में दो लोग शायद सुरक्षा के थे। तीसरा वाकया था, प्रथम अंतरिक्ष यात्री रूस के ह्यूरी गागरिन की लखनऊ यात्रा थी। तब स्कूली छात्रों को बस हाथ हिलाने थे। उनके साथ भी पाँच छह ही गाड़ियां रहीं होंगी। ये सभी राष्ट्र के प्रथम नागरिक के बराबर थे, जो इस सुरक्षा के हकदार थे।

ये वाकया इसलिए याद आया क्यूं कि भोपाल मे औद्योगिक अधिवेशन के उद्घाटन मे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को आना था शहर को ह्वसेनेटाइज करने के एनएसजी के निर्देश पर भोपाल की एक तिहाई इलाके को बड़ाबांदी कर दी गई। बीस-तीस सड़क मार्ग को एकांगी कर दिया गया। अनेकों मार्गों को बंद कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजभवन से ट्राइबल मूजियाम के रास्ते पर तो घंटों पहले लोगों की आवाजाही को रोक दिया गया था। अब सुरक्षा के नाम पर ऐसी कवायद शायद ही किसी अन्य राष्ट्र में होती होगी, जहां तक मुझे जानकारी हैं। वैसे इतनी तो सुरक्षा इंदिरा गांधी या राजीव गांधी की भी नहीं हुआ करती थी। हाँ आवागमन से आधे से एक घंटे पूर्व ही ट्रैफिक रोका जाता था। पर अब तो .......

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज का दिन लाभ और सफलता से भरा रहेगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। | **तुला** दिन मेहनत वाला रहेगा। ज्यादा काम करना पड़ेगा। राज्य और समाज से सहयोग मिलेगा। |
| **वृषभ** आज करियर में लाभ होगा। हर प्रकार की चिंता से दूर रहेंगे। सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। | **वृश्चिक** सेहत में गिरावट आ सकती है। बिना मन के भी अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं। |
| **मिथुन** आज का दिन करियर के मामले में सफलतादायक रहेगा। जिस काम को लगन से करेंगे। | **धनु** धन लाभ हो सकता है। अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढने की कोशिश करें। |
| **कर्क** आज करियर में मनचाही सफलता मिलेगी। भाग्य आपका साथ देगा। ज्ञान में वृद्धि होगी। | **मकर** अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल कर पाएंगे और करियर में इनको आगे बढने का मौका मिलेगा। |
| **सिंह** चंद्रमा का शुभ योग धन लाभ कराएगा। शान-शौकत पर धन खर्च करने से सम्मान बढ़ेगा। | **कुंभ** सकारात्मक बदलाव आएंगे। अनजान व्यक्ति की सलाह जिंदगी बेहतर बनाने में मदद करेगी। |
| **कन्या** आज करियर के मामले में लाभ होगा। धन में वृद्धि होगी। प्रभाव और प्रताप में भी वृद्धि होगी। | **मीन** आज दिन बहुत अच्छा रहेगा। दोस्तों की मदद से व्यापार बढ़ेगा। कंपनी की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। |

## विशेष

### कब बंद होंगी ये धमकियां..?

**स्कूल-कॉलेज और** अस्पतालों के साथ ही ट्रेन और हवाई जहाजों को बम से उड़ाने की धमकियां लगातार मिलने से लोग परेशान आ गए हैं। ताजा मामला बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर अयोध्या एक्सप्रेस के एस8 कोच के टॉयलेट में बम धमाके की धमकी लिखी मिली, जिससे हड़कंप मच गया। संदेश में लखनऊ चारबाग स्टेशन को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। रेलवे प्रशासन तुरंत हरकत में आया और ट्रेन को रोककर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड से जांच कराई गई। करीब एक घंटे की तलाशी के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और ट्रेन आगे अपने गंतव्य को जा सकी। हाल के दिनों में रेलवे को इस तरह की धमकियां मिलती रही हैं, जिनमें से अधिकतर अफवाह साबित हुई हैं। फिर भी प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ऐसे में लोग यही पूछ रहे हैं कि आखिर इन धमकियों से छुटकारा कब मिलेगा और कैसे मिलेगा?

### ये चुनावी दौरे और दलों की तैयारी

**पीएम नरेंद्र मोदी और** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे। नेताद्वय आगामी गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से दौरा कर रहे हैं। सियासी विश्लेषक कह रहे हैं कि एक तरफ जहां राहुल गांधी ने दो दिवसीय दौरे में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जिला अध्यक्षों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है, तो वहीं प्रधानमंत्री मोदी अपने तय सरकारी कार्यक्रमों के जरिए गुजरात साधने में लगे हुए हैं। ऐसे में राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि कांग्रेस 2027 का गुजरात विधानसभा चुनाव जीतेगी और अभी से इसकी तैयारी जरूरी है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1566 स्काट्स की रानी मेरी के निजी सचिव डेविड रिज्जो की हत्या हुई. 1775 पुर्तगाल और स्पेन का युद्ध समाप्त हुआ. 1846 लाहौर संधि के बाद सिख अंग्रेज युद्ध समाप्त हुआ. 1858 अंतिम मुगल शासक बहादुर शाह जफर को रंगून से निष्कासित कर दिया गया. 1876 तुर्की के सैनिकों बल्गारियाई लोगों का संहार किया. 1905 जापान ने मुकदेन में रूसी फौजों को शिकस्त दी. 1942 द्वितीय विश्व युद्ध में जापानियों ने डचों के कब्जे वाले लावा द्वीप पर अधिकार कर लिया..1959 मोसुक (इराक) में सैनिक विद्रोह असफल हो गया..1976 इटली के टेंटों शहर में केबल कार दुर्घटना में 42 व्यक्ति मारे गए. 1986 उपग्रह आधारित दूरभाष संचार का विधिवत उद्घाटन हुआ. 1989 नाटों और वारसा संधि के देशों ने यूरोप में हथियारों की कटोती संबंधी बातचीत विएना में शुरू की. 1990 दोनों जर्मनी के एकीकरण के बारे में प्रारंभिक बातचीत शुरू हुई . 2000 मत विभाजन से पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने इस्तीफा दिया.

## दैनिक पंचांग

9 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.35 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मेष | 08.05 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.45 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.43 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.57 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.13 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.25 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.36 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.50 ब.से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | धनु | 01.06 बजे से |
| | | मकर | 03.12 बजे से |
| | | कुंभ | 04.58 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 68 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 07.46 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 23.55 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 14.58 बजे को समाप्त।
**करण** गर 07.46 बजे तदनन्तर वणिज 19.42 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 29'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872278
**जूलियन दिन** 2460743.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 08

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**नाला (एप्र)।** नाला प्रखंड मुख्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक समारोह आयोजित की गई। समारोह में मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, उप प्रमुख समर माजी, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली मौजूद थे। इस अवसर पर जल सहिया ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर बाल विवाह पर रोक, घरेलू हिंसा पर रोक आदि पर प्रकाश डाला गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने नारी सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राचीन रूढिवादीता को उखाड़ फेंकने और नारी को सम्मान देने की बात कही। इस अवसर पर प्रखंड उप प्रमुख समर माजी ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, चाहे राजनीति के क्षेत्र में हो चाहे आईएएस, आईपीएस हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में महिला पुरूष दोनों आत्मनिर्भर है उस परिवार का विकास संभव है। कहा कि परिवार में बच्चों के लालन पालन तथा कुशल संचालन में महिलाओं की भागेदारी सराहनीय होती है। उन्होंने समाजिक कुरीतियों पर भी प्रकाश डाला। कहा कि कन्या भ्रूण हत्या करना पूर्व की समाजिक कुप्रथा थी, लोगों में जागरूकता नहीं थी जिसके फलस्वरूप कन्या भ्रूण हत्या होती थी। पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली ने कहा कि महिलाएं आज के दिन में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। नारी अगर कुछ मन में ठान ले तो वो हर कार्य कर सकती है। इस अवसर पर कार्यक्रम को बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने भी संबोधित किया और अपनी संघर्ष की कहानी सुनाते हुए कहा कि महिलाओं को घर से बाहर निकलने में पुरूषों की भी भागीदारी कम नहीं है। महिला पुरूष एक गाड़ी के दो पहिये है। इस दौरान उन्होंने महिला दिवस की सार्थकता और औचित्य पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर जल सहिया द्वारा किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यो को



लेकर प्रशस्ति पत्र तथा अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ आकांक्षा कुमारी, उप प्रमुख समर माजी, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली, पेयजल स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कृष्ण दे, स्वच्छता ग्राही गौरव कुमार झा के अलावा सभी गांव की जनसंख्या मौजूद थी। इस अवसर पर जल सहिया सम्पा हालदार, पार्वती मरांडी, शिखा माजी, सुखी रविदास, तृप्ति गोराई, लतिका मंडल, पातामुनि मुर्मू, गीता दास, लतिका मंडल, शरमा मंडल, कल्याणी मंडल, पिंकी सिंह, गुलाबी मरांडी, प्रियंका सिंह, मालावती मोहली, फूल कुमारी मंडल, रेखा रानी शाह, आशा लता पाल, भवानी राय आदि जलसहिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली

**कुंडहित (एप्र)।** शनिवार को कुंडहित प्रखंड मुख्यालय के सभागार में कार्यपालक अभियंता राहुल प्रियदर्शी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के मुखिया एवं जलसहिया ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुरूआत में कुंडहित बस स्टैंड के आस पास एवं बाजार में महिला सशक्तिकरण जागरूकता हेतु




एक रैली का आयोजन किया गया। उसके बाद प्रखंड सभागार कुंडहित में मुख्य रूप से मुखिया कुंडहित, कनीय अभियंता अमन कुमार, जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल, प्रखंड के प्रधान सहायक इबरार अहमद, प्रदीप रक्षित आदि वक्ताओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। प्रखंड समन्वयक रफिक हुसैन ने विभागीय दिशा निर्देश का पालन हेतु विशेष रूप से जानकारी दिया तथा आईएसए के प्रखंड समन्वयक आशीष गोप ने एसबीएम एकेडमी के बारे में सभी उपस्थित जल सहिया को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में प्रखंड के मुखिया एवं सक्रिय जल सहिया को एसबीएम अकादेमी का प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु प्रमाण पत्र मंचासीन पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि के द्वारा किया गया।

## चिरेका में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित

## महिला कर्मचारियों को मिलेगी प्राथमिकता : महाप्रबंधक



**मिहिजाम (एप्र)।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) स्थित बासंती इंस्टिट्यूट हॉल में 8 मार्च, 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह आयोजित की गयी। मौके पर महाप्रबंधक विजय कुमार ने चिरेका परिवार की महिलाओं को इस दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि चिरेका के प्रगति में आप सभी का योगदान अति बहुमूल्य है। जिसे भुलाया नहीं का सकता है। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरन बधान ने कहा कि आज का दिन सम्पूर्ण महिला जगत के लिए महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए जागरूक करने का दिन है। महिलाओं को प्रगति तेज करने का समय आ गया है। महिलाओं के योगदान बिना समाज का निर्माण अधूरा है। परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। महिला को शिक्षित करना जरुरी है क्योंकि इनकी योगदान से समाज और परिवार की तरक्की निर्भर करती है। ज्ञात हो कि इस वर्ष के थीम एक्सीलरेट एक्शन के साथ चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना स्थित बासंती इंस्टिट्यूट हॉल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य कार्मिक अधिकारी रंजन मोहंती, एसीएमएसटुलू चक्रवर्ती ने भी अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख विभागाध्यक्षगण सहित वरिष्ठ अधिकारी, चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, महिला कर्मचारी और पर्यवेक्षकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### मनरेगा के तहत संचालित कई योजनाओं का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**कुंडहित (एप्र)।** उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने शनिवार को प्रखंड के खजूरी, कुंडहित एवं गडजोड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों में मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना, सिचाई कूप, तालाब एवं अबुआ आवास का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने जलछाजन विभाग से निर्मित योजनाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अबुआ आवास के लाभुकों को समय से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं संचालित बागवानी में हो रहे कार्यों की जांच की। उन्होंने लाभुकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आम बागवानी योजना व्यक्तिगत लाभ योजना है। अगर आप इसे ठीक से बागवानी करते हैं तो आप आने वाले समय में यह आपके लिए आयवर्द्धक सिद्ध होगी। आपको इससे सालाना आमदनी हो सकती है। वहीं दवाई, फर्टिलाइजर देने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कुंडहित प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया। मौके पर मनरेगा बीपीओ गोविंद घोष, बीएफटी अनंत मंडल, कुद्दुस अंसारी के अलावे लाभुकगण उपस्थित थे।

### जुआ खेलते पांच लोग गिरफ्तार

**करमाटांड़ (एप्र)।** गुप्त सूचना के आधार पर विगत रात्रि को करमाटांड़ थाना क्षेत्र के कठबरारी हटिया मैदान में जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर वहां भाग निकले। गिरफ्तार आरोपियों में जेरुवा निवासी धनेश्वर पंडित, हेठबंधा निवासी दिलीप यादव, 2200, पिपरासोल निवासी प्रदीप पंडित, कठबरारी निवासी हामिद अंसारी तथा नारायणपुर थाना क्षेत्र निवासी नवाब मियां शामिल है। इनलोगों के पास से नकद 13000 रुपया भी बरामद किया गया है, वहीं लूडो का दो जोड़ा गोटी भी पाया गया। कर्माटांड़ थाना के एएसआई कुलदीप मिंज के लिखित आवेदन पर इन लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**करमाटांड़, (एप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर कर्माटांड़ ब्लॉक परिसर में अंचल अधिकारी चोनाराम हेमब्रम की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान सीता कांटा पंचायत की मुखिया एलिजाबेथ फॉरेन को अंचल अधिकारी सोनाराम हेंब्रम ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। महिलाओं तथा ग्रामीण वीरांगनाओं को विशेष रूप से उनके द्वारा जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में दिए गए उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रखंड स्तर पर सम्मानित किया गया। इस दौरान जल एवं स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तर पर जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने हेतु कई विषयों पर चर चर्चा की गई।

### डीएवी का अनिमेष इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

**जामताड़ा (एप्र)।** सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, जामताड़ा के अष्टम वर्ग के छात्र अनिमेष कुमार का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड - मानक के लिए हुआ है। मलय कुमार यादव और सोनाली यादव के इस मेधावी सुपुत्र ने जिला स्तर पर जीत दर्ज की है। इस पुरस्कार के लिए पिछले वर्ष पहली जुलाई से ऑनलाइन आवेदन लिया गया था। अनिमेष ने मिनी इनवर्टर का निर्माण अपनी परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया था। इस प्रतियोगिता का परिणाम अब जारी कर दिया गया है। अनिमेष को प्रशस्ति पत्र एवं 10 हजार रूपये का नकद पुरस्कार भी मिला है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने अनिमेष को जीत के लिए बधाई एवं आगे के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि डीएवी की चमक को बढ़ाने में एक नग की तरह जुड़ गई है। हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में निरंतर सफलता हासिल कर रहे हैं, यह शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

## इतिहास के हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही महिलाएं : आलोक

**नाला (एप्र)।** गेड़िया शैक्षणिक अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालुका में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के सहायक शिक्षक आलोक कुमार भट्टाचार्य ने की। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सम्मान देने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। कहा कि महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। चाहे राजनीतिक हो, अंतरिक्ष हो, खेल का मैदान हो या प्रशासनिक सेवा हो। कहा कि आज की महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधे मिलाकर चल रही है। मौके पर सहायक अध्यापक नैनी प्रसाद गोरांई ने कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न अंग है। इनके बिना समाज की कल्पना ही नही की



जा सकती है। इनके चाहने पर कोई भी परिवार स्वर्ग बन सकती है और नहीं चाहने पर वह परिवार नरक में तब्दील हो सकता है। मनुस्मृति में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां स्त्रियों का सम्मान होता है वहां देवता का वास होता है। भारत में नारियों को लक्ष्मी का रूप माना जाता है। वैसे तो नारी को विश्व भर में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, किंतु भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में देखा जाए तो स्त्री का विशेष स्थान सदियों से रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अनेक महिलाओं ने अपनी काबिलियत एवं मेहनत के दम पर सफलता हासिल की है। रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला, सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी, सानिया मिर्जा, किरण वेदी ,पीटी उषा आदि ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहराकर देश का सिर गौरव से ऊंचा कर दिए वर्तमान में भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में एक महिला द्रौपदी मुर्मू विराजमान है। कहा कि वर्ष 2025 में महिला दिवस की थीम एक्सीलपेट एक्शन अर्थात तेजी से कार्य करना है। इसलिए समाज में मतभेद को भुलाकर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए सेवा की उत्साहित करना चाहिए। सरकार भी नारियों के उत्थान के लिए महिला समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लक्ष्मी लाड़ली योजना आदि प्रदान कर रही है, जो एक वरदान से कम नही। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें अनिता पाल, चांदनी मंडल एवं सुशांत गोराई क्रमश प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों को पुरस्कृत किया गया।

## योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण को ले प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन



**नाला (एप्र)।** उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में नाला प्रखंड सभागार में वित्तीय वर्ष 2021-22, 22 - 23 एवं 23- 24 में मनरेगा योजना के तहत क्रियान्वित योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण को ले प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीआरडीए निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्व नियोजन पदाधिकारी विजय कुमार मौजूद रहे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ,जिला परिषद सदस्य वंदना देवी, अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी,राजस्व ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सनत कुमार माजी, लोकपाल संजय उपाध्याय ,डीआरपी पंचम प्रसाद वर्मा, बीआरपीएफसी बाबूमनी मंडल ,संजय झा आदि की उपस्थिति में कुल 23 पंचायत की जनसुनवाई का कार्य प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम कास्ता पंचायत की जनसुनवाई प्रारंभ हुई ,जिसमें कुल 26 मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही विभिन्न अभिलेखों की जांच की गई। इस संबंध में जुरी द्वारा बताया कि आज 23 पंचायत का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई की जानी है। जिसमें बड़ारामपुर पंचायत में कुल 5 मामले, दलाबड़ पंचायत में 4 मामले, मडाल्लो पंचायत में 3, महेश मुंडा पंचायत में 22 कुल 112 पंचायत स्तर से चिन्हित मुद्दों पर जनसुनवाई होनी है। सभी प्रखंड स्तरीय प्रस्तावित मुद्दों पर बारी-बारी से सभी अभिलेखों की जांच की जा रही है। इस दौरान जॉब कार्ड में नाम, एनआर ,विभिन्न संचिका, मास्टर रोल, एमबी, ग्राम सभा प्रतिवेदन योजनाओं से संबंधित सभी कागजातों एवं अभिलेख की मिलान की जा रही है। इस अवसर पर सहायक अभियंता निखिल चंद्र शाह, कनीय अभियंता कुंदन कुमार, कनीय अभियंता रामजतन मुर्मू, कनीय अभियंता सौरभ कुमार, कनीय अभियंता उत्तम शर्मा, बीपीओ नयन कुमार, गौतम रुंज, कास्ता पंचायत के मुखिया मिनिसर मुर्मू, जामदही पंचायत के मुखिया प्रमिला सोरेन, मोरबासा पंचायत के मुखिया रानी सोरेन,कुलडंगाल पंचायत के मुखिया सोनोहरी हेंब्रम, पैकबड़ पंचायत की मुखिया आरती हेम्ब्रम, दलाबड़ पंचायत की मुखिया साविका सोरेन, जेएसएलपीएस की फुलटुसी रुईदास सहित सभी पंचायत के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## ऑब्जर्वर सह जैक के सदस्य ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**नाला (एप्र)।** जैक द्वारा संचालित माध्यमिक परीक्षा शनिवार को नाला के दोनों परीक्षा केन्द्रों का ऑब्जर्वर एवं जैक के सदस्य डॉ अजय कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। मालूम हो कि प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में आयोजित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधिक्षक आनंद रंजन मिश्रा की देखरेख व पर्यवेक्षण में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। वहीं नाला इंटर कॉलेज में केंद्राधीक्षक बिपिन कुमार सिंह की देखरेख व पर्यवेक्षण में शांतिपूर्वक तथा कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई। इस अवसर पर ऑब्जर्वर डॉ अजय कुमार गुप्ता ने परीक्षा हॉल का अवलोकन वर वहां की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। इस अवसर पर उन्होंने निरीक्षण संतोषजनक पाए जाने की बात कही। इस अवसर पर इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक बिपिन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मैट्रिक की प्रथम पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा थी। इस क्रम में 460 परीक्षार्थी में 457 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 3 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय नाला परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक आनंद रंजन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मैट्रिक की परीक्षा में 760 परीक्षार्थी में से 754 उपस्थित थे जबकि 6 अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर प्लस टू उच्च विद्यालय की परीक्षा में दंडाधिकारी के रूप में राजेश हेम्ब्रम,सहायक केंद्राधीक्षक सुरजीत भट्टाचार्य सहित अन्य वीक्षक मौजूद थे। वहीं इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में अनुप चक्रवर्ती, तन्मय मंडल, सुब्रत कुमार चौधरी, मलेश्वर घोष, अनुप मुखर्जी,प्रकाश घोष, श्यामल मंडल, संजीव कुमार ठाकुर, कावेरी मंडल, प्रतिभा कुमारी, अजीत कुमार लायेक, आदेश कुमार सिंह, विजय कुमार गण, मंजीत कुमार यादव आदि विक्षक प्रतिनियुक्त थे।

**जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने प्रवचन में विश्व के सनातनियों में वायु प्राण फूंका**

# झारखंड के आदिवासी बहु बेटियों का धर्मांतरण किया जा रहा है सरकार को अभिलंब इस पर रोक लगाना चाहिए : शंकराचार्य

- दक्षिणीडीह में 9 दिवसीय मारुति नंदन रुद्र महायज्ञ के पांच में दिन शंकराचार्य की प्रवचन को सुनने हजारों से हजारों भक्त बृंद पहुंचे।





**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिणीडीह गांव में चल रहे नौ दिवसीय मारुतिनंदन रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन काशी पीठ सुमेरु वाराणसी से पहुंचे प्रखर प्रवक्ता जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने एक घंटे के प्रवचन कार्यक्रम में विश्व के सनातनियों में वायु प्राण फूंक दिए। उन्होंने मंच से हिन्दू धर्म के मानने वाले सनातनियों से कहा की जब तक सूर्य और चंद्र विद्यमान रहेंगे, इस संसार से सनातन धर्म कभी भी मिट नहीं सकता। उन्होंने कहा की हनुमंत यज्ञ करने से हनुमान जी की विशेष कृपा होती है। इस कलियुग में हनुमान जी हैं जो आज भी जीवित हैं और हमारे धर्म की रक्षा करते है। जहां भी यज्ञ ,हवन इत्यादि कार्य होते हैं वहां हनुमंत जी विराजमान होते है। इसलिए रुद्र के ग्यारहवें अवतार हनुमान जी सनातन धर्म की रक्षा स्वयं करते हैं। उन्होंने अपनी वाणी से कहा कि आज पूरे विश्व में प्रयागराज त्रिवेणी महाकुंभ की चर्चा हो रही है। 66 करोड़ सनातनी कुंभ स्नान कर चुके है यह बड़े गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड राज्य में विधर्मियो के द्वारा झारखंड के आदिवासियों बहन बेटियों और बहुओं को धर्मांतरण करवाकर उनकी संपति पर कब्जा जमा रहे है। वैसे विधर्मियो को पहले रोको फिर टोको और फिर भी ना माने तो ठोको ...उन्होंने देश की महिलाओं के साथ हो रहे कुकर्म की चर्चा करते कहा कि जो हमारे माता, बहन और बेटियों पर कुदृष्टि डालता हो उसे भारत जैसे राष्ट्र में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने संत समागम में भाग लेने और प्रत्येक हिन्दू परिवारों को एक सूत्र में बंधे रहने की शिक्षा दी।

जगत गुरु शंकराचार्य जी महाराज ने अपने तेजस्वी और ओजस्वी वाणी से भारत के समस्त सनातनियों से अपने धर्म की रक्षा और भारत की अस्मिता, सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करने की बात कही। राम चरित मानस के बाल कांड से लेकर लंका कांड की व्याख्या करते कहा कि भगवान राम जन्म के बाद अल्पकाल में ही सभी विद्याओं को अर्जित कर पारंगत हो गए थे। यज्ञ कर रहे मुनि विश्वामित्र ने राक्षसों के आतंक से जब परेशान हो गए तब राक्षसों के संहार के लिए भगवान विष्णु ने अवतार लिया। महर्षि विश्वामित्र मुनि श्री राम को मांगने एक याचक के रूप में अयोध्या पहुंचे और राजा दशरथ से राम को साथ चलने का अनुनय किया। मुनि विश्वामित्र राक्षसों के समूल नाश के लिए अयोध्या से राम को मांग कर लौट आए। तब राम में ..राक्षसी ताड़का का वध किया और श्री राम ने शिला बनी अहिल्या को अपने चरणों से उद्धार किया।

इस अवसर पर जगत गुरु शंकराचार्य के प्रवचन को सुनने दूर दराज क्षेत्रों से लोगों की भीड़ उमड़ी थी जिससे कथा पंडाल में बैठे लोगों को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। बता दें कि शंकराचार्य काशी पीठ से सीधे जामताड़ा पूर्व विधायक दिवंगत विष्णु प्रसाद भैया सह समाजसेवी सह यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष चमेली देवी के आवास पहुंचे वहां उनका भव्य रूप से स्वागत किया गया। जामताड़ा से सीधे नारायणपुर थाना होते हुए लगभग 9 बजे रात यज्ञ स्थल पहुंचे। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण जामताड़ा पुलिस प्रशासन द्वारा सिक्योरिटी नहीं दी गई। कमेटी के सदस्यों द्वारा यज्ञ स्थल सुरक्षित रूप से लाया गया। मौके पर यज्ञ कमिटी दक्षिणीडीह और यज्ञ कमिटी बड़बहाल के सदस्य इस यज्ञ में अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

## एक नजर

### होली मिलन समारोह में एनडीए नेताओं ने जमकर उड़ाया रंग-गुलाल



**जमुई(निंस)**। शनिवार को महावीर वाटिका में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में एनडीए नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर जमकर होली का आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह रही, जिन्होंने ढोल-झाल बजाकर समा बांध दिया। उनके साथ उनकी मां एवं बांका की पूर्व सांसद पुतुल देवी और बहन भी मौजूद रही। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख नेताभाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, लोजपा (रामविलास) जिला अध्यक्ष जीवन सिंह, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर मांझी इंजीनियर शंभू शरण,बृजनंदन सिंह, अरुण सिंह नीमा शांति समिति अध्यक्ष ब्रजेश सिंह राजपूत,मिल्टन सिंह,कल्याण सिंह, दुर्गा केसरी, मिथिलेश नंदू सिंह,रवि सिंह,सोनेलाल पासवान,कार्तिक वर्मा,जमील अहमद, वासुदेव मिश्रा, विनय पांडे, टुनटुन यादव एनडीए के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम भाजपा और एनडीए के कार्यकताओं को जोड़ने और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : अर्चना




**बरहट(एप्र)**। नेहरू युवा केंद्र जमुई के जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता के दिशा निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के नवयुवक युवा क्लब गुगुलडीह में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्नेहा कुमारी, द्वितीय प्रियांशु कुमारी एवं तृतीय स्थान पर सनिता कुमारी रही। विजयी प्रतिभागी को प्रधानाध्यापक सत्यनारायण कुर्मी सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि स्वच्छ राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र के संपूर्ण विकास की परिकल्पना मिथ्या के सामान है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। छात्राओं को पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहकर मेहनत करना चाहिए। शिक्षिका अर्चना कुमारी ने बताया कि इस वर्ष महिला दिवस का थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण है। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से अवगत कराने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण पर भी चर्चा की गयी है। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के जरिए शराबबंदी, बाल विवाह से क्या नुकसान होगा इसकी जानकारी देने के साथ-साथ वा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करते हुए बालिका शिक्षा पर जोर देने की बात कही। मौके पर समाजसेवी जनार्दन कुमार शर्मा सहित कई युवा मौजूद थे।

## जागो फाउंडेशन और नाबार्ड के सहयोग से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**गिरिडीह(निसं)**। जागो फाउंडेशन गिरिडीह और नाबार्ड के सहयोग से 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन मीर होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुरआत अतिथियों को शाल और बुके देकर स्वागत के साथ किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मनरेगा लोकपाल तम्मना प्रवीन, जमुआ से जिला परिषद प्रभा वर्मा, जिला परिषद प्रतिनिधि विजय वर्मा, केंदुआ की मुखिया आशा देवी, सीडब्ल्यूसी से पूजा सिन्हा, पूर्व जिला परिषद सदस्य किरण वर्मा, पीएलवी हिरा देवी, नाबार्ड से आशुतोष कुमार, जागो फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ और जागो फाउंडेशन के कार्य क्षेत्र कोवार, जमुआ, तीसरी एवं सीसीएल क्षेत्र से एसएचक्यू से जुड़ी महिलाएँ, किशोरी और संस्था से जुड़े साथी समेत कुल 75 लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का आयोजन के बारे मे बताते हुए जागो फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ ने बताया की 8 मार्च को महिला दिवस उनके सम्मान मे आयोजित पूरे दुनिया मे किया जा रहा है । आज की महिलाएँ किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं, वे पायलॉट , विज्ञान, शिक्षा खेल एवं प्रशाशनिक क्षेत्र समेत सभी जागहों पर अपना नाम कर चुकी हैं । और देश के सबसे ऊपर पद राष्ट्रपति भी महिला ही है । लेकिन समाज के गाँव मे आज भी एक सोच से ऊपर आकर कार्य करने की जरूरत है । ताकि महिलाएँ आत्मनिर्भर बन कर आगे बढ़ें। लोकपाल तम्मना प्रवीन ने बताया की महिलाओं के लिए सरकार की विभिन्न योजना है जिसका लाभ लेकर और जागरूक होकर वे आगे आ सकती हैं । महिलाओं को समाज की जिम्मेवारी लेना है बेटियों को शशक्त बनाना है महिलाएँ अभिशाप नहीं वरदान है ।और हमें शशक्त शिक्षा करेगी उसे पाने मे कोई कमी नहीं करें। डीडीएम नाबार्ड ने बताया की महिला दिवस आज सभी मना रहे हैं और यह क्यों मनाया जाने लगा इसके बारे मे विस्तार पूर्वक बताया , एक समय था महिला घर से नही निकल पाती थी, उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं था , राजतंत्र था महिलाओं को दबाया जाता था लेकिन परिस्थिति बदल चुकी है । सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चल रही है। उन्होंने बताया की नाबार्ड को स्थापना 1982 मे किया गया एसएचजी को बनाया तथा उसके आज मे कुल 17 करोड़ सदस्य हैं ।नाबार्ड के सहयोग से गिरिडीह के विभिन्न प्रखंड में दीदी किचन, ग्राम दुकान जुट बैग, लाह, मदुबानी पेंटिंग जैसे कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है जिसे महिलाओं को स्वरोजगार मिला है । डिजिटल इंडिया के बारे में बताया। सीडब्ल्यूसी पूजा सिन्हा ने बताया की महिलाएँ आत्मनिर्भर बन कर समाज को सहयोग करे आज के समय में समाज को बढ़ने मे जितना सहयोग पुरुष करते हैं उतना महिला भी करती है दोनो के कार्य समान हैं । उन्हें महिला विकास की बात को समझना होगा ग्रामीण क्षेत्र मे जागरूकता की कमी है उसे पुरा करना है ।मंच पर सभी आतिथियों ने महिला शशक्तिकरण को लेकर अपनी अपनी बात को रखा। इसके पश्चात महिला उत्थान के क्षेत्र मे कार्य करने वाले को नाबार्ड और जागो फाउंडेशन की और से स्मृति चिन्ह और मोमेंटो देकर सम्मनित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन नीलम देवी ने किया। सरोजित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# अधिक से अधिक ऋण वसूली की करें कार्रवाई : डीएम



**जमुई (निंस)**। शनिवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ से नीलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों की विभाग वार प्रगति को लेकर गहन समीक्षा किया। जिसमें संबंधित जिला स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारी तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से ससमय भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए नीलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों के संबोधन में कहा कि प्राथमिकता के आधार पर प्रतिमाह अधिक से अधिक ऋण वसूली की कार्रवाई करें। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी नीलाम पदाधिकारियों को निदेशित किया कि फर्स्ट नोटिस सेकंड नोटिस बॉडी वारंट, डिस्ट्रेस वारंट किसी संख्या बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित थानाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर फर्स्ट नोटिस और सेकंड नोटिस को तमिला में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होने नीलाम पत्र वादों एवं राशि की वसूली के लिए संबंधित बैंको विभिागों से समन्वय स्थापित कर निष्पादन हेतु सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निदेश दिया। बैठक में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को कितने वादों प्रथम नोटिस एवं द्वितीय नोटिस के है, की संख्या के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का कहा। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने नीलाम पत्र वाद के त्वरित निष्पादन एवं प्रगति को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नीलाम पत्र वाद का निष्पादन में तेजी लाना सुनिश्चित करें। बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करें। नोटिस तमिला संबंधित थाना के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता,नीलाम पत्र प्रभारी, जिला योजना पदाधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

## महिला उत्थान ही विकसित भारत की पहचान : विकास



**जमुई(निंस)**। विश्व महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास प्रसाद सिंह ने झाझा के सर्किल एक के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मे घूम घूम कर जरुरत महिलाओं से मिल उन्हें साड़ी धोती देकर सम्मानित किया। इसी क्रम मे करमा टोला वंशाटांड़, बोड़वा पहुंचे और दर्जनों महिलाओं को शॉल और साड़ी देकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने के लिए सभी क्षेत्रों मे तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं, खासकर आधी आवादी की अहम भूमिका निर्धारित कर रहे हैं। महिलाएं आज फाइटर प्लान से लेकर सभी क्षेत्री मे अपनी सेवा से देशवासियों का दिल जीत रही है। सम्मानित किये गए महिलाओं मे पूजा देवी, फुलवान्ति देवी, तजमुनिया खातून, गुलशन बेगम, रेखा देवी, बुधनी देवी, समसा खातून,सकीला खातून, नुरेषा खातून सहित अन्य देवी स्वरूपा माताओं को साड़ी धोती देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता बालमुकुंद सिंह, लोकसभा विस्तारक भैयालाल मथुरी, जिला पूर्व महामंत्री नरेंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय अग्रहरि,पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण सिंह,मो हामिद, पंचायत अध्यक्ष भाजपा परमानन्द मोदी, मो अफजल, दिलीप बर्नवाल, मो मुजफ्फर, मो परवेज, वार्ड सदस्य त्रिपुरारी ठाकुर सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2085 मामलों का हुआ निष्पादन




**जमुइ(निंस)**। शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित न्याय सदन में विभिन्न अदालतों में सुलहनीय मुकदमों के निपटान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली उपकरण है। यहां पक्षकारों को त्वरित और कम खर्च पर न्याय दिया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने खास अदालत के जरिए लंबे समय तक चलने वाली कानूनी लड़ाई को समाप्त कर वादियों को राहत देने का काम किया है। इस अदालत में मामलों के निपटान के लिए लचीला रुख अख्तियार किया जाता है। इसके चलते अल्प समय में अल्प व्यय के साथ त्वरित न्याय मिलता है। इससे वे बार-बार कोर्ट जाने और मामले के लिए पूरा दिन आरक्षित करने की परेशानी से बच जाते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुगम,सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध है।वादों के निपटान में पक्षकारों की हार-जीत नहीं होती है।इसका फैसला अंतिम और चुनौती रहित है। पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने कहा कि वाद बेवजह तनाव देता है।राशि की अपव्यय के साथ मानसिक चैन छीन लेता है. समय की बबार्दी होती है।उन्होंने पक्षकारों से राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की। सचिव राकेश रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ न्याय अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय और धन की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।यहां बीमा,बिजली, वन, बैंक, श्रम, खनन, दूरभाष, मापतौल, उत्पाद, वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना, एनआई एक्ट,राजस्व आदि से संबंधित सुलहनीय प्रकरणों की सुनवाई होती है और उदारता के साथ उसका निस्तारण किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की उतनी ही अहमियत होती है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसलों की होती है। उन्होंने वादियों से इस अदालत का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी कमला प्रसाद, अतुल सिन्हा, दिलीप कुमार राय, अमन पापनाई, श्री सत्यम, अनुभव रंजन, नेहा त्रिपाठी, नाजिया खान, भाविका सिन्हा, मृणाल आर्यन,अनिमेष रंजन, अहसन राशिद, मुख्यालय डीएसपी मुख्यालय मो.आफताब अहमद, एलडीएम लक्ष्मी एक्का, कोर्ट कर्मी मुकेश रंजन समेत कई संबंधित अधिकारी, प्रबुद्धजन एवं भारी संख्या में पक्षकार उपस्थित थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2085 मामलों का निषापादन किया गया जिसमें विभिन्न कोर्ट के लंबित वादों की संख्या 514 है बैंक लोन मटर और बीएसएनएल के 1571 मामलों का निष्पादन किया गया। इस निष्पादन में कुल 9.88 करोड़ की समिति राशि प्राप्त की गई। जिसमें लगभग 7 करोड़ 50 लाख की राशि रिकवर की गई।

## प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बरहट (एप्र)**। पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद की अध्यक्षता में शनिवार को मॉडल थाना मलयपुर के संवाद कक्ष में अनुसंधानकर्ता प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 8 से 12 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें पुलिस पदाधिकारियों को वैज्ञानिक तकनीकों पर आधारित अनुसंधान प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान नए पुलिस कानून के तहत पुलिसकर्मियों को कंप्यूटर संचालन, एमएस वर्ड, प्रिंट फाइल, ईमेल भेजने जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, बेहतर अनुसंधान पद्धतियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया ताकि जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। शिविर में पुलिस अधीक्षक ने अनुसंधान प्रक्रिया को तेज और सटीक बनाने के लिए बिंदुवार महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कनिष्ठ अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करें और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।शिविर के दौरान पुलिसकर्मियों को अपराध अनुसंधान की नई तकनीकों से अवगत कराया गया और उन्हें आधुनिक संसाधनों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बेहतर अनुसंधान से ही अपराध नियंत्रण और न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर में साइबर डीएसपी राजन कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी दुर्गेश दीपक, यातायात थाना इंस्पेक्टर मनोज कुमार, मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

# नारी सशक्तिकरण की मिसाल बनीं नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका गुप्ता



**जमुई(निंस)**। नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका गुप्ता नारी सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई है। जिम्मेदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कार्यक्षेत्र को संभालते हुए, उन्होंने यह साबित कर दिया है कि महिलाएं प्रशासन,समाज सेवा और विकास कार्यों में प्रभावी नेतृत्व कर सकती हैं। प्रियंका गुप्ता की मेहनत और कुशल प्रशासनिक क्षमताओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि महिलाओं को सही अवसर और समर्थन मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती हैं। उनकी सफलता न केवल समाज को एक नई दिशा दे रही है,बल्कि अन्य महिलाओं को भी अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिल रही है।

**नगर परिषद में बदलाव की अगुवाई....**

कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में उन्होंने जमुई नगर परिषद में कार्य और विकास को नई गति प्रदान की है। उनके नेतृत्व में सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ है। स्वच्छता अभियान,जल निकासी,सड़क सुधार एवं अन्य बुनियादी सेवाओं में सुधार हुआ है। महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सरकारी लाभ दिलाने में पारदर्शिता आई है।

**महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर...**

प्रियंका गुप्ता का मानना है कि आज महिलाएं केवल परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज और देश के विकास में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। कार्यालयों से लेकर विज्ञान,खेल, शिक्षा और सुरक्षाबलों तक हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सरकारी योजनाओं और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रियंका गुप्ता का कार्य और नेतृत्व यह दशार्ता है कि जब महिलाएं प्रशासनिक पदों पर आती हैं, तो वे कुशलता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करती हैं। उनके प्रयासों से जमुई नगर परिषद का विकास गति पकड़ रहा है और नागरिकों को योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल रहा है।

## व्यवहार न्यायालय में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




**गिरिडीह(निसं)**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, जिसमें कुल 75710 मामलों का हुआ निष्पादन एवं 5 करोड़, 79 लाख, 34 हजार05 रूपए की प्राप्ति हुई एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन एवं सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभुको परिसंपत्तियों से हुए लाभान्वित। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, अरविंद कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, धनंजय कुमार , जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज चंद्र झा, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ गिरिडीह, प्रकाश सहाय एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, मति सोनम बिश्नोई के पावन कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आमजनों एवं पक्षकारों को लाभ प्रदान करने हेतु नालसा, नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में आज के दिन किया जा रहा है। जिला अधिवक्ता संघ गिरिडीह के अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने भी संबोधित करते हुए आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत के विशेषता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला एवं आम पक्षकारों को आह्वान किया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़-चढ़कर अपने मामलों का निष्पादन करा कर खुशी-खुशी अपने घर की ओर जाएं तथा समाज में सौहार्द एवं अमन का वातावरण बनाए रखें। आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आप सभी विद्वान अधिवक्ता गण एवं पक्षकारगण अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए इस प्रांगण में उपस्थित हैं। कार्यक्रम में गिरिडीह न्याय मंडल के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सौरभ कुमार गौतम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी निकिता एवं सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, सभी अधिवक्ता गण, गिरिडीह सदर मुख्यालय सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में गिरिडीह न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, न्यायालय के कर्मचारियों, पारा लीगल वालंटियर्स, मीडिया कमीर्यों सहित पक्षकारों की सराहनीय भूमिका रही।

## जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**गिरिडीह(निसं)**। शनिवार को समाहरणालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला पदाधिकारियों, कर्मियों, महिला पुलिसकर्मियों के साथ समाज मे बेहतर सेवा प्रदान करने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक की 05 टॉपर्स को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी और नारी शक्ति/संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित रहें। समारोह में शामिल अपर समाहर्ता ने कहा कि महिलाओं के अधिकार और समाज में उनके अनुकरणीय योगदान हेतु बधाई दी गई और कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले की महिलाएँ न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, स्वच्छता, समाजसेवा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चाहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हों या महिला सहायिका हों या नगर निकाय की सफाई कर्मचारी- इन सभी ने जिले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है। समारोह में शामिल जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में महिलाओं की भूमिका केवल परिवार और समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे प्रशासनिक, सामाजिक और स्वच्छता अभियानों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

# पुलिस ने अभियान चलाकर तीन शराब भट्टी को किया ध्वस्त



**बरहट(एप्र)**। होली व ईद पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को मलयपुर थाना द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस ने थाना क्षेत्र के देवाचक ग्राम स्थित बेला बथान कैनाल के पास से लगभग 20 लीटर देशी शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दिलीप चौधरी पिता स्वर्गीय राजकुमार चौधरी तथा पार्वती देवी पति स्वर्गीय चौधरी,दोनों साकिन -देवाचक ,थाना- मलयपुर के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। इसके साथ ही पुलिस ने जमुई -लक्खीसराय जिला के मलयपुर एवं चानन थाना के सीमावर्ती क्षेत्र कारीकोल, मियां आहर, जगुआजोर स्थित जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्रों में चल रहे अवैध शराब का कारोबार की सूचना पर शराब माफियाओं के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया ।इस अभियान में पुलिस ने तीन शराब की भट्ठी के साथ कई गैलन में तैयार किया फुला जावा महुआ तकरीबन 100 किलो को नष्ट किया। हालांकि इस दौरान शराब कारोबारी भागने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जमुई लक्खीसराय सीमा क्षेत्र के जंगलों में अवैध देशी शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर किए जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के दिशानिर्देश में अवैध देशी शराब कारोबार के विरुद्ध सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं जंगली इलाकों में मलयपुर थानाध्यक्ष ने अभियान चलाया। इस अभियान में मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकाश कुमार, थानाध्यक्ष, एस आई महेश प्रसाद सिंह, धर्मेन्द्र कुमार एवं मलयपुर थाना के सशस्त्र जवान शामिल थे। मलयपुर थानाध्यक्ष को सूचना थी कि होली पर्व को लेकर शराब कारोबारी सीमावर्ती जंगलों में शराब तैयार कर रहे हैं। तब उन्होंने सर्च अभियान चलाकर शराब भट्ठी को नष्ट किया जबकि झाड़ी में छिपाकर रखा फुला जावा महुआ को वहीं जंगल में विनष्ट किया गया। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा बराबर इन जंगलों में सर्च अभियान चलाकर शराब भट्टी व फुला जावा महुआ को नष्ट किया जा रहा है बावजूद इन जंगलों में अवैध शराब का यह कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

**जंगली क्षेत्र है शराब कारोबारियों का सेफ जोन...**

सूत्रों की मानें तो मलयपुर और चानन थाना क्षेत्र का यह सुदूर इलाका शराब कारोबारियों का सेफ जोन बन गया है।घना जंगल और दो जिला का सीमा क्षेत्र होने के कारण कारोबारी धड़ल्ले से अपना कारोबार यहां करते हैं। जंगली ईलाका के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र का ठप्पा होने एवं अंतर्जिला क्षेत्र के कारण पुलिस भी वहां प्रायः नहीं जाती । यही कारण है कि इन जंगलों में अवैध शराब का कारोबार आज तक बंद नहीं किया जा सका। सूत्रों की मानें तो इन जंगली क्षेत्रों में तैयार शराब जमुई एवं लखीसराय जिले में सप्लाई की जाती है। इस संबंध में मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार कहते हैं कि होली पर्व के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में सर्च अभियान चलाया गया । इस दौरान पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया। जिसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। इसके साथ ही तीन शराब भट्टी एवं फुला जावा महुआ को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी तरह के अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से विधायक निसात आलम ने मुलाकात कर रखी अपनी मांग



**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** साहिबगंज और पाकुड़ दोनों जिले के लाइफ लाइन कहे जाने वाली पाकुड़ बरहरवा मुख्य पथ का अब सिंगल लैंड डबल होने किस दिशा में विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा है पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात कर पाकुड़ और साहिबगंज जिला के बरहरवा को जोड़ने वाले मुख्य पथ चौड़ीकरण की मांग की मांग करते हुए कहा कि पाकुड़ से लेकर बरहरवा तक सड़क चौड़ा है लेकिन भीमपाडा,पलासबोना श्रीधरपुर, के पास सडक काफी पतला है जिस कारण अक्सर जाम लगता है, कई बार दुर्घटना भी हो चुका है, और कई लोगो कि जान भी चुका है यह सड़क को अगर चौड़ीकरण कर दिया जाए तो जाम की स्थिति नहीं होगी साथ ही यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी विधायक ने कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री से मिलकर आग्रह किया गया है कि उक्त सड़क को चौड़ीकरण किया जाए ताकि यहां के आर्थिक विकास में मदद हो सके पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ में जूट उद्योग लगाने एवं इसकी दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है विधायक ने बताया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा जूट मिल लगाने के लिए पहल किया गया था पाकुड़ जिले में 5800 मेट्रिक टन, एवं साहिबगंज जिला में 2400 मेट्रिक टन जुट की उपज प्रत्येक साल होती है यहां के किसानों को अपने फसल को ओने पौने दाम में बेचने पड़ते हैं विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जूट उद्योग लगाने की मांग की गई है ताकि आपके किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

### बरहरवा-दिघी मुख्य मार्ग में टोटो ट्रक में भिड़ंत, टोटो चालक गंभीर रूप से घायल

**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** बरहरवा-दिघी मुख्य मार्ग खैरबनी के समीप टोटो और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई ,जिसमें टोटो चालक लुखिराम बेसरा पिता-सनत बेसरा (उम्र-35 वर्ष) ग्राम-खैरबनी थाना रांगा निवासी गम्भीर रूप से घायल हो गए साथ टोटो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,आनन फानन में स्थानीय ग्रामीणों ने घायल चालक को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया,जहाँ उसका प्राथमिक इलाज किया गया,परिजनों ने बताया कि लुखिराम अपनी पत्नी को लेने बरहरवा बाजार जा रहा था,इसी क्रम में ये दुर्घटना घटित हो गई।चालक लुखिराम को सिर पर गंभीर रूप से चोटें आई है चिकित्सक द्वारा घायल चालक को विभिन्न शारीरिक जाँच के लिए रेफर भी किया है,इधर दुर्घटनाग्रस्त टोटो व ट्रक को रांगा थाना पुलिस घटनास्थल से जब्त कर लिया है ,मामले की छानबीन जांरी है।

### प्रशासन ने श्रीकुण्ड में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, हुई कार्यवाही

**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** शनिवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड चौक (ब्रिज मोड़)पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया।इस अभियान में, सड़क किनारे अतिक्रमित कर अवैध रूप से बनाये दुकानों और होटलो इत्यदि को जेसीबी के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए हटाया गया। जानकारी के अनुसार अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया था। प्रशासन ने पहले अतिक्रमित करने वाले विधिवत नोटिस जारी कर तय समय पर अतिकर्मित स्थान को खाली करने का निर्देश दिया था लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया,जिसके बाद बरहरवा अंचलाधिकारी रामजी वर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किंया गया।मौके पर कोटालपोखर थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ,बरहरवा थाना एएसआई सिदाम रवि दास दल बल के साथ मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वृंदावन पंचायत भवन में सभा का हुआ आयोजन

**तीनपहाड़/साहिबगंज (एप्र)।** तीनपहाड़ क्षेत्र के वृन्दावन पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर महिला सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया पौलुस मुर्मू द्वारा पंचायत के फ्रंटलाइन महिला कर्मी, और जनप्रतिनिधियों को गुलदस्ता और गुलाब देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पंचायत सचिव मिनाक्षी रागिनी एक्का, सीएचओ एस्थर हेम्ब्रम, उप मुखिया बाले हांसदा, वार्ड सदस्य मरांगमय टुडू,सुरूज हांसदा, आंगनबाड़ी सेविका आशा बेसरा, मां मुन्नी देवी, सभी आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया अन्य ग्रामीण महिला उपस्थित थे।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**मंडरो/साहिबगंज (एप्र)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आजाद नगर में नारी सशक्तिकरण एक दिवसीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में गायत्री परिवार कि साधिका बहने शामिल हुई। वही गायत्री परिवार कि प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल द्वारा बताया गया की महिला सशक्तिकरण के माध्यम से सामाजिक राजनीतिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगी और समाज में व्याप्त कुरीतियों भ्रम हत्या दहेज प्रथा डायन प्रथा आदि का उन्मूलन करेंगी। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को जागरूक किया गया।मौके पर जिला महिला अध्यक्ष सरिता गुप्ता, गायत्री परिवार की प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल, सीमा देवी संगीता राय शोभा देवी अंजू देवी निशा देवी रानी देवी नीलम देवी प्रतिभा देवी शालिनी गुप्ता समेत अन्य मौजूद थीं।

### प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति के द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**कोटालपोखर/साहिबगंज (एप्र)।** कोटालपोखर पंचायत भवन में प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं कोटालपोखर आजीविका महिला संकुल स्तरीय समिति के सदस्यों ने अंतरास्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य में आई पीआरपी सुशीला हेंब्रम ने सभी महिला सदस्यों को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। साथ ही महिला कैसे स्वावलंम बन समाज में अपना वर्चस्व कायम कर रही है ये भी बताया। उन्होंने सभी महिला सदस्यों को समिति द्वारा अब तक की गई गतिविधियों और आर्थिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सीसी दीदी, सीसी सर, सीएलएफ के अध्यक्ष बेली कुमारी सचिव हिरनी देवी, कोषाध्यक्ष शिवका देवी साथ ही सभी ए डब्लू, बैंक सखी जीसीआरपी, ओबी मेंबर भीओ के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित हुए। कार्यक्रम में नर्स, सिलाई - कटाई के प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिशियन आदि पर चर्चा की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर साहेबगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**साहिबगंज (एप्र)।** पेजयल एवं स्वच्छता प्रमंडल, साहेबगंज के तत्वावधान में जिले के सभी 09 प्रखंडों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जल, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, किशोरी माहवारी स्वच्छता, सोख्ता गड्ढ़ा और वर्षा जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।इस विशेष दिवस पर पंचायत स्तर पर महिला सभाओं का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं को जल और स्वच्छता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने भाग लिया।इस दौरान प्रखंड स्तर पर जलसहिया सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया दीदियों को सम्मानित किया गया। जिला जल एवं स्वच्छता समिति, साहेबगंज की ओर से इन जलसहिया दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिससे उनका मनोबल और अधिक बढ़ा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में निबंध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं को जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण प्रबंधन की उपयोगिता के बारे में बताया गया।

#### जल जांच और स्वच्छता अभियान

इस अवसर पर जल जांच अभियान भी चलाया गया, जिसमें पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में सोख्ता गड्ढ़ों के उपयोग और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

#### गणमान्य लोगों की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक, जलसहिया दीदी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने जल और स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मुखिया प्रतिनिधि ने किया अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण



**उधवा/साहिबगंज (एप्र)।** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत बोतलुटोला गांव में बुधवार को करीब 1:30 बजे भीषण अग्निकांड में तीन घर जलकर राख हो गया था।आगजनी में घर में रखे बाइक ,नगदी, एवं सारे सामग्री पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। इस घटना में पीड़ित परिवार को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा था। वही ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रणव दास ने शनिवार को पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा इस दुखद घटना को लेकर दुख प्रकट किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री के रूप में खाद्य सामग्री, कंबल,साड़ी, लुंगी,चावल समेत कई अन्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान प्रणव दास ने पीड़ित परिवारों से कहा कि प्रशासन के ओर से सरकारी सहायता हर हाल में मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने आगे भी सहयोग करने की बात कही है। उन्होंने इस दुखद घटना में लोगों को बढ़ चढ़ कर मदद के लिए आगे आने की अपील की है। मौके पर पवन मंडल,ललन मंडल,राजन मंडल लक्ष्मण मंडल,सोचिन मंडल, कुंजलाल मंडल, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एलआईसी एचएफएल द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक



**राजमहल/साहिबगंज(एप्र)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभअवसार पर राजमहल प्रखंड क्षेत्र के महासिंहपुर पंचायत के जमालपुर मैदान में एलआईसी एचएफएल हृदय परियोजना के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी, राजमहल महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, राजमहल थाना के एसआई बिक्रम कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के निर्देशक डॉ अमृत कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक राजीव रंजन झा, महासिंहपुर पंचायत के मुखिया सुनीता कुजूर, लालमाटी पंचायत के मुखिया बबीता देवी सहित अन्य को पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एवं कार्यक्रम में लगाया गया सभी स्टालों का निरीक्षण किया एवं महिला सशक्त करने के दिशा में जो स्टॉल लगाया गया उसे पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। एवं सखीमंडल के दीदीओ के साथ-साथ किशोरियों के बीच में खेलकूद का आयोजन किया गया। एवं पुरस्कार भी दिया गया।

# प्रखंड सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन




**उधवा/साहिबगंज (एप्र)।** प्रखण्ड सभागार में शनिवार को प्रमुख स्टेनशिला सोरेन की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, बीटीएम धर्मराज मंडल, और कई पंचायतों की महिलाएं शामिल हुईं। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर केंद्रित था। इस अवसर पर प्रमुख स्टेनशिला सोरेन ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका कृषि क्षेत्र में भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और अपने जीवन को बेहतर बना सकें। बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने भी इस अवसर पर कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है और हमें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को कृषि क्षेत्र में भी प्रोत्साहित करना होगा ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकें।इस कार्यक्रम में कई पंचायतों की महिलाएं शामिल हुईं और उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में काम करना चाहती हैं और उन्हें इस क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहती हैं। मौके पर उप प्रमुख मामलात शेख,पंचू मंडल समेत अन्य मौजूद थे।

# महिला दिवस पर अस्पताल की सफाई कर्मी को सम्मान



**साहिबगंज (एप्र)।** सदर अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्सव के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में समाजसेविका किट्टी सिन्हा ने अस्पताल में कार्यरत महिला डॉक्टर व सफाई कर्मी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से काम नहीं है.चिकित्सा सेवा से महिलाएं निस्वार्थ सेवा का उदाहरण पेश करती है।वह अपने समर्पण से समाज को नई दिशा देती है।आगे बताया गया कि यह दिन महिलाओं की समानता, शक्तिकरण और अमूल्य योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है.स्वास्थ्य सेवा में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है.नारी शक्ति का सम्मान सशक्त भारत की पहचान हमारी माताएं बहने और बेटीया सिर्फ परिवार की रीड नहीं बल्कि इस देश की ताकत भी है वह घर चलती है समाज संभालती है और अब भविष्य भी गढ़ रही है.चाहे नर्सिंग से लेकर सफाई कर्मी तक महिलाओं तक महिलाएं अपनी मेहनत और समर्पण से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर रही है. और महिलाएं आगे बढ़ रही है मुझे गर्व है अपने देश के ऊपर और हमारी नारी शक्ति के ऊपर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है. किसी घर में नारी हो तो घर-घर नहीं हुआ स्वर्ग बन जाता है.घर के साफ सफाई स्वर्ग बनता है. और जहां साफ सफाई होती है वहां बीमारी नहीं होती है.उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वह अपने अधिकारों को पहचान स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे बढ़े।

### सड़क अतिक्रमण विवाद को लेकर बिस सूत्री अध्यक्ष पहुँचे जांच में



**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** बरहरवा प्रखंड के दुलमपुर मोड़ से बिशनपुर तक जाने वाले ग्रामीण सड़क पर अतिक्रमण को लेकर लगभग दो तीन वर्षों से स्थानीय ग्रामीणों के बीच विवाद उतपन्न हो गई है,स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मुंशी मास्टर नामक व्यक्ति द्वारा सड़क और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा करके घेराबंदी कर रखा गया है,ग्रामीणों के लिए यही एक मुख्य सड़क है जो दो पंचायत के ग्रामों और मुख्य हाइवे को जोड़ती है ,जमीन पर अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है,उक्त शिकायत बिस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास के पास पहुँची जिस पर संज्ञान लेते हुए वो विवादित स्थल की जाँच करने पहुँचे ,मौके पर मुखिया समुद्री बाक्ति,पंचायत समिति सम्भु रजक, वार्ड सदस्य खुदू मंडल,हरीशपुर मंटू रहमान,अमर यादव सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**उधवा/साहिबगंज(एप्र)।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देशन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता, घरेलू हिंसा , दुष्कर्म, आदि की जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड के पूर्वी उधवा पंचायत सचिवालय परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकार पीएलवी रुपेश्वर कुमार सरकार ने विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी। उन्होंने छात्र व छात्राओं को, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 , 15100 , पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी दहेज प्रताड़ना बाल विवाह,पुलिस हेल्पलाइन 100 सहित अन्य के बारे जानकारी दी। मौके पर पंचायत सचिव मोनिका मुर्मू, उप मुखिया दीपा देवी, सुचित्रा सरकार आदि थे।

### भोजनालय होटल में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**साहिबगंज (एप्र)।** जिले में इन दोनों चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। किसी भी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ताजा मामला जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनशाही रोड अनलिमिटेड भोजनालय होटल से अज्ञात चोरों ने चोरी कर घटना को दिया अंजाम दिया है। नगर थाना क्षेत्र के गुप्ता मार्केट कॉलेज रोड निवासी अमित कुमार शाह रोज की तरह अपना भोजनालय के दुकान लगाया करता था। और बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने भोजनालय दुकान के शटर का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और कैस समेत कई सामान उड़ा ले गए। होटल मालिक ने बताया कि होटल में रखे गैस सिलेंडर, मिक्सर ग्राइंडर, पानी का मोटर समरसेबल आदि थे।

# तीनपहाड़ थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



**तीनपहाड़/साहिबगंज (एप्र)।** तीनपहाड़ में होली का त्यौहार आगामी 14 मार्च को थाना क्षेत्र मे मनाया जाना है,जिसको लेकर थाना क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शनिवार की शाम 4 बजे तीनपहाड़ थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे पुलिस प्रशासन सहित क्षेत्र के दोनों समुदाय के गणमान्य मौजूद रहे। वही बैठक की अध्यक्षता तीनपहाड़ थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने की।बैठक मे सर्वप्रथम थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने क्षेत्र वासियो को होली की अग्रिम बधाई और शुभकामनायें देते हुए कहा की होली का त्यौहार मेल मिलाप और भाईचारे का त्यौहार है इसे शांतिपूर्ण और हसीं खुशी के साथ मनाए। मौके पर उपस्थित मनोज यादव, राम जन्म सिंह, जगमोहन सिंह, अनिल सरकार, अनीस अंसारी, खुर्शीद अंसारी, नाजिम अंसारी उर्फ लड्डू, राजेन्द्र भारती, गुलाब महतो, चंदन श्रीवास्तव, श्याम यादव, वकार अहमद, लक्ष्मण रविदास, अनु राय, अकील हसन, गोपाल प्रामाणिक, राजू भगत, अफताब अंसारी, बलराम सिंह, मुर्शीद राजा, राजकिशोर यादव, पौलूश मुर्मू।

# समाजसेवी ने होटल मेजिस्टिक इन का किया उद्घाटन



**साहिबगंज (एप्र)।** शहर के चौक बाजार में कल देर शाम होटल मेजिस्टिक इन का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि साहिबगंज शहर के जाने-माने समाजसेवी सह भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव को होटल ऑनर धनंजय एवं पीयूष तिवारी ने बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।वही समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव ने नारियल फोड़ एवं फीता काटकर होटल का उद्घाटन किया।मौके पर समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि यह होटल उनके मित्र धनंजय का है।उन्होंने कहा कि साहिबगंज में गंगापुल निर्माण होने से यहां होटलों की कमी देखी जा रही थी,ऐसे में शहर में इस होटल के खुलने से इस कमी को दूर करने में बहुत हद तक मदद मिलेगी।वही होटल के ओनर पीयूष तिवारी ने कहा कि होटल में ग्राहकों के लिए सुविधा का खास ख्याल रखा गया है।मिनिमम रेट पर ग्राहकों को होटल में बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।मौके पर लोजपा नेता आकाश पांडेय कृष्णा शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज (एप्र)।** मदनशाही में सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि महाराजपुर निवासी भारत मंडल के 50 वर्षीय पत्नी मनोरमा देवी अपने घर महाराजपुर से मदनशाही किसी काम को लेकर ई रिक्शा में सवार होकर आ रही थी। उसी दौरान सकरी बास्कोला के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के सर फट गया पाव में चोट लगी है। फिलहाल घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर ऋतुराज के देखरेख में किया गया।

## एक नजर

### भारत में महिला उधारकर्ताओं की संख्या में बीते कुछ वर्षों में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में महिला उधारकताओं की संख्या में बीते कुछ वर्षों में भारी वृद्धि हुई है इसमें 2022 से सालाना आधार पर 45 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है एक रिपोर्ट में बताया गया कि अकेले 2024 के महिला उधारकताओं द्वारा 4.8 लाख करोड़ रुपये के लोन लिए गए हैं। हेल्थकेयर महिलाओं के लिए शीर्ष प्राथमिकता रहा है। महिला उधारकताओं द्वारा लिए गए लोन में से 33.5 प्रतिशत का इस्तेमाल मेडिकल इमरजेंसी के लिए किया गया है. बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा शिक्षा के लिए भी लोन लिया गया है। महिला उधारकताओं द्वारा लिए गए लोन में से 20.6 प्रतिशत का इस्तेमाल स्किल डेवलपमेंट और लर्निंग के लिए किया गया है। महिला उधारकताओं द्वारा 17.4 प्रतिशत लोन बिजनेस के उद्देश्य से लिए गए हैं। पूर्वी भारत में उद्यमिता की भावना विशेष रूप से मजबूत है, जहां 25 प्रतिशत महिला उधारकर्ता अपने व्यवसाय के लिए लोन का उपयोग कर रही हैं।

### अमेरिका के एक्सचेंज ऑपरेटर नेस्डेक इंक में अब 24 घंटे होगी ट्रेडिंग

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े एक्सचेंज ऑपरेटर नेस्डेक इंक ने अपने इक्विटी एक्सचेंज पर सप्ताह में पांच दिन, 24 घंटे ट्रेडिंग शुरू करने की योजना बनाई है। एक्सचेंज ने यह फैसला अमेरिकी शेयर बाजार की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए लिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को अधिक अवसर हासिल होंगे। नेस्डेक के प्रेसिडेंट के मुताबिक नियामकीय मंजूरी और इंडस्ट्री के अन्य भागीदारों के साथ तालमेल के बाद यह सुविधा 2026 की दूसरी छमाही तक शुरू हो सकती है। शुरूआत में नेस्डेक कुछ बड़े मार्केट-कैप स्टॉक्स पर एक्सटेंडेड ट्रेडिंग की टेस्टिंग कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक्सचेंज इस सुविधा के लिए अतिरिक्त शुल्क लेता है या नहीं। नेस्डेक ने अपनी योजना की पुष्टि करते हुए कहा है कि वह जल्द ही अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन से अप्रूवल के लिए आवेदन करेगा।

### मलेशियाई पाम ऑयल को बढ़ावा देने एमपीओसी और ओटीएआई में करार

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और मलेशिया के बीच व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीएआई) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एमपीओसी और ओटीएआई ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस सहयोग के तहत भारतीय बाजार में मलेशियाई पाम ऑयल के पोषण संबंधी लाभों और स्वास्थ्य विशेषताओं को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारत को मलेशियाई पाम ऑयल का अहम बाजार मानते हुए, इस साझेदारी का उद्देश्य पाम ऑयल से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना और इसके स्वास्थ्य एवं औद्योगिक उपयोगों को उजागर करना है। यह पहल उपभोक्ता जागरूकता, उद्योग संवाद और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता देगी।

### जीएमआर एयरपोर्ट्स ने डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ने जर्मनी की फ्रापोर्ट से 10 प्रतिशत शेयरधारिता का अधिग्रहण पूरा करने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली है। पिछले सितंबर में जीएमआर समूह की कंपनी ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 12.6 करोड़ डॉलर में खरीदने के लिए फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के साथ शेयर खरीद समझौते की घोषणा की थी। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि अपेक्षित अनुमोदन मिलने और पूर्व शर्तें पूरा करने के बाद कंपनी और फ्रापोर्ट के बीच शेयरों के हस्तांतरण और प्रतिफल के आदान-प्रदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

# बीते सप्ताह वैश्विक बाजार में रहा भारी उतार-चढ़ाव

**मुंबई (एजेंसी)।**




वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी तो कभी गिरावट पर कारोबार होता रहा। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरूआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर खुला और 112.16 अंक की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर खुला और 5.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 347.07 अंक गिरकर 72,738.87 पर खुला और 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 109.85 अंक गिरकर 22,009.45 पर खुला और 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स 807.36 अंकों की बढ़त के साथ 73,800.38 रुपये के स्तर पर खुला और 740.30 अंक की छलांग के साथ 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 92.85 अंक चढ़कर 22,175.50 अंक पर खुला और 254.65 अंक की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 71.90 अंकों की बढ़त के साथ 73,817.34 के स्तर पर खुला और 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 पर बंद हुआ। निफ्टी 32.46 अंकों की मजबूती के साथ 22,369.75 के स्तर पर खुला और 207.40 अंक चढ़कर 22,544.70 के स्तर पर पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 62.42 अंक टूटकर 74,296.00 पर खुला और 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 7.25 अंक फिसलकर 22,537.45 पर खुला और 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद

## एचडीएफसी बैंक का शेयर 1689 रुपये पर हुआ बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है, जहां कुछ कंपनियों के शेयर तेजी पकड़ रहे हैं, वहीं कुछ में गिरावट देखने को मिल रही है। एचडीएफसी बैंक का शेयर भी निवेशकों के बीच चर्चा में बना हुआ है। शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक का शेयर 1689.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सप्ताह में इसने मामूली बढ़त दर्ज की, लेकिन पिछले एक महीने में 2.67 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, दीर्घकालिक नजरिए से देखें तो पिछले 1 साल में 16.69 फीसदी और 5 साल में 51.95 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। जिससे इसका भविष्य सकारात्मक नजर आ रहा है। वर्तमान में एचडीएफसी बैंक के शेयर ने बीएसई पर 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 1689.25 रुपये पर बाजार बंद किया। पिछले कारोबारी दिन इसका मूल्य 1691.20 रुपये था, यानी इसमें 1.95 रुपये की मामूली गिरावट आई। बैंक के शेयरों का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 1,880 रुपये और न्यूनतम स्तर 1,421.25 रुपये रहा है। इस समय बैंक का कुल बाजार पूंजीकरण 12,92,884 करोड़ रुपये है, जो इसे भारत की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनियों में शामिल करता है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह एक मजबूत स्टॉक बना हुआ है। बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसकी विकास दर भी संतोषजनक बनी हुई है। हालांकि, बाजार की मौजूदा अस्थिरता के कारण इसमें अल्पकालिक उतार-चढ़ाव देखे जा सकते हैं।

## भारत शुल्क कटौती करने पर सहमत: ट्रंप

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अपने शुल्क में पर्याप्तः कटौती करने के लिए सहमत हो गया है, क्योंकि भारत अमेरिका पर बहुत अधिक शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस से दिए बयान में कहा कि आर्थिक, वित्तीय और व्यापारिक दृष्टिकोण से हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने पूरी तरह से ठगा है उन्होंने कहा कि कनाडा, मेक्सिको और फिर आप सीधे लाइन में चले जाइए। भारत हम पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। यह लगभग प्रतिबंधात्मक है। हम अंदर बहुत कम व्यापार करते हैं। ट्रंप ने कहा, वैसे, वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अब वे अपने शुल्क में कटौती करना चाहते हैं, क्योंकि अब कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ भी यही बात है। अन्य कई देशों के साथ भी यही बात है, तथा यूरोपीय संघ इस देश का बहुत ज्यादा दुरुपयोग कर रहा है। ट्रंप की यह टिप्पणी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की उनके अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लुटनिक के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका यात्रा के बाद आई है। ट्रंप ने इस सप्ताह तीसरी बार भारत द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क की आलोचना की है। इससे पहले ट्रंप ने कहा कि भारत बहुत उच्च शुल्क वाला देश है और उन्होंने दोहराया कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे।

## भारतीय मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 4.31 प्रतिशत हुई, आरबीआई के लक्ष्य के करीब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मुद्रास्फीति जनवरी में 5.22 प्रतिशत से घटकर 4.31 प्रतिशत हो गई। लगातार चार माह तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से ऊपर रहने के बाद, यह आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच गई। यह ट्रेंड संभावित दरों में कटौती की संभावना को दिखाता है, जिसमें रेपो रेट 6.25 प्रतिशत पर है। शनिवार को आई एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार बाजार की स्थिति निवेशकों के बीच सतर्कता की भावना को दिखाती है, जो आर्थिक स्थितियों, सेक्टर-स्पेसिफिक विकास और ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट के रुझानों से जुड़ी है। फरवरी में निफ्टी 500 इंडेक्स में 7.88 प्रतिशत की गिरावट आई। फैक्टर-बेस्ड रणनीतियों ने बाजार मूवमेंट को दशार्या, जबकि निफ्टी 5 ईयर बेंचमार्क जी-सेक (+0.53 प्रतिशत) सहित निश्चित आय वाले साधनों ने स्थिरता प्रदर्शित की। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर विकसित बाजारों में मिश्रित गतिविधियां देखने को मिलीं, जहां स्विट्जरलैंड ने 3.47 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम ने 3.08 प्रतिशत बढ़त दर्ज की, जबकि जापान ने 1.38 प्रतिशत गिरावट दर्ज की। अमेरिका में सीपीआई मुद्रास्फीति 3 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 2.90 प्रतिशत से मामूली वृद्धि को दशार्ती है। दूसरी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का लॉन्ग-टर्म आउटलुक मजबूत बना हुआ है और इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में सरकारी निवेश, निजी निवेश में तेजी और रियल एस्टेट साइकिल में सुधार के कारण निवेश साइकिल के मध्यम अवधि में तेजी की ओर बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट 2025 में रिन्यूएबल एनर्जी और इससे जुड़े सप्लाई चेन में ज्यादा निजी निवेश, हाई-एंड टेक्नोलॉजी कंपोनेंट्स का स्थानीयकरण और भारत के तेजी से विकास का सपोर्ट करने के लिए ग्लोबल सप्लाई चेन का सार्थक हिस्सा बनने की उम्मीद है। अभी तक वास्तविक अर्थव्यवस्था ने वैश्विक विकास के प्रति लचीलापन दिखाया है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है, विकास-मुद्रास्फीति के आंकड़ों, एमपीसी की पिछली नीति कार्रवाई और एमपीसी के मिनटों के आधार पर, हमारा मानना है कि आरबीआई-एमपीसी अपनी अप्रैल नीति में एक और 25 बीपीएस कटौती करेगा, जबकि अपनी लिक्विडिटी रणनीति पर चुस्त और लचीला बने रहना जारी रखेगा।

## भारत की 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में 76 सीटें महिलाओं के पास

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** 116 भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों की 1,314 बोर्ड सीटों में से 76 सीटें महिलाओं के पास हैं, जो कुल सीटों का 5.8 फीसदी है। शनिवार को जारी ताजा रिपोर्ट में में यूनिकॉर्न इकोसिस्टम में जेंडर डायवर्सिटी को बेहतर बनाने के पर प्रकाश डाला गया है। इसके विपरीत हाल ही में एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारतीय इंक में महिलाओं के पास 18.3 फीसदी बोर्ड सीटें थीं, जबकि वैश्विक औसत 23.3 फीसदी है। एक प्राइवेट रिसर्च के मुताबिक कंपनी लेवल पर 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में से 48 फीसदी के बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जबकि उनमें से केवल 11 फीसदी के पास एक से ज्यादा महिला निदेशक थीं। यह भारतीय यूनिकॉर्न द्वारा बोर्डरूम में जेंडर गैप को पाटने के प्रयासों का नतीजा है। रिसर्च के शोध निदेशक ने कहा कि यह लंबे समय से चला आ रहा है कि वे कंपनियां जिनके पास ज्यादा डायवर्स बोर्ड हैं, वे वित्तीय रूप से बेहतर प्रदर्शन करती हैं। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि ज्यादा डायवर्स बोर्ड वाली कंपनियां बेहतर वित्तीय प्रदर्शन करती हैं। विश्लेषण के मुताबिक दूसरे क्षेत्र के यूनिकॉर्न की तुलना में वित्त यूनिकॉर्न में महिला निदेशकों (16) का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा था। इसके बाद सॉफ्टवेयर (8), खुदरा (7), बीमा (5), यात्रा और आतिथ्य (5), और उभरती हुई टेक्नोलॉजी (4) यूनिकॉर्न का स्थान रहा। कई यूनिकॉर्न अपने बोर्ड में एक से अधिक महिला निदेशकों के साथ बोर्डरूम डायवर्सिटी के प्रति अपने कमिटमेंट के लिए आगे आए हैं। उनके बोर्ड में कई महिलाओं की मौजूदगी ब्रॉडर इकोसिस्टम के लिए एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती हैं, जो दशार्ती है कि जेंडर-इंक्लूसिव लीडरशिप संभव है और व्यवसाय के विकास के लिए फायदेमंद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्डरूम में महिलाओं की रिपोर्ट के मार्च 2024 एडिशन के मुताबिक 2022 से बोर्डरूम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 3.6 फीसदी बढ़ा है और जेंडर पैरिटी प्राप्त करने की अनुमानित समयसीमा भी सात साल कम हो गई है।

## एनबीएफसी पर आरबीआई की कार्रवाई, लगाया भारी जुर्माना

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर कुल 76.60 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। यह कार्रवाई पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म्स द्वारा आरबीआई के निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के कारण की गई है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2017 के उल्लंघन पर फेयरएसेट्स टेक्नोलॉजीज इंडिया पर 40 लाख रुपए, जबकि ब्रिज फिनटेक सॉल्यूशंस और रंग दे पी2पी फाइनेंशियल सर्विसेज पर 10-10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। आरबीआई ने विजनरी फाइनेंसपीयर पर 16.6 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि यह जुमार्ना नियामकीय अनुपालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है

## एनएसई-बीएसई के डेरिवेटिव अनुबंधों में टकराव से बदलाव की संभावना

**विश्लेषकों का मानना है कि यह आय वृद्धि के अनुमानों में कटौती की गई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दो सबसे बड़े शेयर बाजारों एनएसई और बीएसई के बीच निपटान की तारीख पर हैरानी बनी है। एनएसई ने निफ्टी डेरिवेटिव अनुबंधों की एक्सपायरी तारीख में बदलाव की घोषणा की है, जो बाजार में बड़े बदलाव की संभावना ला सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि बीएसई के आय वृद्धि के अनुमानों में कटौती की गई है और एनएसई के इस कदम से वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। ब्रोकरेज ने बीएसई के आने वाले वित्त वर्ष के आय अनुमानों में कटौती की है और उनके कीमत लक्ष्य को भी कम किया है। शेयर की अर्निंग रेटिंग में भी 40 गुना की घटाव देखने को मिला है। इसके चलते बीएसई का शेयर कारोबार में गिरावट का शिकार हो गया है। बीएसई के प्रबंध निदेशक ने इस स्थिति पर अल्पकालिक प्रतिक्रिया की बात कही है, हालांकि एक्सपायरी दिन में बदलाव को लेकर कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। बीएसई के इस सागर के नमूने के साथ, बाजार में एक नया दौर शुरू हो सकता है। ब्रोकरेज ने बीएसई के वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के आय अनुमानों में क्रमशः 13.4 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत की कटौती की है और कीमत लक्ष्य भी लगभग 30 प्रतिशत घटाकर 5,160 रुपये कर दिया है, जिससे शेयर की अर्निंग रेटिंग घटकर 40 गुना (पहले 50 गुना) रह गई है। बीएसई का शेयर 4,178 रुपये पर बंद हुआ। पिछले 10 कारोबारी सत्रों में यह शेयर करीब 30 फीसदी गिर चुका है। बीएसई के प्रबंध निदेशक का मानना है कि बाजार में इस तरह के घटनाक्रमों पर अल्पकालिक प्रतिक्रिया होती है, लेकिन उन्होंने इस बात का कोई पक्का जवाब नहीं दिया कि बीएसई अपने एक्सपायरी दिन में बदलाव करेगा या नहीं। उन्होंने कहा कि हम बाजार की प्रतिक्रिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और उसके आधार पर कोई निर्णय ले सकेंगे।

## एलन मस्क पर कानूनी शिकंजा, ट्विटर डील को लेकर कोर्ट में होगी पूछताछ

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क को 3 अप्रैल को वॉशिंगटन डीसी में निवेशकों के वकीलों के सामने पेश होना होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 2022 में ट्विटर की खरीद से जुड़ा है। निवेशकों का आरोप है कि मस्क ने जानबूझकर डील को टालमटोल किया और कंपनी की आलोचना कर ट्विटर के शेयर गिरा दिए। इससे उन्हें सस्ते में सौदा करने का मौका मिला। पहले मस्क के वकील उनकी गवाही को लेकर राजी नहीं थे, लेकिन अब उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मस्क ने ट्विटर खरीद को लेकर कई बार अपना फैसला बदला, जिससे निवेशकों को



नुकसान हुआ। आखिरकार, कानूनी लड़ाई के बाद उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदा और इसे एक्स क्राप नाम से रीब्रांड कर दिया। इस बीच, मस्क अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं और अपनी कई कंपनियों से जुड़े कानूनी मामलों में उलझे हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को की एक संघीय अदालत ने दिसंबर 2023 में एलन मस्क की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एक केस को रद्द करने की मांग की थी। जज ने कहा कि मस्क के बयान वास्तविक स्थिति से काफी अलग थे। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने जनवरी में मस्क पर केस दर्ज किया था। एसईसी का आरोप है कि मस्क ने ट्विटर में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की जानकारी समय पर नहीं दी और शेयरों को गुपचुप तरीके से कम कीमत पर खरीदते रहे। इस वजह से कई निवेशकों ने अपने शेयर सस्ते में बेच दिए

## फरवरी में ईवी बिक्री में 18 फीसदी गिरावट तिपहिया और यात्री वाहनों में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में फरवरी के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कुछ मुश्किलों की वजह से सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत और मासिक आधार पर 18.2 प्रतिशत की गिरावट आई और यह घटकर 1,39,026 रह गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि ईवी की सभी चार श्रेणियों की बिक्री में मासिक आधार पर दो अंकों में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन तिपहिया वाणिज्यिक और यात्री वाहनों में सालाना आधार पर एक अंक में वृद्धि देखी गई। फरवरी के दौरान टीवीएस मोटर, एथर एनर्जी और ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री घटकर 18,762, 11,807 और 8,647 रह गई जिससे देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 22.1 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इसी श्रेणी में बजाज ऑटो की मासिक बिक्री में कुछ सुधार नजर आया। सालाना आधार पर बिक्री में 8 प्रतिशत की गिरावट आई। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री में मासिक आधार पर 11.4 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि सालाना आधार पर इसमें 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल बिक्री 53,116 रही। ओमेगा सेकी को छोड़कर सभी मूल उपकरण विनिमार्ताओं (ओईएम) ने मासिक आधार पर तिपहिया वाहनों की अपनी बिक्री में भारी गिरावट देखी। यात्री वाहनों के मामले में फरवरी के दौरान बिक्री घटकर 8,968 रह गई जबकि एक महीने पहले यह 11,266 थी। हालांकि एक साल पहले की 7,539 बिक्री की तुलना में इसमें इजाफा हुआ है। केवल ह्युंदै मोटर और बीएमडब्ल्यू इंडिया ने मासिक और सालाना दोनों आधार पर खासा इजाफा दर्ज किया। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने 856 रही जबकि जनवरी में यह 847 और एक साल पहले 972 थी। इस श्रेणी में मासिक आधार पर 11.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## सैमसंग ने इवेंट में बताया कि ट्रिपल फोल्डेबल स्मार्टफोन लाएगी सैमसंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग ने अपने गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में बताया कि वह भी ट्रिपल फोल्डेबल स्मार्टफोन लाएगी। उसकी एक झलक कंपनी ने प्रेजेंटेशन में दिखाई थी। ताजा रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सैमसंग के ट्राई-फोल्डेबल स्मार्टफोन का प्रोडक्शन जल्द शुरू हो सकता है। इस फोन को गेलेक्क्सी झेड सीरीज में आने वाले फोल्डेबल फोन्स के साथ लाया जा सकता है। यह लॉन्च इस साल की तीसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के बीच होने की उम्मीद है। सैमसंग गेलेक्सी ट्री फोल्ड पर लेटेस्ट इन्फर्मेशन आई है। इस साउथ कोरियाई पब्लिकेशन ने बताया है कि कंपनी अप्रैल महीने से जरूरी पार्ट्स को जुटाना शुरू करेगी और उसके साथ ही गेलेक्क्सी झेड सीरीज के फोल्डेबल फोन्स का प्रोडक्शन शुरू कर दिया जाएगा।


**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल दुमका।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

**e-Tender Ref. No: WRD/Irr.Div.Dumka/SBD-IFB-06/2024-25 (4th call) Dt : 08.03.2025**

1. विभाग का नाम – जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार ।
2. विज्ञापनदाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल, दुमका । Mob. No. -9801476699 Email ID- eedmkirr@gmail.com
3. निविदा विपत्र वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि – 11.03.2025 को (11:00 AM)
4. परिमाण विपत्र डाउनलोड करने की तिथि – 11.03.2025 (11:00 AM) से 04.04.2025 (05:00PM) तक
5. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 04.04-2025 (05:00 PM)
6. तकनीकी निविदा खुलने की तिथि – 07.04.2025 (03:00 PM)
7. ई0–निविदा आमंत्रण सेल का हेल्प लाईन न0. 06432357181

कार्य का विवरण –

| क्र0सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि 1% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | PCC Lining work and Restoration of Structures of Haripur Distributory Originating from Mayurakshi Left Bank canal | 14,31,12,136.85 | 14,32,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

नोटः सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगें।
(1) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी, अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो इसकी सारी जवाबदेही सम्बंधित निविदादाता की होगी।
(3) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
(4) राज्य सरकार द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागू होंगें।
(5) ज्यादा जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
सिंचाई प्रमंडल दुमका

PR 348127 (Water Resource) 24-25 (D)



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची।**
**कार्यालय,**
**भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर**
email : scodeoghar@gmail.com

**अनु0जाति, अनु0जनजाति लघु सीमान्त कृषकों एवं महिला लाभुकों को व्यक्तिगत अनुदान पर यंत्र वितरण हेतु सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–29 दिनांक 01.07.2024 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत अनु0जाति,अनु0 जनजाति, लघु सीमान्त कृषकों एवं महिला लाभुकों को व्यक्तिगत अनुदान पर यंत्र वितरण हेतु आवेदन फॉर्म में आवेदन आमंत्रित की जाती है। कृषि यंत्रों की सूची निम्न प्रकार है।

| S. No. | Details of Agri. Machine | For SC, ST, Small & Marginal Farmer, Women beneficiary Maximum permissible subsidy per Machine/ Equipment per beneficiary (Rs. in Lakhs) |
|---|---|---|
| 1. | Tractor 4 WD (08-20 PTO HP) | 2.25 |
| 2. | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 2.50 |
| 3.. | Power Tiller (8 BHP & Above) | 0.85 |
| 4.. | Self Proplled Rice Transplanter (4 Rows) | 1.50 |
| 5. | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 0.75 |
| 6. | Self Propelled Weeder (Below 2BHP) | 0.25 |
| 7. | Self Propelled Weeder (Above 2BHP) | 0.35 |
| | **Tractor (Below 20 BHP) driven equipments** | |
| 8. | Cage Wheel | 0.20 |
| 9. | Cultivator | 0.20 |
| 10. | Multi crop Threshers | 0.30 |
| 11. | Paddy Thresher | 0.30 |
| | **Tractor (Above 20 BHP) driven equipments** | |
| 12. | Zero-till Seed Drill multi crop (7 tines) | 0.18 |
| 13. | Seed drill/Zero till seed drill (9 tines and above) Above 35 BHP Tractor driven | 0.20 |
| 14. | Cage Wheel | 0.30 |
| 15. | Cultivator | 0.30 |
| 16. | Multi crop Threshers | 0.40 |
| 17. | Paddy Thresher | 0.40 |
| 18.. | Rotavator (Up to 5 Feet) | 0.35 |
| 19.. | Rotavator (5 Feet) | 0.42 |
| 20. | Rotavator (6 Feet) | 0.448 |
| 21. | Rotavator (7 Feet) | 0.476 |
| 22. | Mini Rice Mill | 2.40 |
| 23. | Manual Sprayer: Knapsack/foot/Battery operated sprayer | 0.0075 |
| 24. | Powered Knapsack sprayer/Power Operated sprayer (Capacity 8-12 lts) | 0.031 |

1. कृषि यंत्र/मशीन उपकरण के यंत्र एवं माडल का चयन कृषक अपने इच्छानुसार करेंगे। जिसपर विभाग द्वारा सूचीबद्ध निर्माता/अधिकृत विक्रेता के द्वारा दिये गये दर पर अनुदान देय होगा। सभी यंत्रों में यंत्र मॉडल, उपयोग एवं अधिकतम अनुदान की राशि का व्यौरा कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर से विज्ञापन प्रकाशन तिथि से कार्यालय अवधि (11.00 से 4.00 बजे तक) दिनांक 12.03.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। कार्यालय में आवेदन प्राप्ति हेतु किसान का पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा। पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांक 17.03.2025 तक भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर में जमा लिया जायेगा। प्राप्ति संख्या/रसीद की प्राप्ती हेतु आवेदन की एक छायाप्रति साथ में लाना आवश्यक है।
2. जिन कृषक को पूर्व में केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी।
3. आवेदन संबंधित ग्राम सभा से पारित होना आवश्यक है।

विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता :– कार्यालय भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर (संयुक्त कृषि भवन) चाँदपुर

भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी,
देवघर

PR.NO.348182 Deoghar(24-25):D

## एक नजर

### पूर्व रेलवे चलाएगा दो और होली स्पेशल ट्रेन

**आसनसोल (एप्र)।** आगामी होली के दौरान यात्रियों की अपेक्षित भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व रेलवे ने दो और होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है, जो कोलकाता और लालकुआं तथा कोलकाता और कानपुर सेंट्रल के बीच चलेगी। ये विशेष ट्रेनें होली त्यौहार की अवधि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त क्षमता और बेहतर सुविधा प्रदान करेंगी। 05060 लालकुआं-कोलकाता होली स्पेशल 13.03.2025, 20.03.2025 और 27.03.2025 (03 ट्रिप) को लालकुआं से 13:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। 05059 कोलकाता-लालकुआं होली स्पेशल ट्रेन दूसरे दिन अर्थात 15.03.2025, 22.03.2025 और 29.03.2025 को कोलकाता से 05:00 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन 15:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में स्लीपर क्लास और वातानुकूलित श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। 04153 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता होली स्पेशल 10.03.2025 और 31.03.2025 के बीच प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को कानपुर सेंट्रल से 14:00 बजे रवाना होगी (07 ट्रिप) और अगले दिन 07:50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। 04154 कोलकाता-कानपुर सेंट्रल होली स्पेशल कोलकाता से 10:45 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन 11.03.2025 से 01.04.2025 के बीच प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को (07 ट्रिप) चलेगी और अगले दिन 04:30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के दुगार्पुर और आसनसोल स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में स्लीपर क्लास और वातानुकूलित श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

### ईडी ने एयरपोर्ट से किया बिजनेस जेट जब्त

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त की। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप के सीएमडी अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है। आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ी वाले इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के जरिए निवेशकों से 1700 करोड़ रुपए इकट्ठा किए। कुल फंड में से 850 करोड़ रुपए वापस कर दिए गए। 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया।

### 9 राज्यों में दो दिन बाद गर्मी बढ़ेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में अब मौसम का हाल बदलने वाला है। आने वाले दो दिनों में मप्र-यूपी समेत देश के 9 राज्यों में तेजी से गर्मी बढ़ेगी। निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अफगानिस्तान के ऊपर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। यह 9 मार्च की रात को जम्मू-कश्मीर पहुंचेगा। एजेंसी के मुताबिक इसके बाद भी लगातार दो-तीन वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आएंगे। इनके बीच अंतर न होने से उत्तरी हवाएं नहीं चल पाएंगी और ठंडक खत्म हो जाएगी। इसके चलते 15-16 मार्च तक तापमान अधिक बना रहेगा। इस बीच रात का तापमान भी बढ़ेगा और सुबह-रात की सर्दी खत्म हो जाएगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते अधिकांश पहाड़ी राज्य प्रभावित होंगे। सीनियर वेदर एक्सपर्ट डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि होली के दिन (13-14 मार्च) मध्य प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 35 से 36 डिग्री तक पहुंच सकता है। जबकि रात का तापमान 17-18 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। 16 या 17 मार्च से प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने और बारिश होने की संभावना बन सकती है।

### मणिपुर में फ्री ट्रैफिक के पहले दिन हिंसा भड़की

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भडक उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड? वाली सडकों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सडकों पर पत्थर बिछा दिए। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले दागे। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति इलाकों में जा रही सरकारी बसों को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया जा रहा है। इसके अलावा रेड जोन वाले इलाकों में जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने 1 मार्च को मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय में समीक्षा बैठक की थी। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सडकों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही सडकें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के हेलीकॉटर पर हमला

**खारतूम (एजेंसी)।** दक्षिण सूडान के सुदूर क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के एक हेलीकॉप्टर पर हमला हुआ, इसमें चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने इसकी जानकारी दी। इस हमले के बाद हिंसा बढ़ गई है जिससे देश के दो शीर्ष नेताओं के बीच नाजुक शांति समझौते को खतरा पैदा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र मिशन के अनुसार, यह हमला दक्षिण सूडान के ऊपरी नील राज्य के नासिर क्षेत्र में हुआ। राष्ट्रपति साल्वा कीर ने कहा कि हमले में कई सैनिक और नासिर में उनके कमांडिंग ऑफिसर जनरल माजुर डाक भी मारे गए। राष्ट्रपति के बयान में कहा गया, मैं आपसे शांत रहने की अपील करता हूं। मैं जिस सरकार का नेतृत्व कर रहा हूं, वह इस संकट से निपटेगी और हम शांति के मार्ग पर अडिग रहने वाले है।

### सीरिया में हिंसा, 200 से ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीरिया की नई सरकार के पक्ष में खड़े लड़ाकों ने देश के बॉर्डर पर कई गांवों पर हमला किया, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई है। यह हमला अपदस्थ राष्ट्रपति बशर असद के वफादारों द्वारा सरकारी सुरक्षा बलों पर हाल ही में किए गए हमलों के जवाब में किया गया। लड़ाई शुरू होने के बाद से 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। गांवों में बदले की भावना से किए गए हमलों में मारे गए करीब 140 लोगों के अलावा, मृतकों में सीरिया के सरकारी बलों के करीब 50 सदस्य और असद के प्रति वफादार 45 लड़ाके शामिल हैं।

### भारतीय को ऑस्ट्रेलिया में 40 साल कैद

**रेवाड़ी (एजेंसी)।** हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले एक युवक को ऑस्ट्रेलिया में रेप करने के मामले में 40 साल कैद की सजा सुनाई गई है। सिडनी की एक कोर्ट ने रेवाड़ी के बालेश धनखड़ को कोरियन महिलाओं के साथ रेप करने के मामले में यह सजा सुनाई है। धनखड़ ऑस्ट्रेलिया में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक संगठन ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी का अध्यक्ष रह चुका है। आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई कार्यक्रमों की फोटो भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।

## राहुल गांधी ने पार्टी को दिखाया आईना, बोले

# गुजरात में पार्टी नाकाम हुई यह कहने में कोई शर्म नहीं



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने कहा कि, गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं उनके लिए लड़ते हैं, उनकी इज्जत करते हैं जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। कांग्रेस सांसद ने यह बात गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। राहुल ने कहा कि गुजरात फंसा हुआ, इसको रास्ता नहीं दिख रहा। गुजरात आगे बढ?ा चाहती है। गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसको रास्ता नहीं दिखा पा रही है। मैं ये बातें डरकर नहीं बोल रहा हूं और न शरमाकर बोल रहा हूं। मगर मैं आपके सामने ये बातें रखना चाहता हूं कि चाहे राहुल गांधी हो, चाहे जनरल सेक्रेटरी हों हम गुजरात को रास्ता नहीं दिला पा रहे हैं। अगर हम गुजरात की जनता को रिस्पेक्ट करते हैं, तो साफ कहना पड़ेगा कि आज तक जनता की जो उम्मीदें हमसें थी, मुझसे थीं, वो हम पूरी नहीं कर पाए। अगर ये नहीं बोलेंगे तो हमारा गुजरात की जनता से रिश्ता नहीं बनेगा।

**हमारे बब्बर शेर चेन से बंधे हैं**

गुजरात की जो लीडरशीप हैं उसमें दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। ये दो टाइप के हैं। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं उनके लिए लड़ते हैं, उनकी इज्जत करते हैं जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। जब तक अपने इन दो ग्रुपों को अलग नहीं किया तब तक गुजरात की जनता हम में विश्वास नहीं करेगी। गुजरात के किसान, मजदूर, स्टूडेंट विकल्प चाहते हैं न कि बी टीम। तो मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता।

## तनुश्री दत्ता की याचिका खारिज

**मुंबई (एजेंसी)।** नाना पाटेकर को मी टू केस मामले में मुंबई कोर्ट से राहत मिली है। उनके खिलाफ चल रहा यौन उत्पीड? का केस बंद हो गया है। कोर्ट ने तनुश्री दत्ता की उस याचिका को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने नाना पाटेकर के खिलाफ चल रही जांच बंद करने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने याचिका खारिज करते वक्त कहा कि एक्टर के खिलाफ यौन उत्पीड? के आरोपों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है। मुंबई के अंधेरी स्थित रेलवे कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट एनवी बंसल ने इस मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि एक्ट्रेस की तरफ से शिकायत सीमित समय अवधि के बाद दायर की गई थी और देरी का कोई कारण नहीं बताया गया है। इसलिए अब इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर इतने लंबे अंतराल के बाद देरी को स्वीकार किया जाता है तो यह न्याय की सच्चाई और समानता के सिद्धांत के खिलाफ होगा।

## यूपी एटीएस ने 18 साल से फरार हिज्बुल मुजाहिदीन का आतंकी को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद (एजेंसी)।** यूपी पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 18 साल से फरार हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया है। आतंकी जनपद पूंछ, जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है। बताया गया की मुरादाबाद पुलिस ने आतंकवादी उल्फत हुसैन पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। उल्फत हुसैन मुरादाबाद के थाना कटघर से एक मुकदमे में फरार चल रहा था। उल्फत हुसैन पुत्र हाजी अताउल्लाह खान, ग्राम फजलाबाद, सुरनकोट, जिला पूंछ जम्मू-कश्मीर का मूल निवासी है और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। आतंकवादी उल्फत हुसैन शस्त्र अधिनियम, पोटा, व सीएल एक्ट में मुरादाबाद के थाना कटघर से वांछित है। जमानत पर छूटने के बाद वो फरार गया था। मुरादाबाद कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। आतंकवादी उल्फत हुसैन वर्ष 2001 में मुरादाबाद आया था और इसे 9 जुलाई 2002 को गिरफ्तार कर इसके पास से एक एके-47, एक एके 56 सहित दो पिस्टल 12 हैंड ग्रेनेड, 39 टाइमर 50 डेटोनेटर सहित भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया था।

गिरफ्तार आतंकी से पूछताछ जारी है और सुरक्षा एजेंसियां यह जांच कर रही हैं क्या वह किसी नए आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था या किसी बड़ी साजिश की तैयारी में था। उसे जल्द ही कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया की हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकवादी संगठन से संबंध रखने वाले आतंकवादी उल्फत हुसैन को 9 जुलाई 2002 में जेल भेजा था। फिर उल्फत हुसैन को जमानत मिल गई थी। इसके बाद लगातार यह कोर्ट में तारीखों पर नहीं आ रहा था। इसको लगातार कोर्ट से वारंट भेजे गए थे। 2015 में परमानेंट गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। शुक्रवार को मुरादाबाद की कटघर थाना पुलिस और एटीएस ने आतंकवादी उल्फत हुसैन को जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार किया।

## इजरायली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कुछ अज्ञात लोगों ने एक विदेशी पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और उनके साथ मौजूद तीन पुरुषों के साथ मारपीट कर उन्हें पानी में फेंक दिया। इनमें से एक युवक का शव शनिवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात 11:00 से 11:30 बजे के बीच सनापुर झील के पास हुई। आरोपियों ने 27 वर्षीय इजरायली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय होमस्टे संचालिका के साथ दुष्कर्म किया।

**झील में मिला ओडिशा के एक पर्यटक का शव**

ओडिशा का एक पर्यटक, जो घटना के वक्त पीड़ित महिलाओं के साथ था, गायब हो गया था। हमलावरों ने उसे तुंगभद्रा नहर में फेंक दिया था। शनिवार सुबह उसका शव झील में मिला। वहीं, अमेरिका और महाराष्ट्र के दो अन्य पर्यटक मारपीट में घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस जघन्य अपराध की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई है। इस घटना के बाद गंगावती रूरल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मृतक का शव मिलने के बाद, अब हत्या की धाराएं भी जोड़ी जाएंगी।

हमलावरों ने पेट्रोल पंप के बारे में पूछा

एफआईआर के अनुसार, चार पर्यटक और एक होमस्टे संचालिका सनापुर झील के पास एन्जॉय कर रहे थे। तभी तीन लोग मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचे और पेट्रोल पंप के बारे में पूछने लगे। जब होमस्टे संचालिका ने बताया कि पास में कोई पेट्रोल पंप नहीं है, तो वे पैसे मांगने लगे। जब पर्यटकों ने उन्हें पैसे देने से इनकार कर दिया, तो आरोपी, जो कन्नड़ और तेलुगू भाषा बोल रहे थे, गाली-गलौच और मारपीट करने लगे। इसके बाद उन्होंने तीनों पुरुष पर्यटकों को जबरदस्ती नहर में धकेल दिया।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

पीड़िता के अनुसार, जब उसके दोस्त नहर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तब तीन में से दो हमलावरों ने उसके और इजरायली महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद से पुलिस की विशेष टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार सुबह से डॉग स्क्वायड और दमकल विभाग के अधिकारी लापता पर्यटक की तलाश कर रहे थे, जिसका शव शनिवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस अब आरोपियों की पहचान करने और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

## पीएम मोदी के बाद अब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे सौराष्ट्र, 2 दिन गुजारेंगे गुजरात में


**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अब केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 और 9 मार्च को दो दिन गुजरात में रहेंगे। इस यात्रा के दौरान अमित शाह जूनागढ़, गिर सोमनाथ, अहमदाबाद और गांधीनगर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें धार्मिक, सामाजिक और विकासात्मक कार्यक्रम शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह अब सौराष्ट्र के गिर सोमनाथ पहुंच गए हैं, उनके साथ पत्नी भी दर्शन के लिए पहुंची हैं अमित शाह ने परिवार के साथ पूजा की, महादेव का जलाभिषेक किया और दादा के चरणों में शीश झुकायो हेलीपैड पर रेंज आईजी समेत अधिकारियों ने अमित शाह का स्वागत किया, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, सांसद राजेश चुडास भी मौजूद रहे, वीवीआईपी गेस्ट हाउस में भोजन करने के बाद अमित शाह कोडिनार पहुंचे जहां उन्होंने चीनी मिल मैदान में तलाला और कोडिनार चीनी मिलों के पुनरुद्धार और आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी। कोडिनार चीनी मिल परिसर में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री



अमित शाह के साथ सहकारिता मंत्री जगदीश विश्वकर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे कोडिनार चीनी मिल परिसर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण और किसानों के हित में फैसला है जो पीएम मोदी ने किसानों की बात सुनी और एक अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। आज ये तीनों चीनी मिलें पुनर्जीवित हो चुकी हैं। इन चीनी मिलों के चालू होने से 10 हजार किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आने वाला है, ये मिलें किसानों के जीवन में समृद्धि लाएंगी। पीएम मोदी ने इसे चालू रखने का वादा किया था और आज यह वादा पूरा कर दिया है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल में किसी भी प्रधानमंत्री ने वह नहीं किया जो मोदी सरकार ने किया है 2013-14 में कांग्रेस सरकार के दौरान जनसंख्या 60 करोड़ से अधिक थी और कृषि का बजट 22 हजार करोड़ था। 2023-24 में जब मोदी सरकार अस्तित्व में आई तो मोदी सरकार ने 6 गुना बजट बनाया है किसानों के बजट में वर्तमान में 1 लाख 37 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है इसके साथ ही उन्होंने आगे बताया कि, जब ये चीनी मिलें फिर से फलें-फूलेंगी तो तलाला पंथक के किसानों का जीवन धन्य हो जाएगा और फिर से खुशहाली और समृद्धि आएगी लेकिन मेरी सभी से एक प्रार्थना है कि हमें पानी बचाना है और इस काम में हमारा गुजरात पूरे देश में सबसे आगे होना चाहिए।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रोक दी वित्तीय मदद, फटेहाल हो गया नेपाल

**काठमांडू (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वित्तीय मदद रोकने से नेपाल की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नेपाल सरकार मौजूदा खर्चों को पूरा करने में असमर्थ है, हालात इतनी खराब हो चुकी हैं कि नेपाल सरकार को देश के लोगों से लोन लेना पड़ रहा है। नेपाल पर सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। अब यह बोझ दोगुना हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले 7 महीनों में सार्वजनिक कर्ज में करीब 2 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। कर्ज प्रबंधन कार्यालय के अनुसार, बीते साल के जुलाई में सार्वजनिक कर्ज 24.034 लाख करोड़ रुपए था, जो फरवरी तक बढ़कर 26.011 लाख करोड़ रुपए हो गया। नेपाल में सरकारी कर्ज बढ़कर देश के जीडीपी का 45.77 प्रतिशत है। एक दशक पहले तक यह आंकड़ा जीडीपी का 22 प्रतिशत था। वहीं, कुल कर्ज में विदेशी कर्ज 50.87 प्रतिशत है, घरेलू कर्ज 49.13 प्रतिशत है।





दरअसल यूएसएआईडी के 95 अरब रुपए के कार्यक्रमों के स्थगित होने से स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि प्रभावित हुई है। मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) परियोजना भी अमेरिकी सहयोग बंद होने के बाद रुक गई है। इस साल सरकार 18.063 लाख करोड़ रुपए का बजट लागू कर रही है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बजट में करीब दस प्रतिशत की कटौती की गई है।

पिछले सप्ताह सरकार ने नागरिक बचत बांड के माध्यम से 3.5 अरब रुपए का कर्ज जारी किया।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 5 खरब 47 अरब रुपये का सार्वजनिक ऋण जुटाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन चुकौती के लिए केवल 4 खरब 2 अरब रुपए आवंटित किए हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में सरकारी लोन चेतावनी के स्तर पर पहुंच गया है। सुशासन विशेषज्ञ डॉ. ठाकुर प्रसाद भट्ट ने कहा कि सार्वजनिक ऋण में वृद्धि से नेपाल की अर्थव्यवस्था को खतरा हो सकता है। ऋण का सही क्षेत्रों में प्रभावी उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति केपी शर्मा ओली की सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बिगड़ती आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने एक आर्थिक सुधार सुझाव आयोग का गठन किया है, लेकिन सुधार के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

## सीरिया में नई सरकार और बशर के समर्थकों में झड़पें जारी

**बेरूत (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच एक नया मोर्चा खुल गया है। बशर अल असद के वफादारों ने सीरिया में जंग का ऐलान कर दिया है। सीरिया की नई सरकार समर्थित लड़ाकों और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच झड़पों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में मानवाधिकार संगठन के मुताबिक ये हमले अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों की ओर से सरकारी सुरक्षा बलों पर किए गए हमलों के जवाब में किए गए। गांवों पर हमले गुरुवार को शुरू हुए और शुक्रवार को भी जारी थे। इस नई जंग पर सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने भी असद समर्थकों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि गिरती हुई सरकार के कुछ बचे हुए लोगों ने सीरिया को परखने की कोशिश की, जिसे वे समझ नहीं पाए हैं। सीरिया पूर्व से लेकर पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक एकजुट है। उन्होंने कहा कि अगर सीरिया के एक भी प्रांत को नुकसान पहुंचता है, तो बाकी सभी प्रांत उसकी रक्षा के लिए खड़े हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उस देश को फिर बनाना है जिसे आपने नष्ट कर दिया है। हमें आपके खून की जरूरत नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक हालिया झड़पें तब शुरू हुईं जब सरकारी बलों ने गुरुवार को तटीय शहर जबलेह के पास एक वांटेड व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की। इस दौरान असद के वफादारों ने उन पर हमला कर दिया। शुक्रवार को नई सरकार समर्थित लड़ाकों ने शीर, मुख्तारियेह और हफ़्फा गांवों पर हमला किया जिसमें 69 पुरुषों की मौत हो गई। संगठन के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने कहा कि उन्होंने सामने दिखाई देने वाले हर आदमी की हत्या कर दी। बता दें मार्च 2011 से सीरिया में जारी गृहयुद्ध में पांच लाख से ज्यादा लोग मारे गए हैं और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। सीरिया के अधिकारियों ने हमले की बात को स्वीकार किया है लेकिन मृतकों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। दिसंबर की शुरूआत में इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूहों द्वारा असद की सरकार को गिराए जाने के बाद से दोनों पक्षों के बीच झड़पें जारी हैं।

## सुबह-सुबह हिली नेपाल की धरती, डर से लोग आए बाहर, कोई हताहत नहीं

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में शनिवार सुबह हल्की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद लोगा डर के मारे घरों से बाहर आ गए और जान बचाने इधर उधर भागने लगे। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के मुताबिक काठमांडू से करीब 300 किलोमीटर दूर बागलुंग जिले में सुबह 6.20 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 बताई जा रही है और इसका केंद्र जिले का खुखानी इलाका था। इससे पहले शनिवार को ही तड़के 3.14 बजे बागलुंग से करीब 40 किलोमीटर दूर म्याग्दी जिले में झटके लगे। केंद्र ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई इसका केंद्र म्याग्दी जिले का मुरी इलाका था। बता दें नेपाल भूंकप प्रवण वाले क्षेत्रों में आता है। हाल के दिनों में यहां लगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि, जानमाल की नुकसान की कोई खबर नहीं है। पिछले महीने के आखिरी दिन भी नेपाल में भूकंप के भटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक 28 फरवरी की सुबह नेपाल के काठमांडू के पास 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था। इसमें चार लोग घायल हुए थे। भूकंप शुक्रवार को 2.51 बजे दर्ज की गई। भूकंप केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 5.5 बताई, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट और वीडियो शेयर किए गए है, जिसमें बताया गया है कि पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और अन्य इलाकों में भूकंप के झटके लगे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक भूकंप काठमांडू से 65 किलोमीटर पूर्व में सिंधुपालचौक जिले में कोडारी राजमार्ग पर सुबह 2.51 बजे दर्ज किया गया।

## मस्क पर कानूनी शिकंजा! ट्विटर डील को लेकर कोर्ट में होगी पूछताछ

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क को 3 अप्रैल को वॉशिंगटन डीसी में निवेशकों के वकीलों के सामने पेश होना होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 2022 में ट्विटर की खरीद से जुड़ा है। निवेशकों का आरोप है कि मस्क ने जानबूझकर डील को टालमटोल किया और कंपनी की आलोचना कर ट्विटर के शेयर गिरा दिए। इससे उन्हें सस्ते में सौदा करने का मौका मिला। पहले मस्क के वकील उनकी गवाही को लेकर राजी नहीं थे, लेकिन अब उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मस्क ने ट्विटर खरीद को लेकर कई बार अपना फैसला बदला, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। आखिरकार, कानूनी लड़ाई के बाद उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदा और इसे एक्स क्राप नाम से रीब्रांड कर दिया। इस बीच, मस्क अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं और अपनी कई कंपनियों से जुड़े कानूनी मामलों में उलझे हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को की एक संघीय अदालत ने दिसंबर 2023 में एलन मस्क की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एक केस को रद्द करने की मांग की थी। जज ने कहा कि मस्क के बयान वास्तविक स्थिति से काफी अलग थे। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने जनवरी में मस्क पर केस दर्ज किया था। एसईसी का आरोप है कि मस्क ने ट्विटर में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की जानकारी समय पर नहीं दी और शेयरों को गुपचुप तरीके से कम कीमत पर खरीदते रहे। इस वजह से कई निवेशकों ने अपने शेयर सस्ते में बेच दिए और उन्हें 150 मिलियन डॉलर (करीब 1,200 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, रविवार, 09 मार्च, 2025



# पाकिस्तानी गेंदबाज ने खुलेआम मांगी माफी



**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को मुकाबला खेला गया था. इस मैच में भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में बाजी मारी थी. लेकिन इस मुकाबले के दौरान पाकिस्तान के एक खिलाड़ी ने काफी अजीबोगरीब तरीके से विकेट के जश्न मनाया था. इस घटना के बाद इस खिलाड़ी को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल किया गया था. ऐसे में इस खिलाड़ी ने अब अपने विकेट सेलिब्रेशन पर माफी मांग ली है.दरअसल, भारत-पाकिस्तान मैच में स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 52 गेंदों पर 46 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे. उन्हें पाकिस्तान स्पिनर अबरार अहमद ने बोल्ड आउट किया था. इसके बाद अबरार अहमद ने विकेट का जश्न मनाते हुए अपनी गर्दन घुमाते हुए बार-बार गिल को बाहर जाने का इशारा किया था और जोश में उनको आंखें भी दिखाई थीं. लेकिन अबरार अहमद का मानना है कि वह उनके सेलिब्रेशन का स्टाइल है. अबरार अहमद ने बातचीत में शुभमन गिल के विकेट सेलिब्रेशन पर कहा, 'वो मेरा स्टाइल है और इसमें कुछ भी गलत नहीं किया. किसी मैच अधिकारी ने भी मुझे नहीं बताया कि मैंने कुछ गलत किया है. इसके बावजूद अगर किसी को ठेस पहुंची है तो मुझे इसके लिए खेद है और मैं माफी मांगता हूं. मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था.'

# ग्रैंडमास्टर वैशाली ने संभाला पीएम का एक्स हैंडल; कहा- सपना पूरा हो... लड़कियों को प्रोत्साहित करें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने अपने वादे को ध्यान में रखते हुए घोषणा की थी कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संभाले जाएंगे जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये लोगों को खास संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए समर्थन और प्रोत्साहन देने का एक सशक्त संदेश दिया। वैशाली छह साल की उम्र से शतरंज खेल रही हैं और शतरंज की महान खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद की बहन हैं। उन्होंने पीएम मोदी के एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर अपनी यात्रा साझा की और युवा लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने लिखा, वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मैं हमारे प्रधानमंत्री थिरु नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया अकाउंट को संभालने को लेकर रोमांचित हूं और वह भी महिला दिवस के अवसर पर। जैसा कि आप में से बहुत से लोग जानते होंगे, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे कई टूर्नामेंटों में अपने प्यारे देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है।



# रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 9 मार्च को भारत का सामना दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली।

टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

## रोहित की कप्तानी में भारत का प्रदर्शन...

रोहित शर्मा ने 2 टी-20 वर्ल्ड कप, 1 वनडे वर्ल्ड कप, 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 1 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी की। इन 5 आईसीसी टूर्नामेंट में भारत ने 30 मैच खेले, 26 जीते और महज 4 में टीम को हार मिली। हालांकि, रोहित ने जो 4 मैच गंवाए, उनमें से 3 मुकाबले नॉकआउट स्टेज में रहे। इनमें भी 2 हार फाइनल में मिलीं। केवल 1 बार उन्हें एक ही टूर्नामेंट में 2 हार मिली, यह टूर्नामेंट 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप था। तब टीम को ग्रुप स्टेज में साउथ अफ्रीका और सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हरा दिया था।

आईसीसी के 4 टूर्नामेंट होते हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी। इनमें भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी हैं। जिन्होंने टीम को 69त्न मैच जिताए। उनके नाम आईसीसी के 3 टाइटल भी रहे। रोहित मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम 1 ही टाइटल जीत सकी है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में खुद को अधिक समय देने के लिए तैयार शुभमन गिल



**दुबई, एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए कमर कस रहे हैं क्योंकि वह रविवार को अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने के लिए तैयार हैं, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। अहमदाबाद में आईसीसी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में गिल बड़ा स्कोर बनाने में विफल रहे और चार रन पर सस्ते में आउट हो गए, जिसमें भारत छह विकेट से हार गया और तीसरा टूर्नामेंट खिताब जीतने से चूक गया।हालांकि, गिल इस दिल टूटने से आगे बढ़ चुके हैं और अब अधिक परिपक्व हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज उप-कप्तान मानसिक रूप से दबाव को बेहतर ढंग से संभालने और क्रीज पर अधिक समय बिताने के लिए तैयार हैं। रविवार को न्यूजीलैंड के साथ भारत के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी ने गिल के हवाले से कहा, जाहिर है कि उस मैच में कुछ घबराहट थी। गिल ने कहा, (मैंने) बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था... मैं बहुत उत्साहित था (ऐसा लगा) कि मैं उस मैच में हावी होने के लिए समय खो रहा था। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय खुद को दे सकते हैं।

# टीम इंडिया का एक ही उसूल, अगर अच्छा नहीं खेलें तो शिकायत न करें: बल्लेबाजी कोच

**दुबई, एजेंसी।** बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने शुक्रवार को कहा कि यहां लंबे समय तक रहने से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ और इस तरह की आलोचनाएं तभी शुरू हुई जब टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच जीतने शुरू किए। भारत रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। कोटक ने भारत के नेट सत्र के दौरान यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि हमें इस (पिच) से क्या फायदा मिलता है। जब हमने मैच जीत लिए तो लोगों को लगा कि भारत को फायदा मिला। मुझे नहीं पता कि इसके बारे में क्या कहूं। हम सिर्फ ड्रॉ के अनुसार खेले। कोटक ने कहा कि पिच की प्रकृति चाहे जो भी हो, टीम को मैच जीतने के लिए अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एक मैच में, आपको हर दिन अच्छा क्रिकेट खेलना होता है। अगर आप अच्छा नहीं खेलते हैं तो आप शिकायत नहीं कर सकते। और अगर आप अच्छा खेलते हैं तो यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि आपको फायदा हुआ या नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें सिर्फ इसलिए फायदा मिल रहा है क्योंकि हम यहां अभ्यास कर रहे हैं और हम यहां मैच खेल रहे हैं।

कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के विचार से सहमत होते ही दोहराया कि ट्रेनिंग की सुविधा और डीआईसीएस में पिचों की प्रकृति काफी अलग थी। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से अलग-अलग विकेट पर अभ्यास करते हैं। हम थोड़ी अलग पिच पर मैच खेल रहे हैं। हम सभी यह जानते हैं। सिर्फ यही चीज है कि हम यहां खेला। लेकिन ड्रॉ ऐसा ही होता है। इसलिए इसमें और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यहां आने के बाद उन्होंने कुछ बदल दिया और फायदा उठा लिया। कोटक ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि भारत ने कुछ दिन पहले ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को हराने के बाद फाइनल में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की है। सौराष्ट्र के इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मुझे



लगता है कि हमें ऐसा नहीं सोचना चाहिए। हमें बस कोशिश करनी चाहिए और अच्छा क्रिकेट खेलना चाहिए। पिछले मैच के बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। हमें सोचना होगा कि नौ मार्च को क्या करना है।

# भारत की बी-सी टीम भी पाकिस्तान को रौंद देगी: गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबान देश पाकिस्तान का सफर टूर्नामेंट में चंद दिनों के अंदर खत्म हो गया. इसके बाद से पाकिस्तान टीम को अपने ही दिग्गजों से आलोचना सहनी पड़ रही है. आईसीसी टूर्नामेंटों में सभी फॉर्मेट में पाकिस्तान का प्रदर्शन दोयम दर्जे का रहा है. इसके बावजूद पाकिस्तानी टीम के पूर्व हेड कोच जेसन गिलेस्पी का मानना है कि अगर सही खिलाड़ियों को चुना जाए और उनका सपोर्ट किया जाए तो वे किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं.

वहीं जेसन गिलेस्पी ने भारत 1ह्व पाकिस्तान मैचों में कंपटीशन की कमी पर महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर के कमेंट्स पर निराशा व्यक्त की है. गावस्कर ने हाल ही में दावा किया था कि दुबई में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले में मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली टीम की हार के बाद दूसरी या तीसरी श्रेणी की भारतीय टीम पाकिस्तान की मौजूदा वन-डे टीम के लिए खतरा बन सकती है.

गिलेस्पी ने पाकिस्तान पत्रकार साज सादिक द्वारा शेयर वीडियो में कहा- मैं इस बयानबाजी से




सहमत नहीं हूं. मैंने सुनील गावस्कर के कुछ कमेंट्स देखे, इसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय की बी टीम या भारतीय की सी टीम पाकिस्तान की टीम टीम को हराएगी. यह बकवास है, पूरी तरह से बकवास है. अगर पाकिस्तान सही खिलाड़ियों को चुनता है और उन्हें चमकने, सीखने और अपने खेल को डेवलप करने का समय देता है, तो वे किसी को भी हरा सकते हैं. मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं है.

गिलेस्पी ने कहा- पाकिस्तानी खिलाड़ी प्रतिभावान हैं. आपको बस सही तरह की प्रतिभा चुननी है. आपको उनका समर्थन करना होगा और उनके साथ धैर्य रखना होगा. मेरी राय में पाकिस्तान क्रिकेट में धैर्यता की कमी है.




# न्यूजीलैंड भारत को हरा सकता है!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने रविवार (9 मार्च) को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले से पहले भारत को फेवरेट बताया है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मेन इन ब्लू के पास मामूली बढ़त होगी, क्योंकि कीवी टीम मजबूत है। वह एकमात्र टीम है, को भारत को हरा सकती है। भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची। उसने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया। भारत से हारन के बाद न्यूजीलैंड ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा। उसने लाहौर में दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर के साथ फाइनल में जगह बनाई। आईसीसी रिव्यू में रवि शास्त्री ने कहा, अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत फेवरेट पसंदीदा होगा, लेकिन मामूली अंतर से। शास्त्री ने न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ियों को चुना, जो फाइनल में अंतर पैदा कर सकते हैं। उन्होंने रचिन रविंद्र को बेहद प्रतिभाशाली बताया। केन विलियमसन को संत की तरह स्थिर और शांत रहने के चुना। कप्तान मिचेल सैंटनर को बुद्धिमान कप्तान बताया। इसके अलावा कहा कि ग्लेन फिलिप्स एक्स-फैक्टर हो सकते हैं। शास्त्री ने विराट कोहली के मौजूदा फॉर्म को गेम चेंजर बताया। साथ ही विलियम्सन की महत्वपूर्ण मौकों को भुनाने की क्षमता की भी सराहना की।

## कोहली-विलियमसन को लेकर क्या बोले शास्त्री

शास्त्री ने कहा, अब मौजूदा फॉर्म की बात करें तो कोहली। जब विलियमसन हों या कोहली जैसे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में होते हैं और आप उन्हें अपने पहले 10 रन बनाने देते हैं तो वे दिक्कत बन जाते हैं। न्यूजीलैंड से मैं विलियमसन का नाम लूंगा। रविंद्र शानदार युवा खिलाड़ी हैं। लेकिन जब ये खिलाड़ी परिस्थितियों का अंदाजा लगा लेते हैं और आप उन्हें फाइनल में 10-15 रन बनाने देते हैं तो वे दोगुने खतरनाक हो जाते हैं।

## रचिन रविंद्र को लेकर क्या बोले रवि शास्त्री

रचिन रविंद्र को लेकर शास्त्री ने कहा, 25 साल की उम्र में रविंद्र ने पहले ही 50 ओवर के आईसीसी टूर्नामेंट में पांच शतक लगा दिए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। मुझे क्रीज में उनक मूवमेंट पसंद है। वह कट और स्वीप करेंगे। तेज गति से खेलेंगे और उनका टेम्परामेंट बहुत अच्छा है। आप यूं ही बड़े टूर्नामेंट में शतक नहीं बना सकते। आपके पास कुछ न कुछ होना चाहिएऔर मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली है।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी की आईपीएल 2026 में खेलने पर निगाहें

**कराची, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर खेलना चाहते हैं। आमिर ने कहा कि वह 2026 में आईपीएल में खेलने के लिए पात्र होंगे और अगर अवसर आएगा तो वह इसे आजमाना चाहेंगे। आमिर की पत्नी नरजिस, ब्रिटेन की नागरिक हैं और बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ब्रिटेन का पासपोर्ट मिलने की उम्मीद है। इससे उनके लिए आईपीएल में खेलने के दरवाजे खुल जाएंगे। पाकिस्तान के शो हारना मना है में आईपीएल में खेलने को लेकर सवाल पर कहा, नेक्स्ट ईयर तक मेरी अपॉर्चुनिटी बन रही अगर हुआ तो क्यों नहीं। आमिर ने यह भी खुलासा किया कि वह आरसीबी के लिए खेलना पसंद करेंगे। जब शो के होस्ट ताबिश हाशमी ने आमिर से पूछा, जब आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान में उनकी आलोचना की जाएगी तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी?

## वसीम अकरम और रमीज राजा का दिया उदाहरण

आमिर ने नाम लिए बिना कहा, आईपीएल में पाकिस्तानी क्रिकेटर्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन हमारे पूर्व क्रिकेटर कमेंट्री कर रहे थे और फ्रेंचाइजी के कोच भी थे। वह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम के बारे में बात कर रहे थे जो कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के कोच थे और रमीज राजा कमेंट्री करते थे।

## विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं

आमिर ने कहा कि वह विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं और वह बल्ला संजोकर रखे हुए हैं, जो भारत के इस महान खिलाड़ी ने उन्हें 2016 में कोलकाता में टी20 विश्व कप मैच से पहले दिया था। आमिर ने कहा, विराट महान हैं और प्रतिभा की प्रशंसा करते हैं। विराट ने मुझे अपना बल्ला उपहार में दिया और मैं उनके व्यवहार से अभिभूत हो गया। मैं हमेशा से उनकी बल्लेबाजी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं और वह मेरी गेंदबाजी के। मैंने उनके बल्ले से कुछ अच्छी पारियां खेली हैं।

## आरसीबी की किस्मत बदल सकते हैं आमिर

शो के आमिर के साथ अन्य एक्सपर्ट अहमद शहजाद ने कहा कि तेज गेंदबाज आरसीबी की किस्मत बदल सकता है और टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला सकता है। आरसीबी को अपनी गेंदबाजी की समस्या को ठीक करने के लिए आमिर जैसे गेंदबाज की जरूरत है। उनके पास अच्छी बल्लेबाजी इकाई है, लेकिन हमेशा से ही एक समस्या रही है। अगर आमिर, आरसीबी के लिए खेलते हैं तो वह खिताब जीतेंगे। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह को लेकर अपडेट सामने आई है। मुंबई इंडियंस के लिए झटके वाली खबर है।

